राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे

9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, बुधवार, 19 जून 2024

वर्ष 05, अंक 259, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

भारत का विभाजन 1947 के पहले भी हुआ था है...08

बेंगलुरु की अदालत ने प्रज्वल रेवन्ना की न्यायिक हिरासत 14...12

## "अयोध्या" एक और सियासी मुकाबले के लिये रहे तैयार

प्रभु श्री राम की नगरी और अयोध्या लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के हाथों हार का सामना करने वाली भाजपा अपनी शर्मनाक हार का बदला लेने के लिए एक बार फिर समाजवादी पार्टी को अयोध्या अंतर्गत आने वाली मिल्कीपुर विधान सभा के उप चुनाव में पटकनी देने के लिये रणनीति बना रही है। ताकि आम चुनाव में मिली हार के दर्द को कुछ कम किया जा सके। इसके लिये बीजेपी काफी सोच विचार के बाद यहां प्रत्याशी तय करने में लगी है। बता दें मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक अवधेश प्रसाद के सांसद चुने जाने के बाद उनकी यह सीट रिक्त हो गई है, जहां जल्द ही उप-चुनाव होने हैं। वैसे तो चुनाव लड़ने के लिए भाजपा के कई दावेदार सामने आ गए हैं, लेकिन अभी तक किसी का नाम फाइनल नहीं हो पाया है। दावेदारों में पूर्व विधायक से लेकर जिला पंचायत सदस्य और प्रधान तक शामिल हैं। पासी समाज से सबसे ज्यादा नाम सामने आए हैं। यदि सपा ने भी अपनी इस सीट को दोबारा हासिल करने के लिए पासी समाज से उम्मीदवार उतारा तो बीजेपी किसी अन्य जाति के प्रत्याशी पर विचार कर सकती है।



बता दें उत्तर प्रदेश में अगले कुछ महीनों में विधान सभा के लिये उप चुनाव होने वाले हैं। यह वह सीटें हैं जहां के विधायक सांसद बन चुके हैं। ऐसी 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए हलचल अभी से शुरु हो गई है। वहीं सूबे के जिन 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उसमें फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा की मिल्कीपुर विधानसभा भी शामिल है। फैजाबाद से लोकसभा चुनाव हारने के बाद यह सीट भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। जानकारी के मुताबिक अयोध्या की हार से उबरने के लिए बीजेपी मिल्कीपुर की सीट के लिए अपना ट्रंपकार्ड खेलेगी। यहां से भाजपा प्रत्याशी का नाम चौंकाने वाला हो सकता है। बीजेपी यह सीट किसी भी कीमत पर जीतना चाहेगी है जिससे फैजाबाद में मिली हार को बैंलेस किया जा सक।

गौरतलब हो, अवधेश प्रसाद के फैजाबाद लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित होने के बाद यहां अब उप चुनाव होना तय है। अब निर्वाचन आयोग को उप चुनाव की घोषणा करनी है। इसी के साथ लोकसभा चुनाव में हार का सामना करने वाली भाजपा में इस सीट पर एक बार कब्जा जमाने के मकसद से हलचल शुरू हो गई है। पूर्व विधायक रहे बाबा गोरखनाथ अपनी उम्मीदवारी तय मानकर चल रहे हैं। यह अलग बात है कि पार्टी ने अभी कुछ फाइनल नहीं किया है। वैसे भी गोरखनाथ को वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के अवधेश प्रसाद ने 12,923 वोटों से पराजित किया था। इस लोकसभा चुनाव में गोरखनाथ लल्लू सिंह को इस सीट पर नहीं जिता सके। भाजपा को यहां पर 7,733 मतों से हार का सामना करना पड़ा था। गोरखनाथ वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में 28,076 वोटों से जीतकर पहली बार विधायक चुने गए थे। इस बीच गोरखनाथ के अलावा टिकट के दावेदारों के रूप में जो नाम सामने आए हैं, उनमें पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, नीरज कनौजिया, आरएसएस की पृष्ठभूमि से जुड़े रहे जिला महामंत्री कांशीराम रावत, राधेश्याम त्यागी, चंद्रभानु पासवान, लक्ष्मी रावत और जिला पंचायत सदस्य बबलू पासी प्रमुख हैं। इसमें से कई पासी समाज से आते हैं। इस समाज से कई दावेदारों के चलते पार्टी के लिए एक नाम का चयन करना थोड़ा मुश्किल होगा। ऐसे में किसी अन्य बिरादरी से जुड़े चेहरे को भी आजमाया जा सकता है। फिलहाल संगठन ने सभी नामों पर विचार करते हुए दावेदारों की जीत और हार की संभावनाओं को खंगालना शुरू कर दिया है। प्रत्याशी के बारे में अंतिम फैसला स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लेगें।

बता दें 2022 के विधानसभा चुनाव में फैजाबाद लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली पांच में से चार विधानसभा सीटों दरियाबाद, रूदौली, अयोध्या और बीकापुर में भाजपा को जीत मिली थी। वहीं मिल्कीपुर सुरक्षित सीट से सपा के अवधेश प्रसाद जीते थे। यहां तीसरी बार उपचुनाव होगा। 1998 में यहां से सपा के मित्रसेन यादव विधायक थे, जो चुनाव जीतकर सांसद बने थे, 2004 में सपा विधायक आनंदसेन ने विधायकी से इस्तीफा देकर बसपा का दामन थाम लिया था. उपचुनाव में सपा के रामचंद्र यादव विधायक बने. यहां से अवधेश प्रसाद दूसरे ऐसे नेता होंगे जो मिल्कीपुर से लोकसभा जाएंगे। जातीय आकड़ां की बात करें तो यहां कुल वोटर करीब 3 लाख 40 हजार हैं, जिसमें 18 लाख 24 हजार पुरुष जबकि 15 लाख 83 हजार महिला मतदाता हैं. अनुमानित आंकड़े देखें तो यहां 55 हजार पासी, 60 हजार ब्राह्मण, 55 हजार यादव, 30 हजार मुस्लिम, 25 हजार दलित, 25 हजार ठाकुर, कोरी 20 हजार, चौरसिया 18 हजार, वैश्य 12 हजार, पाल सात हजार, मौर्य पांच हजार, अन्य 28 हजार हैं।

फैजाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा की हार से पूरे देश में तमाम सवाल उठ रहे हैं। राम मंदिर बनने के बाद यहां पहला लोकसभा चुनाव हुआ और उसमें भाजपा को असफलता मिली। अब मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र की चर्चा है,जहां चुनाव प्रस्तावित हैं।वैसे मिल्कीपुर के बारे में कहा जाता है कि वह अपने अलग अंदाज के लिये जाना जाता है। यहां सामंतशाही, हिंसा और गरीबी का राज है। वक्त के साथ कुछ कम तो हुआ है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी जड़ें अभी भी मजबूत हैं। कभी इन्हीं जड़ों को हिलाने की कोशिश करने वाले मित्रसेन यादव को दलित-पिछड़े वर्ग के लोगों का साथ मिला था। उन्हें विधायक और सांसद भी बनाया लेकिन 2015 में उनकी मृत्यु के बाद इस वोट बैंक को बचाने और पीड़ितों को अपनी आवाज उठाने वाले की दरकार है। फैजाबाद जिला (अब अयोध्या) की राजनीति में जाति, हिंसा और सामंतशाही हमेशा प्रभावी रही है। मिल्कीपुर विधानसभा भी अछूती नहीं रही। चुनावी रंजिश में कई लोगों की जान जा चुकी है।
















## संक्षिप्त ख़बरें

### कोडर में बिजली कटौती से मचा हाहाकार

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर से सटे कोडर गांव में रविवार की रात से बिजली कटौती के चलते आम जनता में हाहाकार मच गया है बिजली कटौती से लोगों को पानी की भी समस्या आ गई है जेट पंप और समरसेबल नहीं चल सके हैं गर्मी में लोग बेहाल हो गए है सोमवार की शाम तक गांव की बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी है जिससे लोगों के सामने परेशानी दिखाई पड़ रही है प्रदेश के विद्युत मंत्री लगातार विद्युत अधिकारियों की तारीफ कर रहे है विद्युत मंत्री को भी गांव की जनता की समस्या का अंदाजा नहीं है या फिर वह विद्युत अधिकारियों का हौसला बुलंद करके आम जनता को परेशान करना चाहते हैं योगी सरकार को विद्युत मंत्री के इस बयान को ध्यान देना होगा कि प्रदेश की जनता को 24 घंटे बिजली मिल रही है जबकि विद्युत मंत्री का बयान पूरी तरह से झूठ है वह केवल अधिकारियों के बातों का समर्थन कर रहे है और विधुत अधिकारी आम जनता को परेशान कर रहे हैं आखिर विद्युत मंत्री के बयान के पीछे क्या राज है।

### 18 वर्षीय पुत्री के सर से उठा पिता का साया



कौशाम्बी जनपद के विजिया चौराहा कौशाम्बी थाना क्षेत्र के ग्रामपंचायत कोसम इनाम के माजरा नौहाई निवासी जय करन पाल पुत्र पुनी पाल की संदिग्ध अवस्था में रविवार को मृत्यु हो गई थी आपको बतादें कि जयकार की पत्नी बीते 15 वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी थी जिससे कि एक लड़की 18 वर्षीय है।पत्नी के न रहने के बाद जय करन अपने लड़की को माता और पिता फर्ज निभाकर पाल-पोस तैयार किया बेटी के अनुसार सामने रह रहे परिवार के ही व्यक्ति ने जमीन की लालच में आकर उसके पिता को मौत के घाट उतार दिया फांसी पर लटका दिया जय करन की पुत्री का आरोप है कि मैं अपने पिता को खाना दे करके अपने चाचा के घर में सोने चली गई मेरे पिताजी घर के अंदर सो रहे थे तभी सामने परिवार के दूसरे चाचा ने मेरे पिताजी जयकरन को रात में मार कर टांग दिया जब सुबह देखी तो हल्ला मचाना शुरू किया वही पुत्री ने कौशाम्बी थाना पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई वहीं थाना कौशाम्बी पुलिस ने मामले की जांच में जुट गई। और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तो दूसरे दिन शव को अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## राजीव नारायन मिश्र आईजी पीएसी प्रयागराज जोन बनाए गए

स्वतंत्र प्रभात




● कुंभ मेला के दृष्टि गत हुआ स्थानातरण।

**ब्यूरो प्रयागराज।** विगत दिनों शासन द्वारा स्थानांतरित आईपीएस अधिकारी डॉ राजीव नारायण मिश्र, डीआईजी पीएसी सेक्टर कानपुर/वाराणसी द्वारा आज प्रभारी आईजी पीएसी पूर्वी जोन प्रयागराज का कार्यभार ग्रहण किया। विदित हो कि डॉ राजीव नारायण मिश्र द्वारा विगत चार बार से लगातार माघ मेला प्रभारी के रूप में सफलतापूर्वक माघ मेला संपन्न कराया गया है।

सूत्रों की माने तो उनका स्थानांतरण आगामी महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत प्रयागराज किया गया है। डॉ राजीव नारायण मिश्र को पूर्व में राम जन्मभूमि पर हुए आतंकवादी हमले को विफल करने में योगदान देने के लिए महामहिम राष्ट्रपति भारत द्वारा वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है। साथ ही उनको सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक एवं अन्य विभिन्न अलंकरण भी प्राप्त हो चुके हैं।

डॉ मिश्र पूर्व में एसएसपी एसटीएफ, लखनऊ, एसपी कुशीनगर, एसपी ट्रैफिक नोएडा, एसपी एटीएस एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त रह चुके हैं।

## नौकरी के नाम पर कई लड़कियों का शोषण, आरजेडी का दावा, शक्तिशाली राजनेता इसमें शामिल

स्वतंत्र प्रभात




**बिहार** के मुजफ्फरपुर में एक सनसनीखेज मामला दर्ज किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने शिकायत की थी कि नौकरी दिलाने के बहाने उन्हें धोखा दिया गया और कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया। चौंकाने वाले मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने राजनीतिक क्षेत्र के शक्तिशाली लोगों की संलिप्तता का दावा करते हुए सरकार की आलोचना की। मामला तब सामने आया जब एक महिला पुलिस के पास पहुंची। छपरा के शिकायतकर्ता ने अहियापुर थाने में मामला दर्ज कराया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मामले में अब तक नौ लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

सोमवार 17 जून को मुजफ्फरपुर में नौकरी देने के बहाने कई लड़कियों से दुष्कर्म का मामला सामने आया था। यह मामला जिले के अहियापुर इलाके से सामने आया था, जहां कथित तौर पर कई लड़कियों को बंधक बनाकर रखा गया था। रिपोर्टों के अनुसार, उनके "अपहरणकर्ताओं" ने महिलाओं को कॉल सेंटर में नौकरी का वादा करके फुसलाया, लेकिन एक बार जब वे अपने घरों से बाहर चली गई, तो उन्हें एक कमरे में कैद कर दिया गया, पीटा गया और यौन शोषण किया गया। सोमवार को मारपीट का एक वीडियो सामने आया, जिसमें एक महिला को बेल्ट से बेरहमी से पीटते हुए भी देखा जा सकता है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह 2022 में एक फेसबुक पोस्ट के जरिए एक संगठन से जुड़ी थी जो महिलाओं को नौकरी की पेशकश कर रहा था। उसने नौकरी के लिए आवेदन किया और ÷चयनित÷ हो गई। उसके चयन के बाद, शिकायतकर्ता को "प्रशिक्षण" के लिए 20,000 रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया था। रकम जमा करने के बाद उसे अन्य लड़कियों के साथ अहियापुर थाना क्षेत्र के एक कमरे में ठहराया गया। जब उसे तीन महीने बाद भी कोई वेतन नहीं मिला, तो उसने संगठन के एक "अधिकारी" के पास मामला उठाया, जिसने उससे कहा कि अगर वह 50 लड़कियों को "कॉल सेंटर" में ला सकेगी तो उसे पूरा भुगतान किया जाएगा और उससे भी अधिक। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसे और अन्य लड़कियों को बाद में अहियापुर से हाजीपुर ले जाया गया। जल्द ही, आरोपी लड़कियों के साथ रहने लगा और उनका यौन शोषण करने लगा। उनकी मांगें न मानने पर लड़कियों को पीटा जाता था। मुजफ्फरपुर की एसडीपीओ विनीता सिन्हा के हवाले से कहा कि इस बात की जांच शुरू की जाएगी कि पुलिस ने पहली बार में उनकी शिकायत स्वीकार क्यों नहीं की। उन्होंने कहा, "हमारी जानकारी में आया है कि एक कंपनी फर्जी कॉल सेंटर चला रही थी, जिसमें महिलाओं को प्रलोभन देकर उनसे ठगी की जा रही थी। इस संबंध में 9 जून को एफआईआर दर्ज की गई थी। वादी का बयान दर्ज कर लिया गया है। आगे की जांच चल रही है, आगे की कार्रवाई की जाएगी।"

राजद नेता भाई वीरेंद्र ने कहा कि ऐसा हमेशा होता रहेगा. हमारे यहां कुछ राजनीतिक लोग हैं जो लड़कियों की आपूर्ति करते हैं, वे कभी सांसद बन जाते हैं, कभी बिहार के मंत्री बन जाते हैं। इनका काम है सप्लाई करना और महिलाओं के साथ ऐसे दुर्व्यवहार करना। ये सब इनके इशारे पर होता है। उन्होंने सवाल किया कि कौन बनाता है फर्जी कंपनियां? वही लोग जो राज्यसभा जाते हैं, जो बिहार के मंत्री बनते हैं...ऐसे लोगों पर जब शिकंजा कसेगा तो खुलासा करेंगे।

## पीएम फिर से शुरू कर रहे हैं मन की बात , जानें कब से होगा शुरू? कार्यक्रम के लिए भेजें अपने विचार एवं सुझाव

स्वतंत्र प्रभात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को घोषणा की कि उनका मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 30 जून, रविवार को फिर से शुरू होगा। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों के कारण इसे कुछ महीनों के लिए रोक दिया गया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा "यह बताते हुए खुशी हो रही है कि चुनावों के कारण कुछ महीनों के अंतराल के बाद समन की बात वापस आ गई है! इस महीने का कार्यक्रम 30 जून, रविवार को होगा। उन्होंने लोगों से इसके लिए अपने विचार और इनपुट साझा करने का भी आह्वान किया। "MyGov ओपन फोरम, NaMo ऐप पर लिखें या 1800 11 7800 पर अपना संदेश रिकॉर्ड करें।" 30 जून को यह नया एपिसोड 111वां होगा और मोदी ने अपने पिछले एपिसोड में कहा था, "शुभ अंक 1-1-1 से बेहतर क्या हो सकता है।"

प्रधानमंत्री का मासिक प्रसारण आखिरी बार 25 फरवरी 2024 को प्रसारित किया गया था और फिर लोकसभा चुनावों के लिए 3 महीने का ब्रेक लिया गया था। कार्यक्रम के 110वें एपिसोड में मोदी ने पहली बार मतदान करने वालों से चुनाव में रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने को कहा था और कहा था कि उनका पहला वोट देश के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा था, "18 साल की उम्र में आपको 18वीं लोकसभा के लिए सदस्य चुनने का मौका मिल रहा है। इसका मतलब है कि यह 18वीं लोकसभा युवा आकांक्षाओं का प्रतीक भी होगी।"

चुनाव आयोग के आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के दिशा-निर्देश सरकारों से कहते हैं कि वे आधिकारिक कार्यक्रमों या सार्वजनिक वित्त पोषित प्लेटफार्मों का उपयोग किसी ऐसी चीज के लिए न करें, जो सत्तारूढ़ पार्टी को प्रचार या राजनीतिक लाभ देने के लिए देखी जा सकती है।

## राहुल ने पीएम मोदी की चुप्पी पर उठाए सवाल, कहा- पेपर लीक का एपिसेंटर बन चुके हैं भाजपा शासित राज्य

स्वतंत्र प्रभात



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को NEET-UG 2024 परीक्षा में कथित अनियमितताओं पर "चुप रहने" के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की। राहुल गांधी का प्रधानमंत्री पर ताजा हमला सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की खिंचाई करने के तुरंत बाद आया है, जिसमें कहा गया है कि भले ही एनईईटी- यूजी 2024 परीक्षा के संचालन में किसी की ओर से "0.001 प्रतिशत लापरवाही" हुई हो, इसे पूरी तरह से निपटाया जाना चाहिए।

राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि NEET परीक्षा में 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेंद्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं। बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और ये भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का एपिसेंटर बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमारे न्यायपत्र में पेपर लीक के विरुद्ध सख्त कानून बना कर युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने की हमने गारंटी दी थी। विपक्ष की ज़िम्मेदारी निभाते हुए हम देश भर के युवाओं की आवाज़ सड़क से संसद तक मज़बूती से उठा कर और सरकार पर दबाव डाल कर ऐसी कठोर नीतियों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

एनटीए द्वारा आयोजित एनईईटी-यूजी परीक्षा, देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस और आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश का मार्ग है। इस महीने की शुरुआत में, राहुल गांधी ने NEET-UG मेडिकल प्रवेश विवाद को लेकर रविवार को मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि परीक्षा में कथित "अनियमितताओं" ने उनके नए कार्यकाल के लिए शपथ लेने से पहले ही 24 लाख से अधिक छात्रों को बर्बाद कर दिया है। राहुल गांधी ने देश के छात्रों को आश्वासन दिया कि वह संसद में उनकी आवाज बनेंगे और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### विकासखंड अधिकारी बनकटी की कृपा से पंचायत भवनों में लटक रहा ताला



**बस्ती।** विकासखंड बनकटी लगातार पंचायत भवनों के बंद होने की शिकायत मिलती रही जिसका अवलोकन करने पर पता चला कि अधिकांश पंचायत भवन कार्य में नहीं है अर्थात पंचायत भवन में ग्राम पंचायत के जरूरी कार्य जन्म मृत्यु जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को करने के लिए गांव की जनता को शायद ब्लॉक से लेकर तहसील तक का चक्कर लगाना पड़ता होगा क्योंकि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति कोटक पर रखकर ग्राम प्रधान सचिव एवं खंड विकास अधिकारी की कृपा से आम लोगों के लिए बने मिनी सचिवालय वरदान की बजाय अभिशाप साबित हो रहे हैं क्योंकि सुविधा असुविधा में परिवर्तित होती हुई दिखाई पड़ रही है ।

### पति ,पत्नी की आपसी विवाद में पत्नी के ज़हर खाने से की हुई मौत

**बस्ती** बस्ती जिले के हरैया थाना क्षेत्र के पिनेशर गांव में जहर खाने से एक महिला की मौत हो गई है आपको बताते चलें सूचना मिलते ही पुलिस वहां पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में ले लिया घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की बातें हो रही हैं पुलिस मामले की गंभीरता के साथ जांच कर रही है मिली जानकारी के अनुसार पिनेशर गांव निवासी सीताराम गैर प्रांत में रहकर नौकरी करते हैं घर पर उनकी पत्नी सुनीता दो बच्चों के साथ रहती थी 10 दिन पहले उसके पति घर पर आए थे गांव वालों के अनुसार पति और पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था पत्नी दोनों में इतना विवाद बढ़ गया पत्नी ने घर पर रखे हुए ज़हर को खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाना अध्यक्ष ने बताया पुलिस हर बिंदु पर जांच करके उचित कार्रवाई की जाएगी

### जंगली सुअर से जान बचाने को पेड़ पर चढ़ा किसान, पैर फिसने से गिर कर घायल अस्पताल जाते समय मौत



**बस्ती।** बस्ती जिले में सोनहा थाना क्षेत्र स्थित भौखरी गांव निवासी एक किसान सोमवार जंगली सुअर से जान बचाने के लिए भागकर कटहल के पेड़ पर चढ़ गया। सुअर तो चला गया लेकिन किसान का पैर फिसल गया। वह पेड़ से गिरकर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था कि उसकी मौत हो गई। सोनहा थाना क्षेत्र स्थित भौखरी निवासी रामसूरत चौधरी (66) सोमवार को दिन में तकरीबन 11 बजे गांव के दक्षिण सिवान में बेहन देखने गए थे। उन्हें एक जंगली सुअर ने दौड़ा लिया। जान बचाने के लिए रामसूरत भागकर बगल में स्थित कटहल के पेड़ पर चढ़ गए। रामसूरत के पेड़ पर चढ़ जाने के बाद जंगली सुअर चला गया। इधर पेड़ पर चढ़े रामसूरत का पैर हड़बड़ी में फिसल गया और वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में चोट लग गई जिससे वह बेहोश हो गए। कुछ देर बाद रामसूरत का बड़ा बेटा खेत में पहुंचा।उसने पिता को बेहोश पड़े देखा और शोर मचाया। शोर सुनकर गांव के लोग जमा हो गए। रामसूरत को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बस्ती जिले में प्रदर्शनी के प्रबंधक राकेश शुक्ला पर चाकू से हमला,प्रदर्शनी में मचा हड़कप

**बस्ती।** बस्ती जिले में शहर के सक्सेरिया इंटर कालेज परिसर में ग्राउंड पर सोमवार से ड्रीम लैंड प्रदर्शनी चल रही है। प्रदर्शनी के प्रबंधक राकेश शुक्ला को एक युवक ने पास आदि विवाद को चाकू मारकर घायल कर दिया। लहूलुहान प्रबंधक को जिला अस्पताल ले जाया गया है। प्रबंधक राकेश शुक्ला हमलावर को पहचान रहे है लेकिन अभी नाम नहीं बता पा रहा है। घटना के बाद प्रदर्शनी में अफरातफरी मच गई। सोमवार को बकरीद का त्योहार और छुट्टी होने के कारण प्रदर्शनी में भीड़ काफी थी। बताया जा रहा है कि प्रदर्शनी के प्रबंधक राजेश शुक्ला से एक शख्स से पास आदि को लेकर विवाद हो गया। बातचीत के दौरान ही उसने चाकू निकालकर हमला कर दिया। कोतवाल विजय कुमार दुबे ने बताया कि घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पूजा राजभर को बनाया गया सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी सुभासपाकी बैठक रविवार को रोडवेज स्थित पूर्व विधायक रामललित चौधरी के आवास पर हुई बैठक में बीते लोकसभा चुनाव के समीक्षा की गई। राष्ट्रीय सचिव विनोद कुमार राजभर ने कहां की सुभासपा का ग्राफ बढ़ा है पंचायत चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिया गया है बैठक में पूजा राजभर को महिमा मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया। पूजा राजभर ने कहा कि देश में मोदी और प्रदेश में योगी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार एवं सुभासपा ने जितना महिलाओं को बढ़ाया, उतना अन्य दलों की सरकारों ने नहीं किया। इसी वजह से आज सबसे ज्यादा महिलाएं सुभासपा से जुड़ी हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रही हैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उज्ज्वला, आयुष्मान जैसी योजनाएं बनाने और तीन तलाक के लिए कानून बनाने की जरूरत महसूस नहीं होती। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होंगी, तब ही देश भी मजबूत होगा। महिलाएं कमजोर नहीं होतीं, उनके बिना सृष्टि की कल्पना भी व्यर्थ है आगे उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की बात हो या भ्रष्टाचार, अपराध और गुंडागर्दी पर लगाम लगाने की प्रदेश की योगी सरकार सभी में अव्वल रही है। अब महिलाओं को अकेले घर से निकलने में डर नहीं लगता है। पुलिस महिलाओं की सुरक्षा में तत्पर है। रीना भारती को जिला अध्यक्ष दलित प्रकोष्ठ महिला मोर्चा पूर्व प्रधान अजय चौहान को जिला सचिव घोषित किया गया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम ललित चौधरी, प्रबुद्ध पोस्ट के प्रदेश अध्यक्ष बृजभूषण मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील पांडेय, डॉ संजय चौहान, जिला अध्यक्ष मनोज राजभर, विजय चौहान, राम सहाय राजभर, राजेश, श्रीराम, जगराम, संदीप चौहान, शशि प्रताप सिंह, मो0 स्माइल, कृष्णा राजभर, लक्ष्मी देवी आदि लोग मौजूद रहे।

## विश्व योग दिवस का निमंत्रण लेकर जन-जन तक पहुंचे योग शिक्षक; कार्यक्रम में सपरिवार सम्मिलित होने का दिये लोगों को निमंत्रण।

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** विश्व योग दिवस 2024 को एक महोत्सव के रूप में मनाने के लिए पतंजलि योग समिति, इंडियन योग एसोसिएशन, भारत स्वाभिमान समिति ने तैयारियां तेज कर दी हैं। विश्व योग दिवस का निमंत्रण लेकर योग शिक्षक जन-जन को किसान पीजी कॉलेज बस्ती में दिनांक 19 जून से 21 जून तक प्रातः 5 :30 बजे से 7 :30 बजे तक सपरिवार सम्मिलित होने का निमंत्रण दे रहे है

साथ ही डॉ नवीन सिंह गरुड़ ध्वज पाण्डेय, डॉ प्रवेश कुमार, डा वीरेंद्र त्रिपाठी सहित अनेक पदाधिकारी और योग प्रशिक्षक जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलकर उन्हें कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण दे रहे हैं। पुष्पा सिंह सह जिला प्रभारी महिला पतंजलि योग समिति ने महिला योग प्रशिक्षकों को समाज को महिलाओं और बच्चों को योग का महत्व बताकर कार्यक्रम में आने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर डा नवीन सिंह और गरुण ध्वज पाण्डेय ने वरिष्ठ पत्रकार जयंत मिश्रा, समाजसेवी नंदीश्वर दत्त ओझा, एडवोकेट जगदंबा प्रसाद शुक्ल,एडवोकेट महेश शुक्ला, किसान मोर्चा बीजेपी गोपेश्वर त्रिपाठी, राजेश कुमार श्रीवास्तव आजीवन सदस्य भारत स्वाभिमान ट्रस्ट यूनिट बस्ती, वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र शर्मा, अमरेश पाण्डेय, सत्य प्रकाश सिंह, कर्नल के सी मिश्र सहित अन्य लोगों से मिलकर योग प्रोटोकॉल के अभ्यास में शामिल होने का अनुरोध किया। नवल किशोर चौधरी कोषाध्यक्ष भारत स्वाभिमान समिति बस्ती ने बताया कि बस्ती की चारों तहसीलों और सभी ब्लॉकों में पतंजलि के द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जाएगा।

## डीजे का तार लगाते समय करंट के चपेट में आने से युवक की मौत बारात वापस लौटी

**●दुल्हन के भाई की मौत के कारण बगैर दुल्हन लौटी बारात**

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के सरवनपुर पाण्डेय गांव में बीती रात शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गई जब दुल्हन का भाई डीजे लगाते समय करंट की चपेट में आकर गंभीर रूम से झुलस गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कलवारी भेजा गया। डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया।घटना की सूचना मिलते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। बिना शादी के ही बारात वापरा चली गई। जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के सरवनपुर पाण्डेय गांव में बीती रात नगर थाना क्षेत्र से बारात आई हुई थी। द्वार पूजा के बाद जगमाल का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शादी का कार्यक्रम होने वाला ही था इतने में दुल्हन का भाई 18 वर्षीय करन आर्य पुत्र राममिलन डीजे का तार जोड़ने लगा। तार जोड़ते समय वह करण्ट की चपेट में आने से झुलस गया। खुशियां मातम में बदल गई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य कलवारी लेकर पहुंचे। हालत गंभीर देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां पहुंचने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। बाराती बिना शादी के वापस चले गए। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव का दाह संस्कार कर दिया। पुलिस ने बताया इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## तदर्थ शिक्षक के जीविका बचाओ अभियान में शामिल होगा शिक्षक संघ-। चेत नारायण सिंह

**●28 जून की बैठक में तय होगी आंदोलन की रूपरेखा**

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक ने (चंदेल गुट) माध्यमिक तदर्थ शिक्षक संघर्ष समिति द्वारा दिनांक 20 जून को शिक्षा निदेशक माध्यमिक के कार्यालय पर आयोजित धरने का पुरजोर समर्थन किया है। प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह व महामंत्री राम बाबू शास्त्री ने कहा है कि तदर्थ शिक्षकों को विनियमित कराने को लेकर जुलाई माह में प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। हम तदर्थ शिक्षक हितों की रक्षा के लिए कोई भी कुर्बानी देने को तैयार है। संघर्षों के दम पर प्रदेश के एक एक तदर्थ शिक्षक को विनियमित कराया जायेगा।

उन्होंने बताया की माध्यमिक तदर्थ शिक्षक संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के अनुरोध पत्र दिनांक 14 जून 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें तदर्थ शिक्षकों को विनियमित कराने को लेकर दिनांक 20 जून 2024 को "जीविका बचाओ अभियान" के तहत शिक्षा निदेशक माध्यमिक के कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना आयोजित करने का निर्णय लिया गया है जिसका हम पुरजोर समर्थन करतें है।

प्रश्नगत प्रकरण में सादर अवगत कराना है कि दिनांक 10 से 12 जून 2024 के मध्य शुक्रताल मुजफ्फरनगर के ग्रीष्मकालीन शिविर में प्रस्ताव पारित कर तदर्थ शिक्षकों को विनियमित कराने किए चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की गई है जिसके तहत दिनांक 28 जून 2024 को लखनऊ स्थिति प्रदेश कार्यालय पर प्रांतीय कार्य समिति व मंडल अध्यक्ष मंत्रियों की बैठक बुलाई गई है जिसमें भावी संघर्ष की रूपरेखा तय की जाएगी।प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी व अंबेडकर नगर के जिला मंत्री आशाराम वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ तदर्थ शिक्षक हितों की रक्षा के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार है। उन्होंने अनुरोध किया है कि दिनांक 20 जून 2024 को आयोजित धरने में प्रदेश से अधिक से अधिक संख्या में पदाधिकारी व प्रभावित शिक्षक प्रतिभाग करें।

## लोकसभा चुनाव में योगदान के लिये कांग्रेस नेता महेन्द्र श्रीवास्तव सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती ।** सूचना का अधिकार विभाग कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव और गोरखपुर- बस्ती मण्डल प्रभारी महेन्द्र श्रीवास्तव को लोकसभा चुनाव में उनके सक्रिय योगदान के लिये आर.टी.आई. विभाग के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा कांग्रेस कार्यालय नेहरू भवन लखनऊ में समारोह पूर्वक प्रमाण-पत्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आर.टी.आई. विभाग के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि महेन्द्र श्रीवास्तव ने लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस और गठबंधन प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिये अथक योगदान दिया। वे लगातार कांग्रेस की नीति, कार्यक्रमों से लोगों को जोडते हुये कांग्रेस संगठन को मजबूती दे रहे हैं।

सम्मानित होने के बाद यहां जारी विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना का अधिकार विभाग कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव और गोरखपुर- बस्ती मण्डल प्रभारी महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि जरा सी चूक हुई वरना बस्ती मण्डल की तीनों सीटों बस्ती, संतकबीर नगर के साथ ही डुमरियागंज सीट पर भी सफलता मिलती। कहा कि लोकसभा का यह चुनाव सच्चे मायनों में जनता लड़ रही थी। उसका लक्ष्य भाजपा के कुशासन को बदलना था। कहा कि कांग्रेस ने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव के लिये अभी से तैयारियां तेज कर दिया है, निश्चित रूप से पार्टी यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव में निर्णायक जीत हासिल करेगी।

कांग्रेस नेता महेन्द्र श्रीवास्तव को योगदान के लिये सम्मानि किये जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू', पूर्व विधायक अम्बिका सिंह, राम जियावन, वरिष्ठ नेता बसन्त चौधरी, देवेन्द्र श्रीवास्तव, गिरजेश पाल, विश्वनाथ चौधरी, नर्वदेश्वर शुक्ल, प्रशान्त पाण्डेय, जयन्त चौधरी, रफीक खान, सूर्यमणि, अवधेश सिंह, रामप्रीत तौफीक, अतहर, दीन मोहम्मद, रीता साहनी, मंजू देवी, हसीना खातून, पूनम, सुमन आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## 27 स्वास्थ्य कर्मी मिली अनुपस्थित : सभी का रोका वेत, 3 दिन भीतर मांगा जवाब

स्वतंत्र प्रभात



**तुलसीपुर (बलरामपुर)** बलरामपुर के तुलसीपुर स्वास्थ्य केंद्र पर 27 स्वास्थ्य कर्मी सीएचओ अनुपस्थित पाई गई है। सभी का वेतन रोकते हुए 3 दिन भीतर जवाब मांगा गया है। जनपद में आज बकरीद का त्योहार मनाया जा रहा है जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सकों की छुट्टी निरस्त करते हुए सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर आम दिनों के तरह स्वास्थ्य सेवाएं जारी रखने का निर्देश दिया गया है। वही तुलसीपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य उपकेंद्र पर 27 सीएचओं सूचना के बाद अनुस्थित पाए गए जिनका वेतन रोकते हुए जवाब मांगा गया है।

मामले पर जानकारी देते हुए तुलसीपुर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुमंत सिंह चौहान ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजनों को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए रोजाना की तरह स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य सेवाएं देने का निर्देश दिया गया है। जिसके क्रम में आज सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर रोजाना की भांति आए मरीजों का उपचार किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जानने को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी हेल्थ सेंटर पर सीएचओ के मौजूदगी की जानकारी ली गई जिस पर सिर्फ एक केंद्र धनौरा की नीतू कुशवाहा मौजूद मिली और 27 वैलनेस सेंटर के सीएचओ अनुपस्थित मिली है । स्वास्थ्य सेवाओं में मिली लापरवाही को लेकर सभी का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सभी से स्पष्टीकरण मांगा गया है । समुचित जवाब न मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## सीएमओ ने जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर।** सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने जिला अधिकारी महोदय बलरामपुर अरविंद सिंह के निर्देश पर 09 जून को जम्मू में हुई दुर्घटना में घायल मरीजों के सेहत का हाल जानने के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर का निरीक्षण किया। सीएमओ ने दुर्घटना में घायल हुए मरीजों को बेहतर इलाज हेतु उपस्थित चिकित्सकों को निर्देशित किया। सीएमओ ने कहा कि दुर्घटना में घायल मरीजों को सभी आवश्यक मेडिकल व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। लगातार मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा भ्रमण कर मरीजों स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त किया जा रहा है। बताते चलें कि जिला अधिकारी महोदय बलरामपुर के निर्देश पर कल रात को जम्मू दुर्घटना में घायल दो मरीजों दिनेश कुमार उम्र 22 वर्ष निवासी कटिया मधवजोत कोतवाली नगर , विकास वर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी नारायणपुर कोतवाली देहात को जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर में भर्ती कराया गया है, भर्ती कराए गए दोनो मरीजों को शासन प्रशासन की मंशा के अनुरूप दवाएं, जांच ,भोजन व फल आदि की बेहतर व्यवस्था किया गया है । मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राज कुमार द्वारा जम्मू दुर्घटना में घायल मरीज को फल वितरित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने वहां उपस्थित चिकित्सकों को निर्देशित किया किसी भी प्रकार की जांच औषधियां बाहर से कदापि न लिखा जाए तथा भर्ती हुए घायल मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर में हीट वेव से संबंधित तैयारी का भी जायजा लिया , उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राज कुमार से कहा कि हीट वेव से प्रभावित मरीजों को बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। हीट वेव्स से प्रभावित मरीजों का इलाज निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाए तथा हीट वेव के मरीजों के इलाज हेतु आवश्यक औषधियां का भंडारण पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित किया जाए। हीट वेव्स से प्रभावित मरीजों को भर्ती किए जाने वाले वार्डों में कूलर तथा एयर कंडीशन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए, मरीज के पीने हेतु शीतल पेयजल की व्यवस्था अवश्य किया जाए , ओआरएस कार्नर बनाया जाय , ओआरएस , आई वी फ्लूड तथा पैरासिटामोल टैबलेट की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में किया जाय। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने त्यौहार के दृष्टिगत आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था का भी जायजा लिया । उन्होंने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था को चाक चौबंद रखी जाय। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उपस्थित पंजिका का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में चिकित्सकों समेत कुल 13 कर्मी अनुपस्थित मिले। सिद्धांत सिंह चतुर्थ श्रेणी , अर्थनाथ दुबे चतुर्थ श्रेणी, रोहित यादव चतुर्थ श्रेणी,नीलम पांडे चतुर्थ श्रेणी, भारत कनौजिया, विकास पांडे, अखिलेश तिवारी, विनीत मणि त्रिपाठी, निशा चौधरी स्टाफ नर्स, डॉ आर डी रमन, डॉ रुचि पांडे हॉस्पिटल मैनेजर , डॉ तेजवीर सिंह , डॉ शांभवी कलहंस उपरोक्त कर्मचारी/अधिकारी आज दिनांक 17 जून 2024 को अनुपस्थित थे। सभी अनुपस्थित मिले चिकित्सकों व कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने पर आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा।

## खुशनुमा माहौल में अक़ीदत के साथ ईद उल अज़्हा की अदा की गई नमाज़

**●मुल्क़ की खुशहाली तरक्की एंव अमन चैन की मांगी गई दुआएं**

स्वतंत्र प्रभात

**तुलसीपुर /बलरामपुर** जनपद बलरामपुर के सभी ईद गाहो व मस्जिदों में ईदुल अज़हा की नमाज बड़े ही उत्साह के साथ अदा की गई और देश के शांति व खुशहाली के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गई और शांति पूर्ण ढंग से ईदुल अज़हा का पर्व मनाया गया।इसी क्रम में तुलसीपुर नगर नई बाज़ार मदरसा अनवारुल उलूम ईद गाह में हज़ारों मुस्लिमों ने बड़े ही अक़ीदत के साथ ईद उल अज़्हा (बकरीद) की नमाज़ अदा की।ईद उल अज़्हा की नमाज़ जामा मस्जिद के इमाम साहब ने पढाई नमाज़ के बाद खुतबा पढ़ा गया उसके बाद दुआ के लिए हाथ उठाया जिसमें मुल्क हिन्दुस्तान की तरक्क़ी खुश हाली और अमन चैन की दुआओं के साथ ही साथ ईद उल अज़्हा पर्व की खासियत कुरबानी करने के तरीक़ों को अवाम को बताया ।ईदगाह में नगर व आस पास के हज़ारों नमाज़ियों ने नमाज़ अदा की।तुलसीपुर नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा ईदगाह में वजू करने के लिए पानी के टैंकर लगवाने तथा नगर पंचायत के मसाजिदों एंव ईदगाह मार्गों पर चुना रेखांकन किया गया।पूर्व चेयरमैन स्व फ़िरोज़ पप्पू पुत्र अदनान फ़िरोज़ एंव भाई नावेद खान ईदगाह में नमाज़ अदा करने आये हुए नमाज़ियों से गले मिलते हुए सबको ईद उल अज़्हा की मुबारक बाद दिया।तुलसीपुर थाना पुलिस टीम द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखते हुए ईद के नमाज़ को सम्पन्न कराया साथ ही साथ ईद गाह से नमाज़ पढ़के निकले मुस्लिमों से गले मिल नमाज़ियों को ईद उल अज़्हा की मुबारकबाद देते हुए धन्यवाद दिया।तुलसीपुर नगर के तमाम मस्जिदों में ईद उल अज़्हा की नमाज़ खुश नुमा माहौल में अदा की गयी।नगर के तमाम मसजिदों की सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखते हुए पुलिस प्रशासन का कार्य सराहनीय रहा।छोटे छोटे बच्चों नवजवानों में ईद की खुशियाँ देखने को मिली लोग एक दूसरे के गले मिलकर मुबारक बाद देते नजर आये।

## एक साथ चार सगी बहनों की डूबने से हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात



**उतरौला (बलरामपुर)** राजू की चार लड़कियां अपने ननिहाल मसिहाबाद ग्रिन्ट में नाना अहमद अली के यहां बकरीद का त्योहार मनाने सोमवार को गई थीं। दोपहर चार बजे के करीब चारों गर्मी से ऊब कर गांव के पास स्थित कुआनो नदी चली गईं। बकरीद त्योहार को ननिहाल में मनाने आई चार लड़कियां कुआनों नदी नहाने चली गई। गहराई में जाने से वह डूब गई और चारों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने शवों को नदी से निकाला, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। चार लड़कियों की मौत से गांव में कोहराम मचा है।

थाना रेहरा बाजार के कालूबनकट के निवासी राजू की चार लड़कियां अपने ननिहाल मसिहाबाद ग्रिन्ट में नाना अहमद अली के यहां बकरीद का त्योहार मनाने सोमवार को गई थीं। दोपहर चार बजे के करीब चारों गर्मी से ऊब कर गांव के पास स्थित कुआनो नदी चली गईं। घर से बकरी लेकर निकलीं और बताया कि चराने जा रही हैं। कुछ देर बाद चारों नहाने के लिए नदी में चली गईं। गहरे पानी में जाने से डूबने लगीं तो शोर मचाया। जब तक गांव के लोग आते, तब तक चारों डूब गईं। स्थानीय लोगों ने चारों को कड़ी मशक्कत के बाद करीब शाम सात बजे निकाला। चारों की मौत डूबने से हो चुकी थी। जिसमें रेशमा (13), अफसाना (11), गुड्डी (9) लल्ली (7) की पहचान हुई। चारों राजू की बेटियां थीं।

घटनास्थल पर सूचना के बाद उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार, तहसीलदर शैलेन्द्र सिंह, सीओ उतरौला प्रमोद कुमार मौके पहुंचे। एसडीएम ने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने घटना पर दुख जताया। कहा कि नियमानुसार पीड़ित परिवार को राहत सहायता दी जाएगी। मौके पर टीम भेजकर रिपोर्ट ली गई है

## न्यायालय में मुकदमा बिचारा धीन होने के बावजूद पीड़ित की भूमि पर दबंग अवैध तरीके से कर रहा है कब्जा

स्वतंत्र प्रभात




**बलरामपुर** शिकायतकर्ता ने बताया पुलिस प्रशासन तथा राजस्व विभाग के मिली भगत से प्रार्थी के जमीन पर दबंगों के द्वारा किया जा रहा बुनियाद भरा कर भवन निर्माण कराने का कार्य पीड़ित परिवार द्वारा 112 नंबर तथा पुलिस विभाग से की गई शिकायत के बावजूद भी नहीं हो रही कोई सुनवाई जिससे दबंग का हौसला है बुलंद पीड़ित परिवार न्याय के लिए खा रहा दर दर की ठोकर मामला तहसील तुलसीपुर थाना गौरा चौराहा के अंतर्गत ग्राम महुआ निवासी राम धीरज के पैतृक जमीन गाटा संख्या 264 जो एक कीमती जमीन का है इस जमीन पर जैतापुर के निवासी बच्चा राम पुत्र जयकरण जो जबरन कब्जा करके प्रार्थी के जमीन पर पक्की भवन का निर्माण करने की काफी दिनों पहले भी कुछ जमीनों पर कब्जा कर लिए थे तथा जो शेष जमीन बची है उस पर भी इस समय विपक्षी लोगों द्वारा पक्की भवन बनाने का कार्य किया जा रहा है जिसका मुकदमा माननीय उच्च न्यायालय हाई कोर्ट लखनऊ में चल रहा है तथा विपक्षी को माननीय हाई कोर्ट द्वारा नोटिस भी दे रखी गई है फिर भी अपने दबंगई तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन तथा राजस्व विभाग के मिली भगत से इस जमीन पर फिर से नए सिरे से विपक्षी बच्चा राम द्वारा बुनियाद डालकर पक्की भवन निर्माण करने का कार्य किया जा रहा 15 जून प्रार्थी ने इसकी शिकायत 112 नंबर पुलिस से की लेकिन मामले का कोई हल नहीं निकला और विपक्षीगढ़ पीड़ित के जमीन पर जबरन बुनियाद डाल कर पक्की भवन का निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं इस संबंध में शांति व्यवस्था को देखते हुए कार्रवाई की जा रही है मौके पर शांति व्यवस्था कायम है

# संक्षिप्त ख़बरें

## डीसीपी यातायात ने की ई बस, अधिकारियों के साथ बैठक



**कानपुर।** आज को यातायात भवन में डीसीपी यातायात महोदया द्वारा ई-सिटी बस के अधिकारियों की मीटिंग आहूत की गई। बसों के चौराहा पर खड़े करने हेतु एवं ड्राइवरों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी कराने हेतु निर्देशित किया गया। दरअसल ई बस चालक कही सवारी उतारने व बैठालने के लिए बस खड़ी कर दिया करते हैं जिससे जाम लग जाता है। जब कि सिटी में काई जगह सिटी बस के लिए बस स्टाप बने हुए हैं।

## कानपुर सेंट्रल पर चक्कर खाकर गिरने के बाद मुख्य आरक्षी की मौत




**कानपुर।** मुख्य आरक्षी बृज किशोर सिंह जो कि पुलिस लाइन कानपुर नगर में नियुक्त थे, आज दिनांक-18.06.2024 को 03 दिवस अवकाश पर रवाना होकर अपने घर झाँसी जा रहे थे, कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन पर अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े, सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उपरोक्त जानकारी देते हुए सहायक पुलिस आयुक्त, कलक्टरगंज मो0 मोहसिन खान ने बताया कि आगे की आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## अनोखे अंदाज में मनाया पितृ दिवस

**सृष्टि द्वारा रिक्शा चालकों और वृद्ध जनो संग मनाया गया पितृ दिवस।**



पितृ दिवस ओर गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर रिक्शा चालक, ऑटो चालको, रेहड़ी वालो को और गार्ड लोगो को और वृद्ध आश्रम में जीरा बोतल पक्षियों के परिंदे (सकोरे), टोपी, ओआरएस घोल के पैकेट, बाटे गए। डी.सी.मॉडल.सीनियर.सेकंडरी स्कूल कक्षा 3 की छात्रा सृष्टि गुलाटी ने जन सहयोग से फ़रीदाबाद हरियाणा के सेक्टर 19 के वृद्ध आश्रम ओर ओल्ड फ़रीदाबाद मेट्रो स्टेशन के पास रिक्शा चालकों और ऑटो चालको को पितृ दिवस और गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर 100 जीरा बोतल, 40 टोपी,100 ओआरएस घोल के पैकेट, 20 पक्षियों के परिंदे (सकोरे) वितरित किए गए। सभी ने सृष्टि बेटी को खूब सारा प्यार और आशिर्वाद दिया। सभी ने कहा की आज के समय पर बच्चो को इस तरह के संस्कार देने चहिए। आज इस बेटी के द्वारा हम सभी को जो प्यारा और सम्मान दिया गया वह दिल को छू गया। सेवा का यह भाव सृष्टि के साथ सभी को प्यार भरा अनुभव सीखा गया।

## सूचना

मेसर्स- ईश्वर सिंह पता- 159/1, चन्दरनगर,आलमबाग,लखनऊ जिसका पंजीकरण संख्या-202747 है। उक्त फर्म के प्रथम साझीदार, ईश्वर सिंह पुत्र स्व0 घुरिया सिंह व द्वितीय साझीदार, संजय सिंह पुत्र श्री ईश्वर सिंह साझीदारी थे, दिनांक 28-04-2024 को प्रथम साझीदार ईश्वर सिंह का निधन हो गया है इनके स्थान पर नये साझीदार श्री हरिनाम सिंह पुत्र स्व0 ईश्वर सिंह को दिनांक 28-04-2024 से सम्मिलित किया गया है वर्तमान में प्रथम साझीदार श्री संजय सिंह व द्वितीय साझीदार श्री हरिनाम सिंह साझीदार होगें।

**(संजय सिंह)**
**साझीदार**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं वरुण कुमार पुत्र कृष्ण मुरारी, रूद्र नगर, अस्ती रोड, बक्शी का तालाब, लखनऊ, का निवासी हूं। मेरी पत्नी स्वर्गीय प्रीति शाक्य पुत्री नंदकिशोर शाक्य का हाउसिंग लोन पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से चल रहा था। 21-10-2023 को मेरी पत्नी का स्वर्गवास हो गया था। अपनी पत्नी के नाम चल रहे हाउसिंग लोन को मैंने अदा कर दिया है, मैं अपनी संपत्ति के मूल विलेख वापस प्राप्त करना चाहता हूं। इस विषय में यदि किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से संपर्क करें। अवधि समाप्त होने के बाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

**वरुण कुमार**
**मो न 9838573758**

# लूट और हत्या के वांछित अभियुक्तों को हनुमंत विहार पुलिस ने पकड़ा

**● पुलिस द्वारा अंदर 12 घंटे में किया गिरफ्तार लूट के आशय से की थी हत्या, कैब के ड्राइवर की थी लूट की योजना।**





**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर।** थाना हनुमंत बिहार की पुलिस ने अंदर 12 घंटे में कैब ड्राइवर की हत्या करने का खुलासा किया है। कैब ड्राइवर की लूट की बनाई थी योजना। घटनाक्रम के अनुसार डीसीपी अंकिता सिंह ने बताया कि अभियुक्त पैसों के लालच एवं जल्द अमीर बनने की इच्छा के लिए पूर्व से सुनियोजित योजना के तहत घंटाघर से अपने निवास स्थान मकसूदाबाद जाने के लिए कैब बुक करते थे परंतु देहात क्षेत्र होने के कारण कैब ड्राइवर राइड कैंसिल कर देते परंतु अभियुक्तों द्वारा कैब ड्राइवर को अधिक रुपए देने के नाम पर बुक हुई राइड को कैंसिल कर उसी गाड़ी में बैठ कर मकसूदाबाद क्षेत्र स्थित नौरंगाबाद पुलिया के पास सुनसान जगह देखकर व मौका पाकर ड्राइवर से लूटपाट करना चाहा जिसका विरोध करने करने पर ड्राइवर की थर्माकोल कटर से गला काटकर हत्या कर देना और उक्त गाड़ी को बेचने के आशय से अपने साथ ले जाते और मृतक को कहीं छिपाने के उद्देश्य से पनकी कपली अंडर पास सुनसान जगह झाड़ियों के किनारे फेंक दिया।

इसके उपरांत गाड़ी को खेरेश्वर मंदिर ले जाकर गाड़ी की धुलाई करना जिससे साक्ष्य मिट जाये जिसके बाद गाड़ी को जवाहरपुरम पनकी में 'सुनसान बने फ्लैटों के बीच झाड़ियो के किनारे खड़ी कर दिया। पुलिस आयुक्त कानपुर नगर एवं अपर पुलिस आयुक्त कानपुर नगर के आदेशानुसार व पुलिस उपायुक्त दक्षिण एवं अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण के निकट निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त नौबस्ता के कुशल पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाये जा रहे अपराध रोकथाम व अपराधियो की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 13.06.2024 को सूचनाकर्ता जीजा नारायण सिंह पुत्र स्व 0 भीखम सिंह निवासी अर्रा नई बस्ती नन्द लाल नगर आराजी नं. 1560 थाना हनुमंत विहार कानपुर नगर ने अपने साले पुष्पेंद्र सिंह उम्र करीब 35 वर्ष की गुमशुदगी की दर्ज कराई गयी थी। जिसकी जांच उ.नि. कप्तान सिंह द्वारा की जा रही है।

जांच के क्रम में जानकारी हुई कि गुमशुदा पुष्पेंद्र सिंह का शव थाना पनकी क्षेत्र में मिला है जिसकी शिनाख्त हेतु मौके पर परिजन को फोटो व कपड़े आदि दिखाये गए जिनके द्वारा शिनाख्त करते हुए कहा कि यह पुष्पेंद्र है। जिसके क्रम में वादी श्री नारायण सिंह द्वारा अपने साले की हत्या कर देने के संबंध में थाना पर मु.अ.सं. 259/24 धारा 302/201 आईपीसी बनाम अज्ञात के पंजीकृत किया कराया गया। हत्या के सफल अनावरण

हेतु टीम गठित की गयी । गठित टीम द्वारा तत्परता से घटना का अनावरण कर एक अभियुक्त निखिल,भदौरिया व एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से एक अभियुक्त विशाल पाल भाग गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद आला कत्ल व एक अदद मृतक की वैगन-आर कार बरामद किया गया।

बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 392/411/34 आईपीसी की बढ़ोत्तरी की गयी । एक अभियुक्त उपरोक्त व बाल अपचारी को न्यायालय पेशी हेतु रिमांड पर हनुमंत विहार पुलिस द्वारा भेजा जा रहा है।

# अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम में बिना हथियार के हो रही मरीजों से लूट; अस्पताल का रजिस्ट्रेशन का नदारद

**स्वतंत्र प्रभात**

**सुपौल:** जिले के त्रिवेणीगंज शहर में कुकुरमुत्ते की तरह सैकड़ो नर्सिंग होम और पैथोलॉजिकल जांच केंद्र खुल गये हैं. जिनपर स्वास्थ्य विभाग का कोई अंकुश नहीं है. जिनके द्वारा मरीजों का आर्थिक और शारीरिक दोनों रूप से शोषण किया जा रहा है या यूं कहें कि उनसे इलाज के नाम पर लूट की जा रही है. अगर ऐसे नर्सिंग होम की जांच की जाए तो ना तो उनके पास कोई रजिस्ट्रेशन होता है और ना ही उनके पास कोई वैध डिग्री होता है. हालांकि अवैध नर्सिंग होम में मरीज की मौत होने के बाद हंगामा होने पर प्रशासन जगाता है और कार्रवाई भी करता है, लेकिन फिर शराब की कुख्यात अड्डों की तरह पहले की तरह सब कुछ सामान्य हो जाता है, मुख्यालय स्थित अधिकांश अवैध अस्पताल सरकारी डॉक्टरों के भरोसे चल रहे हैं।, ताजा मामला अनुमंडल अस्पताल के सामने से आ रही है जहां त्रिवेणीगंज अनुमंडल अस्पताल में तैनात डॉक्टर बी पासवान सरकारी नियमों की धजिया उड़ाते हुए अवैध रूप से बिना रजिस्ट्रेशन के सरकारी अस्पताल के सामने नीजी नर्सिंग होम (रेखा पॉली क्लिनिक चाईल्ड केयर सेंटर) के नाम से? खोल रखा है, आप तस्वीर में देख सकते हैं, इस अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी की सेवा उपलब्ध होने की हेडिंग बोर्ड लगा रखी है, जहां सरकारी अस्पताल में तैनात डाक्टर बीएन पासवान अपनी ड्यूटी पर कम और प्राइवेट अस्पताल में ज्यादा समय देते हैं। अवैध अस्पताल खोलकर मरीज को देखने से लेकर ऑपरेशन करने तक की जिम्मेदारी यह डॉक्टर साहब निभाते हैं। ऑपरेशन करने के बाद मरीजों को अप्रशिक्षित लोगों के हवाले कर डॉक्टर चले जाते हैं। बगैर रजिस्ट्रेशन के अवैध अस्पताल सिविल सर्जन के रहमोकरम पर संचालित हो रहे हैं। शिकायत के बाद भी इन अस्पताल संचालकों के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाती है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों की मानी जाए तो शिकायत के बाद अस्पताल संचालक के पास नोटिस भेजकर बुलाया जाता है। फिर इनसे सेटिंग करके सप्ताह भर अस्पताल बंद रखने के लिए कहा जाता है। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की जेब गर्म हो जाती है तो संचालक को अस्पताल खोलने के लिए अनुमति दे दी जाती है। बुद्धिजीवियों की माने तो सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को सेटिंग वाले प्राइवेट अस्पताल में इलाज करने के लिए बुलाते हैं। मरीजों से मोटी रकम लेकर उनका ऑपरेशन भी




किया जा रहा है। नतीजा यह कि सरकारी अस्पताल दिनोंदिन बदहाल होते जा रहे हैं। मरीजों को यहां जानबूझकर सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। कोई न कोई कमी बताकर डॉक्टर बीएन पासवान रेफर कर देते हैं। डॉक्टर के दलाल ही मरीजों को सेटकर सेटिंग वाले अस्पताल में लेकर पहुंच जाते हैं। बाद में सरकारी अस्पतालों के डाक्टर ही प्राइवेट अस्पतालों में उनका इलाज और आपरेशन करते हैं। इनके आदमी पूरे क्षेत्र में फैल हुए हैं। यह गरीबों का शोषण कर मरीजों को अपने जाल में फंसा कर निजी अस्पतालों में ले जा रहे हैं और उनसे मोटी रकम वसूल रहे हैं। जानकारी के मुताबिक डाक्टर बीएन पासवान पुर्व में रेफर अस्पताल में प्रतिनियुक्ति डॉक्टर आरपी रमन के दामाद है, डॉ आरपी रमन की निजी आवास में यह अवैध रूप अस्पताल खोल रखी है,

# बैंक की डिटेल गूगल पर डालने से उड़े रुपए, वापस दिलाए

**● गलत ट्राजेक्शन की शिकायत करने के लिए गूगल पर सर्च किया बैंक का मोबाइल नम्बर, साइबर अपराधियों ने बनाया शिकार, एक लाख 75 हजार रुपए निकले साइबर क्राइम सेल ने तत्काल कार्यवाही शुरू करते हुए पीड़ित के पूरे पैसे कराए वापस।**



**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर।** गलत ट्राजेक्शन की शिकायत दर्ज करने के लिए गुगल पर एक व्यक्ति द्वारा बैंक का मोबाइल नम्बर सर्च किया गया, साइबर अपराधियों ने उसके खाते से एक लाख 75 हजार रुपए का शिकार बना दिया।

फ्राड की जानकारी होते ही पीड़ित ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज की साइबर क्राइम सेल ने तत्काल कार्यवाही करते हुए पीड़ित के पूरे पैसे कराए वापस बैंक की निजी जानकारी शेयर करते ही पीड़ित के बैंक खाते से उड़ गए 1 लाख 75 हजार रूपए। जागरूकता ही साइबर अपराध से बचने का एकमात्र उपाय। घटनाक्रम के अनुसार म्योर रोड कानपुर निवासी जयदीप वर्मा अपने बैंक खाते से

अपने घर के किसी सदस्य के बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर कर रहे थे जो गलती से कहीं और ट्रांसफर हो गए थे तो ट्राजेक्शन को रोकने के लिए व शिकायत दर्ज करने के लिए पीड़ित ने गूगल पर ऑनलाइन बैंक का मोबाइल नम्बर सर्च किया जहां पीड़ित को बैंक के नाम के साथ एक मोबाइल नम्बर मिला पीड़ित ने उस मोबाइल पर फोन किया तो सामने से बोल रहे व्यक्ति ने खुद को बैंक कर्मी बताकर उनके मोबाइल मे एक एप्लीकेशन

डाउनलोड कराया और बैंक की निजी जानकारी लेकर पीड़ित के साथ 1,75,200/- रू. की ऑनलाइन साइबर ठगी कर ली।

**पीड़ित को आभास होते ही तुरन्त क्राइम ब्रांच**

साइबर क्राइम सेल में आकर इस सम्बन्ध में शिकायत सं. 306/2024 दिनांक 12.06.2024 को दर्ज किया जिसके बाद साइबर साइबर सेल ने तुरन्त प्रकरण संज्ञान लेकर सम्बन्धित मर्चेंट से पत्राचार किया व पूरे पैसे होल्ड करा दिए तथा पीड़ित के पूरे पैसे 3 दिन में वापस हो गए। पीड़ित ने साइबर सेल आकर अपनी खुशी जाहिर की और धन्यवाद दिया। डीसीपी क्राइम कमिश्नरेट कानपुर नगर ने बताया कि साइबर अपराधी नित नए नए पैतरें अपनाकर लोगों को अपने जाल में फंसाते है, इंटरनेट अब हमारी जिंदगी का सबसे खास हिस्सा बन चुका है, ऐसे में गूगल पर किसी कस्टमर केयर का नंबर या हेल्पलाइन नंबर सर्च करते समय जरूरी है कि आप सतर्क रहें, यह साइबर अपराधियों का नम्बर हो सकता है। साइबर अपराध होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करके व cybercrime.gov.in पर शिकायत अवश्य दर्ज करें। सतर्क रहें, जागरुक रहें, सुरक्षित रहें।

# निर्जला एकादशी पर खुशियों का खजाना ट्रस्ट ने बांटे मिक्स फ्रूट जूस

**स्वतंत्र प्रभात**



नियम शास्त्रों के अनुसार ज्येष्ठ माह निर्जला एकादशी पर दान पुण्य करने से घर में सुख समृद्धि और खुशहाली का आगमन होता है। पापों का नाश होता है। बिगड़े कार्य पूरे होते हैं। खुशियों का खजाना भारत विकास ट्रस्ट हमेशा मौसम अनुसार अनेकों तरह के दानपुण्य की कोशिश करता है। ट्रस्ट के द्वारा इस भीषण गर्मी में तो कई दिनों से लगातार जगह-जगह जूस शरबत फ्रूट इत्यादि की सेवा चल रही है क्योंकि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा धर्म माना गया है। इसी उद्देश्य से खुशियों का खजाना भारत विकास ट्रस्ट ने लगातार दो दिन झुग्गी झोपड़ियां में जरूरतमंदों के बीच मिक्स फ्रूट जूस की बोतल शरबत पानी की छवील लगाई। इस सेवा में कमलेश गोयल , अनु जैन,सरोज गोयल, आशा सिंगल, निर्मल जिडमिन,ममता पाली, विम्मी भटनागर ,अर्चना सिंह, कांति शर्मा, सुजाता व ट्रस्ट की संस्थापक उमा गर्ग का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने 500 से अधिक जूस की बोतल शरबत व दूध रुहफ्जा की छविल लगाई। सेवा के समय वसुधैव कुटुंब योग ग्रुप की बहुत सी बहने उपस्थित थीं। महिलाओं ने पहले प्रतिदिन की भांति अपना योग अभ्यास किया और उसके उपरांत सड़कों पर सेवा देने निकल पड़ी। हिंदू मान्यता अनुसार जेयष्ठ की निर्जला एकादशी बेहद खास है। इस दिन पंखा फल शरबत चीनी इत्यादि का दान बहुत महत्व रखता है। इस तरह दान करने से बिगड़े कार्य पूरे होते हैं। प्रिंसेस पार्क सेक्टर 86 की समिति के पास बन रहे स्कूल के मजदूरों को भी फ्रूट जूस बॉटल देकर उनको खुशी का एहसास कराया। आशा, शिखा, कमलेश, ज्योति खन्ना, कांति शर्मा, अर्चना सिंह ,साहिबा अल्पना ममता और भी बहुत सी बहनें सेवा के समय उपस्थित थीं। संस्था ने ऐसी झूलसती धूप गर्मी से बेजुबान जानवर व



परिंदों को बचाने हेतु मिट्टी के बर्तनों में पानी भरकर रखने की भी सेवा दी। नर सेवा ही नारायण सेवा है भारतीय संस्कृति का संरक्षण संवर्धन करने हेतु हम सभी को इस प्रकार की सेवा में व्यस्त रहकर और सभी को सेवा की ओर प्रेरित करना हमारा परम कर्तव्य है यही असली धर्म है।

# राजधानी लखनऊ में बड़े मंगल पर हुआ भंडारा, हजारों भक्त पहुंचे

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ** में आखिरी बड़े मंगल के अवसर पर कपूरथला चौराहे के एफ आई प्लाज़ा के सामने अमेरिकन कोचिंग के रीजनल डायरेक्टर मनीष राघव के तत्वाधान में भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें पूड़ी, सब्जी, बूंदी , और केला प्रसाद के रूप में वितरित की गई। इस दौरान भंडारे के आयोजक मनीष राघव, व उनकी फैकल्टी के अन्य सदस्य जिनमे मुख्य तौर पर विजय जोशी , शबाना ख़ान , आदर्श कुमार ऋतिक पांडेय नितिन मिश्रा सपना गुप्ता प्रीति गौतम कार्तिक जलोटा पत्रकार विपिन शुक्ला आदि सभी ने साथ मिलकर इसे पूरा किया।



इस दौरान प्रसाद के रूप में सब्जी, पूड़ी, बूंदी व केले की व्यवस्था की गई। काफी संख्या में श्रद्धालु भंडारे का प्रसाद लेने के लिए पहुंचे।

आखिरी मंगलवार को हनुमान जी की पूजा करने से जीवन में सभी दुख तकलीफ दूर हो जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार बुढ़वा मंगल को



महाभारत काल से जुड़ा हुआ माना जाता है। बड़े मंगल के अवसर पर क्षेत्र में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया जिनमें काफी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद लेने के लिए पहुंचे। अमेरिकन इंस्टिट्यूट के द्वारा हर साल इस भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमे अमेरिकन की सारी शाखाएँ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती हैं।

# खंड विकास अधिकारी रुपईडीह के नेतृत्व में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात**

**रूपईडीह।** जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपीस तिहुं लोक उजागर के सुंदर गीत व संगीत के साथ ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सुबह से ही सुंदरकांड का पाठ एवं पूजा अर्चना कर लोगों ने प्रसाद वितरण किया। जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

तेज धूप एवं भीषण गर्मी में भी लोगों की आस्था वीर बजरंगबली के प्रति भारी रही। डीजे व साउंड पर हनुमान चालीसा एवं हनुमान जी की सुंदर भजन के साथ ब्लाक मुख्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों, आर्यनगर के सरयूनहर पर सप्लाई इंस्पेक्टर के नेतृत्व में सभी कोटेदार व कौड़ियां के शिव सीमेंट लायंस के पास क्षेत्र के व्यापारियों ने पूजा अर्चना करते हुए स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण किया। जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसमें एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह, एडीओ आईएसबी मोहम्मद आजम खां, ग्राम पंचायत सचिव यमुना प्रसाद, राजेश चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी गरिमा यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी राधे रमण प्रजापति, फार्मासिस्ट कुलदीप त्रिपाठी अखिलेश राम सहाय भारती शिवकुमार पासवान आसाराम पासवान क्रांति शुक्ला प्रदीप शुक्ला पंकज पांडेय,विकास मिश्रा, एमपी, बीरेंद्र तिवारी, ननकऊ शुक्ला , विजय शंकर शुक्ला, गिरजा दयाल शुक्ला, त्रियुगी नारायण शुक्ला, मुन्ना मिश्रा, अजय बाबू तिवारी, ननके पांडेय, संतोष शुक्ला, वासुदेव शुक्ला,करिया तिवारी रहे।




# क्षेत्र में जगह-जगह हुआ ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार को भंडारा

**● देवरिया कला के संघार बाबा स्थान पर भी लोगों ने किया विशाल भंडारा का आयोजन**



**स्वतंत्र प्रभात**

**रूपईडीह।** जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपीस तिहुं लोक उजागर के सुंदर गीत व संगीत के साथ ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सुबह से ही सुंदरकांड का पाठ एवं पूजा अर्चना कर लोगों ने प्रसाद वितरण किया। जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

तेज धूप एवं भीषण गर्मी में भी लोगों की आस्था वीर बजरंगबली के प्रति भारी रही। डीजे व साउंड पर हनुमान चालीसा एवं हनुमान जी की सुंदर भजन के साथ ब्लाक मुख्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों, आर्यनगर के सरयूनहर पर सप्लाई इंस्पेक्टर के ने तृत्व में सभी कोटेदार व कौड़ियां के शिव सीमेंट लायंस के पास क्षेत्र के व्यापारियों ने पूजा अर्चना करते हुए स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण किया।

मल्लापुर सेमरा रोड हनुमान जी के मंदिर पर सूरज मिश्रा के द्वारा भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सहयोगी सुरेंद्र बाजपेई, सुमित पांडेय, राज पांडेय, पुण्डरिक शुक्ला चंदन मिश्रा अनुराग ओझा मुकुल नेता एवम सभी कार्यकर्ता

जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसमें एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह, एडीओ आईएसबी मोहम्मद आजम खां, ग्राम पंचायत सचिव यमुना प्रसाद, राजेश चौधरी, गरिमा यादव, सबीना परवीन, पंकज पांडेय,विकास मिश्रा, एमपी,राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, बीरेंद्र तिवारी,संतोष मिश्रा,शिवाकर शुक्ला, शिव शंकर शुक्ला, मुन्ना शुक्ला, ननकऊ शुक्ला , विजय शंकर शुक्ला, गिरजा दयाल शुक्ला, त्रियुगी नारायण शुक्ला, मुन्ना मिश्रा, अजय बाबू तिवारी, ननके पांडेय, संतोष शुक्ला, वासुदेव शुक्ला,करिया तिवारी रहे।

# बंथरा व हरौनी में अंतिम बड़े मंगल पर जगह जगह आयोजित हुए भव्य भंडारे

**● हजारों की संख्या में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद**





**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ।** बंथरा के हरौनी क्षेत्र में ज्येष्ठ मास के अंतिम मंगलवार को जगह-जगह एवं विभिन्न गांवों में श्रद्धालुओं द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

कहीं पर शरबत तो कहीं पर पूरी सब्जी तो कहीं पर छोले चावल का प्रसाद का वितरण किया गया। हरौनी कस्बे में रुचि मेडिकल स्टोर के प्रोपराइटर विश्वनाथ सिंह व परिसर मलिक अशोक सिंह गुड्डू के द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस नेता रूद्र दमन सिंह बबलू, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं उच्च न्यायालय लखनऊ में अधिवक्ता सुनील दुबे, अनुराग शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य महीप सिंह, वीरेंद्र ज्वेलर्स के प्रोपराइटर वीरेंद्र रावत व पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अतुल सिंह माखन की मौजूदगी में तमाम क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने पहुंच कर पूरी सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया।

वही राकेश गुप्ता, एडवोकेट अमित पटेल द्वारा सहिजनपुर गाँव में आयोजित भंडारे में सपा नेता जगनायक सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार सिंह चौहान, भी शामिल हुए रामदासपुर गांव में ब्रह्मदेव के स्थान पर गांव के जय कृष्ण अवस्थी सर्वेश अवस्थी, श्री राम रावत कल्लू द्वारा वही डी एन एम इंस्टीट्यूट आफ कॉलेज कटी बगिया के अध्यक्ष बीएन मिश्रा द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन करवाया गया। इस प्रकार से समूचे सरोजिनी नगर व बंथरा कस्बे में दर्जनों गांव में लोगों ने हनुमान जी के लिए प्रसाद का वितरण किया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद-उल-अजहा

**स्वतंत्र प्रभात**

**रामकोट-सीतापुर।** कस्बा रामकोट सहित क्षेत्र भर में हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-अजहा (बकराईद) का त्योहार मनाया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ईदगाहो, मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रही। लोगों ने घरों में बकरों की कुर्बानियां दी। क्षेत्र की सभी मस्जिदों, ईदगाहो में अलग-अलग समय में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। मस्जिदों में सुबह 5ः45 बजे से नमाज अदा करने का सिलसिला शुरू कर दिया गया था, जो 8 बजे तक चला। कस्बे की जामा मस्जिद में कारी असलम कुरैशी ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई। रामकोट कस्बे की ईदगाह में मौलाना मो.मेराज सिद्दीकी नदवी की ओर से ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई गई। नमाज़ के बाद अमन-ओ-अमान भाईचारे, प्यार मोहब्बत, मुल्क में अमन व शांति, रहमत वाली बारिश के लिए खुसुसी दुआ कराई गई।



नमाज से पहले मौलाना मो.मेराज सिद्दीकी नदवी ने बयान किया। नदवी ने अपने खिताब मे कुर्बानी की फजीलत पर रोशनी डालते हुए कहा कि ये हमारे नबी की सुन्नत है। कुर्बानी के जरिये हम मोला से करीब होते हैं। नमाज बाद खुतबा मो.मेराज सिद्दीकी नदवी ने दिया। उसके बाद मुल्क मे अमन पसन्दी और अच्छे मौसम की रब के हुजूर मे दुआ करायी। लोगों ने घरों में ही बकरों की कुर्बानियां दी। घरों की साफ-सफाई कर सेवई और पकवान बनाए। प्रभारी निरीक्षक रामकोट बलवंत शाही, मय फोर्स के साथ लगातार क्षेत्र में घूम कर जायजा लेते रहे। नए कपड़ों में इत्र की खुशबू बिखेरते बच्चें, युवा और बुजुर्गों में गजब का उत्साह देखा गया। नमाज अदा होते ही बधाइयों और मंह मीठा कराने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। रोज खाली रहने वाला रामकोट क़स्बे का ईदगाह सोमवार को पूरी तरह से भरा नजर आया। नमाज के समय से पहले ही लोग ईदगाह पहुंचने लगे थे। ईदगाह परिसर में मौजूद ग्राम प्रधान रामनिवास पप्पू वर्मा, आदि ने लोगों को गले लगाकर ईद-उल-अजहा की बधाई दी।

## तालाब में नहाते समय पानी में डूब कर बच्चे की हुई मौत



मांडा, प्रयागराज। दिघिया चौकी अंतर्गत बरहा कलां में घर से दोस्तो के साथ तालाब में नहाते समय गहरे पानी में चले जाने से एक किशोर की डूब कर मौत हो गई। बरहा कलां निवासी कार्तिकेय यादव (13) पिता फूल चंद्र यादव ने दोस्तो के साथ गांव के तालाब में नहा रहे थे नहाते नहाते गहरे पानी में चले गए जब डूबने लगे तब बच्चो ने शोर गुल मचाया लेकिन जब गांव के लोग पहुंचे तब तक ढूढने में दस मिनट लग गया तब तक समय ज्यादा बीत जाने से मृत्य हो चुकी थी गांव के विजय कांत ने गहरे पानी से बाहर निकाला जब घर वालो को पता चला तो माता प्रेम कली पिता फूल चंद्र बहन राधा रोते बिलखते रहे घर में कोहराम मचा रहा मृतक दो भाई और एक बहन थे तीसरे नंबर के थे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## डीएम वा एसपी द्वारा जनपद में भ्रमणशील रहकर ईद उल अजहा की नमाज को सकुशल कराया गया संपन्न



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा ईद की नमाज के साथ-साथ त्यौहार ईद-उल-अजहा के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद भ्रमण के दौरान कस्बा जायस में ईद की नमाज के अवसर पर वहां के धर्मगुरूओं, मस्जिदों के ईमाम व मौलाना से मुलाकात कर वार्ता की गयी तथा शान्ति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मिलजुलकर त्यौहार मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते हुये उपस्थित सभी लोगों को ईद-उल-अजहा की मुबारकवाद दी गई। ड्यूटी में लगे अधिकारी, कर्मचारीगणों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने व त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह व अन्य अधिकारी,कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## यूरिया मिश्रित जहरीला पानी पीने से दो दर्जन से अधिक बकरियों और एक गोवंश की मौत




**जगह-जगह खुले यूरिया पंप, सुरक्षा की अनदेखी**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर रोड पर दो सड़का स्थित सूर्यवंशी ढाबा के निकट सोमवार को सड़क किनारे फैले यूरिया मिश्रित जहरीला पानी पी लेने के कारण करीब 29 बकरियां और एक गोवंश की मौत हो गई। जिससे आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में जरूरी जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शीतलाबक्स का पुरवा गांव निवासी रामखेलावन सड़क किनारे जंगल में बकरियां चरा रहा था। तभी बकरियां चरते चरते सड़क किनारे पहुंच गई। जहां वाहनों में डालने जाने वाले यूरिया पंप की धुलाई के बाद उसका पानी वहां फैला हुआ था। भीषण गर्मी में बकरियां पानी देखकर टूट पड़ी और यूरिया पंप के पास फैले पानी को पी लिया। थोड़ी ही देर में बकरियां ने दम तोड़ना शुरू कर दिया। पीड़ित ने बताया कि कल 40 बकरियां ने विषाक्त पानी पिया दिन में 29 बकरियों की मौत हो गई, जबकि वहां पर घूम रहे आवारा सांड की भी पानी पीने से मौत हुई है। अन्य बकरियों की हालत गंभीर होने पर उनका इलाज किया जा रहा है। बकरियों की मौत से वहां ग्रामीणों का मजमा लग गया। वही घटना के बाद यूरिया पंप के कर्मचारी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे सीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 29 बकरियां और एक गोवंश की मौत हुई है। मृत पशुओं का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। घटना के संबंध में पीड़ित ने तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## पहले मासूम बच्चों का गला दबाया फिर खुद फांसी से झूली थी महिला




**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्चों की गला दबाने और महिला की हैंगिंग से हुई मौत की पुष्टि।**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे विजई मजरे लोदीपुर उतरावां गांव में रविवार को महिला ने पहले मासूम बच्चों का गला दबाया, बाद में खुद फांसी के फंदे से झूल कर जान दे दी। यह खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ है। गांव निवासी रतीभान यादव की पत्नी सोनी (35) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसी के घर में साड़ी के सहारे लटका मिला था, जबकि बेटे रौनक (4) व बेटी रिमझिम (3) का शव पास में ही पड़े हुए थे। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें महिला की हैंगिंग से तो बच्चों की गला दबाने से मौत की पुष्टि हुई। प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत हैंगिंग से हुई, जबकि दोनों मासूम बच्चों की मौत गला दबाने पर दम घुटने से हुई है।

# किसानों के लिए सर दर्द बने आवारा पशु और नीलगाय

● **धान की नर्सरी बचाने के लिए किसानों को करनी पड़ रही कड़ी मशक्कत**



स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** जनपद के अंतिम छोर पर बसे शुकुल बाजार विकासखंड के अंतर्गत कई ग्राम सभाओं में आवारा पशु और नील गाय का आतंक इस कदर है कि किसान बेहद परेशान नजर आ रहे हैं। इन दिनों किसानों की धान की नर्सरी तैयार है, और किसान दिन और रात लगातार अपने धन की नर्सरी की रखवाली करने के लिए मजबूर हैं। अगर किसान जरा सा भी चूक गए तो आवारा पशु और नीलगाय द्वारा उनके धन की नर्सरी को चट कर लिया जाता है, ऐसे में किसान बेहद परेशान नजर आ रहे हैं, सरकार की मंशा किसने की आमदनी दोगुनी करने की है लेकिन यहां तो किसानों को लागत निकाल पाना मुश्किल हो रहा है। जो समृद्ध किसान है वह तो अपने खेतों की बैरीकेटिंग करवा कर किसी तरह फसल बचा ले जा रहे हैं, लेकिन जो किसान कमजोर हैं मध्यम वर्गीय हैं उन किसानों के लिए बेहद परेशानी का सबक बने हुए हैं आवारा पशु और नीलगाय। किसानों की माने तो नीलगाय झुंड के झुंड 30 और 40 की संख्या में देखते ही देखते चंद मिनट के अंदर धान की नर्सरी को चट कर जाते हैं, और किसान बेबस वा लाचार नजर आते हैं यही नहीं क्षेत्र से मोटे अनाज दलहन, साग और सब्जी की फसल विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी है। खासकर दलहन की फैसले तो क्षेत्र से विलुप्त हो चुकी है क्योंकि आवारा पशु और नीलगाय इन फसलों पर ज्यादा टूटते हैं ऐसे में किसानों का इन फसलों से मोह भंग हो चुका है। क्षेत्रीय जागरूक किसानों ने शासन प्रशासन एवं उच्च अधिकारियों से नीलगाय और आवारा पशुओं से निजात दिलाए जाने की मांग की है, जबकि सरकार द्वारा जगह-जगह पर गौवंश के लिए गौशाला बनवाई गई है लेकिन इन्हीं गौशालाओं से निकलकर पशु आसपास के किसानों के फसलों को चर जा रहे हैं, लेकिन नील गायों के लिए अभी तक सरकार द्वारा कोई ठोस कदम न उठाए जाने से किसान कंगाली के कगार पर पहुंच चुके हैं।

# जेष्ठ मास के चतुर्थ मंगलवार पर जगह-जगह पर हुए भंडारे हनुमान मंदिर पर भक्तों का उमड़ा जन सैलाब

● **पोस्ट ऑफिस, शुकुल बजार , अंबेडकर चौराहा, किशनी सहित विभिन्न स्थानों पर महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन**



स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** जेष्ठ मास के चतुर्थ मंगलवार के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया वहीं धर्म आस्था विश्वास के केंद्र बिंदु हनुमान मंदिर महावीरन धाम शुकुल बाजार सहित क्षेत्र के अन्य हनुमान मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। वही भक्त गणों द्वारा जगह-जगह पर प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। वही पोस्ट ऑफिस शुकुल बाजार में आलोक शुक्ला, आयुष शुक्ला व अन्य स्टाफ के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें समाज सेवी पीके तिवारी ,अभिषेक शुक्ला विधायक ,अशोक शुक्ला, राजेश यादव, पत्रकार दीपक पाठक सहित अन्य भक्त गणों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं अंबेडकर चौराहे पर भक्तगणों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया जिसमें हजारों भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं ठाकुरगंज में छोटू गुप्ता, बबलू गुप्ता, देशराज सेठ व अन्य भक्तगणों के सौजन्य से विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया जिसमें हजारों भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं किशनी ने गांव में मनोज पासी व अन्य भक्तगणों के सौजन्य से विशाल भंडारे का आयोजन कराएगा जिसमें हजारों भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। अंबेडकर चौराहे पर मशहूर कीर्तनकार केशव यादव द्वारा बेहतरीन प्रस्तुति दी गई जिसे सुनकर भक्तगण भाव विभोर हो गए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में बियर शॉप के अंदर मिला सेल्समैन का शव

● **सेल्समैन और ग्राहक के बीच हुई मारपीट का वीडियो हुआ था वायरल**

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के गुरबक्शगंज चौराहा स्थित बियर शॉप में सोमवार की शाम को उसके सेल्समेन का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। जिससे आस पास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरेनी थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव निवासी संतोष उर्फ कल्लू जायसवाल (32) कस्बा के गुरबक्शगंज स्थित निसगर गांव निवासी ठेकेदार विश्वनाथ की बियर शॉप में सेल्समैन था। बियर शॉप का जालीनुमा दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से झाँककर जब पड़ोसियों ने देखा तो वह अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था।

पड़ोसियों ने घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने ताला तोड़कर उसे बाहर निकाला और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के घुटनों और माथे पर पुरानी चोट के निशान मिले हैं। नौ दिन पहले सेल्समैन से ग्राहक के बीच हुई मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध केस भी दर्ज किया है। हादसे को लेकर लोग तरह-तरह की आशंकाएं व्यक्त कर रहे हैं।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था। वह अविवाहित था। हादसे के बाद भाई छोटे भाइयों सुमित और सूरज व पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजहों का पता चल सकेगा।

# गांव का फुंका ट्रांसफार्मर बदलने को लेकर महिलाओं ने एसडीओ से लगाई गुहार

● **भीषण गर्मी में बिजली ना मिलने से ग्रामीणों में मचा हाहाकार, बिलबिला रहे छोटे-छोटे बच्चे**



स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के अहमदपुर चेंहटा गांव में करीब दस दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित है। जिससे परेशान होकर मंगलवार को बड़ी संख्या में महिलाएं उपखंड कार्यालय पहुंच गई और सामूहिक रूप से एसडीओ से अपनी परेशानी बताई। गांव निवासिनी राजरानी, सुशीला, माधुरी, रंगीना, फूलमती आदि दो दर्जन से अधिक महिलाओं ने बताया कि करीब दस दिन पहले गांव में रखा ट्रांसफार्मर अचानक फुंक गया। जिससे उनके गांव में करीब एक सौ उपभोक्ताओं के घरों में बिजली नहीं आ पा रही है। ट्रांसफार्मर के मरम्मत कराए जाने को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है। जिससे इस तरह की भीषण गर्मी में उनका जीना दूभर है। छोटे-छोटे बच्चे भीषण गर्मी में बिलबिला रहे हैं। बिजली नहीं आने के कारण घर में लगे सबमर्सिबल नहीं चल पा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों के सामने पेयजल की समस्या भी खड़ी हो गई है। एसडीओ सूर्य प्रताप सिंह ने महिलाओं से तत्काल ट्रांसफार्मर बदले जाने को लेकर आस्वस्त किया है।

# पार न लगोगे श्रीराम के बिना, राम न मिलेंगे हनुमान के बिना

● **ज्येष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगलवार को भंडारों की धूम**




स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में ज्येष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगलवार को भंडारों की धूम रही। जगह-जगह आयोजित भंडारों में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मोहल्ले और सड़कों के किनारे पूजा पंडालों में भगवान बजरंगबली के गीतों की गूंज रही। कस्बे के बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर, आलमपुर के सुप्रसिद्ध पंचमुखी हनुमान मंदिर, निरालानगर स्थित हनुमान मंदिर, ऐहार गांव स्थित भगवान बाल्हेश्वर मंदिर धाम, सब्जी मंडी के बालाजी मंदिर, सरेनी रोड पर मलपुरा गांव स्थित मां विंध्यवासिनी बालाजी मंदिर में सुबह से ही दर्शनों के लिए हनुमान भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने विधि विधान पूर्वक भगवान बजरंगबली की पूजा उपासना कर जीवन में सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। तेजगांव काम्प्लेक्स परिसर में पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह के संरक्षण में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें पहुंचे हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कढ़ी चावल के रूप में प्रसाद ग्रहण किया। निराला नगर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में सुबह से ही विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। आरबी सिंह, शिवभूषण द्विवेदी, कमलाकांत मिश्रा, संतोष सिंह, रिंकू, हरी, अजय आदि लोग मौजूद रहे। ऐहार गांव में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भक्तों ने विशाल भंडारे का आयोजन किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. मनोज पांडेय ने शिरकत किया। इस मौके पर विकास शुक्ला उर्फ टिंकू समाजसेवी,मंयक शुक्ला, दीपक मास्टर, सुजीत मास्टर, राहुल निर्मल,राजा शोभित, मोहित निर्मल, रजनीश पटवा, नवल किशोर, अखिलेश, अंकित पाण्डेय,राजेश गुप्ता, मनीष रावत,शुभम निर्मल, आदि लोग मौजूद रहे।इसके अलावा सेवाभावी हनुमान भक्तों ने सब्जी पूड़ी, राजमा चावल, कढ़ी चावल, बूंदी, शरबत आदि वितरित किया।

# शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ बकरीद का त्यौहार, चप्पे-चप्पे पर पुलिस रहीं मुस्तैद

● **लोगों ने एक दूसरे को दी बकरीद की मुबारकबाद**



स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में रविवार को मुस्लिमों का पवित्र त्यौहार ईद उल अजहा (बकरीद) सोमवार को बेहद ही धूमधाम के साथ मनाया गया। मुस्लिम अकीदतमंदों ने मस्जिदों और इदगाह में जाकर ईद उल अजहा की नमाज पढ़ी। एक दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद पेश की। जिसके बाद कुर्बानी का दौर शुरू हुआ जो देर तक चलता रहा। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखा। त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए एसडीएम नवदीप शुक्ला, सीओ अनिल कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर सिंह सहित भारी पुलिस बल ने कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र की मस्जिदों का दौरा कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया। सुबह से ही मुस्लिम धर्मावलंबियों में त्यौहार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने मस्जिदों और इबादतगाह में नमाज अदा की। जिसके बाद परंपरागत तरीके से कुर्बानी स्थलों पर कुर्बानी दी गई। लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। कस्बे की कांचमील मस्जिद, बड़ी मस्जिद, अल्लानगर स्थित मस्जिद, अलीनगर की कादरी मस्जिद में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने7 ईद उल अजहा की नमाज पढ़ी। एसडीएम व सीओ ने पुलिस बल के साथ कस्बे के चिक मंडी स्थित ईदगाह, बड़ी मस्जिद सहित बहाई, बाल्हेमऊ गांव स्थित मस्जिदों का दौरा किया और लोगों से शांतिपूर्ण त्यौहार को मनाने की अपील की।

# बाथरूम के अंदर महिला ने आग लगाकर किया आत्महत्या

स्वतंत्र प्रभात



**डलमऊ रायबरेली** बाथरूम के अंदर महिला ने आग लगाकर आत्महत्या कर लिया है। महिला ने किस वजह से आत्म हत्या की है यह पता नही चल पाया है।वही डलमऊ पुलिस जांच में जुट गई।

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे ठकुराइन मजरे गंजबड़ेरवा गांव की रहने वाली शिव देवी निर्मल पत्नी मनोज कुमार उम्र लगभग 38 वर्ष एक समाज सेविका थी। प्रधानी के चुनाव के दौरान शिव देवी ने पर्चा दाखिला कर प्रधान पद की दावेदारी की थी और तीसरे नंबर पर थी। ग्रामीणों के अनुसार बीती रात शिव देवी ने समय लगभग 1־30 बजे घर के सामने बने बाथरूम के अंदर धू कर जलने लगी, जब चीखने व कुछ दगने की आवाज ग्रामीणों को सुनाई दी तो ग्रामीणों ने व परिजनों ने बचाने की कोशिश किया।लेकिन तब तक शिव देवी गम्भीर रूप से झुलसकर दम तोड़ दिया था। महिला ने किस वजह से आग लगाकर आत्महत्या की है यह अभी तक पता नही चल पाया है। वहीं महिला का पति एक महीना पहले दुबई गया हुआ है। मृतक महिला अपने पीछे पति व तीन बेटी निधि, नव्या और निशि को छोड़कर चली गई। सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं डलमऊ कोतवाल पवन कुमार सोनकर का कहना है कि महिला ने आत्महत्या की है।

# तबादले के 4 माह बाद भी थाने में डटा पुलिस कर्मी

● **तबादले के बाद भी आखिर क्यों नहीं हो रहा थाने से मोह भंग**

स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़ (रायबरेली)** तबादले के 4 माह बीत जाने के बावजूद थाने में मुख्य आरक्षी तैनात हैं, जिसका शिवगढ़ थाने से मोह भंग नहीं हो रहा है। बीती 16 फरवरी को शिवगढ़ थाने में मैं तैनात आरक्षी व मुख्य आरक्षण सहित 7 पुलिस कर्मियों का तबादला किया हुआ था। जिसमें मुख्य आरक्षी आबिद अली को शिवगढ़ थाने से जगतपुर, मुख्य आरक्षी अंबुज वर्मा को शिवगढ़ थाने से लालगंज, मुख्य आरक्षी ज्ञान सिंह यादव को शिवगढ़ थाने से थाना ऊंचाहार, मुख्य आरक्षी राम सजीवन वर्मा को शिवगढ़ थाने से महराजगंज, आरक्षी विवेक तोमर को थाना सलोन, आरक्षी जीत सिंह को थाना सरेनी व आरक्षी महेश कुमार का स्थानान्तरण थाना ऊंचाहार किया गया था। आदेश के बाद मुख्य आरक्षित ज्ञान सिंह यादव को छोड़कर सभी की रवानगी कर दी गई। करीब 3 वर्षो से शिवगढ़ थाने में तैनात ज्ञान सिंह यादव की 4 माह बीतने के बावजूद भी रवानगी नहीं की गई है, जो अभी तक थाने में ही तैनात है, जिसको लेकर क्षेत्र में चर्चा जोरों पर है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब सभी का तबादला हो गया तो मुख्य आरक्षी ज्ञान सिंह शिवगढ़ में क्यों रुके हुए हैं। लोगों का यह भी आरोप है कि ज्ञान सिंह कई वर्षो से शिवगढ़ स्थान थाने में तैनात है, पुलिस के कमाई का जरिया है, इसीलिए इनकी रवानगी नहीं की जा रही है। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि जल्द रवानगी की जाएगी।

**तबादले के बाद 4 माह से डटे पुलिसकर्मी पर लात,घूसों जूतों से पिटाई करने का आरोप**

शिवगढ़, रायबरेली। 4 माह पहले तबादला होने के बावजूद थाने में जमें सिपाही के ऊपर लात, घूसा व जूतों से पिटाई कर पैर में गोली मारकर जेल भेजने की धमकी देने का आरोप है, पीड़ित ने सिपाही के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। नगर पंचायत के अहलादगढ़ के रहने वाले नारेंद्र कुमार का आरोप है कि परिवार में उनका दरवाजा लगाने को लेकर झगड़ा हुआ था शनिवार को दोपहर में थाने ने से फोन आया कि थाने आ जाओ तुम्हारा सुलह समझौता है। वह थाने पहुचा तो पुलिस कर्मियों ने गालियां देते हुए लात, घूसों व जूतों से बेरहमी से पिटाई करते हुए कहा कि अगर सुलह लेने के साथ ही शाम तक दरवाजा नहीं बन्द करोगे तो तुम्हारे पैर में गोली मार कर जेल भेज देंगे। आरोप है कि पुलिस के डर के मारे नारेंद्र कुमार ने सुलह समझौता तो कर लिया। बाद में उसने पुलिस अधीक्षक से ऑनलाइन शिकायत की वहीं मंगलवार को पुलिस अधीक्षक रायबरेली को शिकायती पत्र देकर दोनों पुलिसकर्मियों की शिकायत की। शिकायती पत्र में यह भी पीड़ित ने आरोप लगाया है कि ज्ञान सिंह यादव सिपाही का तबादला 4 महीने पहले हो गया था । थाने का कमाऊ पूत होने के कारण थाने से इसकी रवानगी नहीं की जा रही है। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि मैं मौजूद था इस तरह की कोई बात नहीं हुई है। नगर के दो व्यक्ति भी समझौता में मौजूद थे इस व्यक्ति ने गलत तरीके से घर के पीछे दरवाजा खोल रखा है उसके बाद फर्जी तरीके से आरोप लगा रहा है। किसी ने इसके साथ मारपीट नहीं की है।

# बेड़ारु में जेसीबी एवं ट्रैक्टर ट्रालियों से तालाब की जमीन पर रातभर होता रहा अवैध भू-खनन

● **शिवगढ़ थाना क्षेत्र में अवैध भू-खनन माफिया सक्रीय**

**आखिर किसकी सह पर सक्रिय हैं अवैध भू-खनन माफिया**

स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना क्षेत्र में अवैध भू-खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रात के सन्नाटे में धरती का सीना चीर कर छलनी करती जेसीबी की तेज आवाज न तो पुलिस को सुनाई देती है, और ना ही मिट्टी भरकर सड़कों पर भर्राटा भरते ट्रैक्टर पुलिस को दिखाई पड़ते हैं। वहीं क्षेत्र में धडल्ले से चल रहे अवैध भू-खनन को लेकर भू-खनन विभाग निष्क्रिय दिखाई दे रहा है। सवाल उठता है कि आखिर किसकी सह पर भू-खनन माफिया सक्रीय हैं भू-खनन के लिए रात का ही क्यों सहारा लिया जाता है ताजा मामला थाना क्षेत्र के बेड़ारु ग्राम पंचायत का है जहां बहुदाखुर्द की सीमा से सटे बेड़ारु ग्राम पंचायत में स्थित तालाब की जमीन पर रात भर जेसीबी मशीन अवैध भू-खनन में जुटी रही, मिट्टी भरकर सड़कों पर फर्राटा भरती ट्रैक्टर ट्रालियां दौड़ती रही जिस पर किसी जिम्मेदार ने अंकुश लगाना मुनासिब नहीं समझा। क्षेत्र के लोगों की माने तो साठ-गांठ के चलते भू-खनन माफियाओं के हौसले बुलन्द है। मामले में जब महराजगंज उप जिलाधिकारी राजित राम गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जांच कराई जाएगी, यदि अवैध भू-खनन पाया गया तो कार्यवाही कराई जाएगी। जिनके निर्देश पर मौके पर जांच करने पहुंचे हल्का लेखपाल अभिषेक पटेल ने बताया कि जिस तालाब में भ-खनन किया गया है वह मृत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड बेड़ारु के नाम से पट्टा है। समिति के अध्यक्ष गंगा प्रसाद को एसडीएम साहब ने बुलाया है।

# अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर रोक हेतु 30 जून तक चलेगा अभियान :- जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात




**हरदोई** जिलाधिकारी/जिला मजिस्टेट मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी रोकने के दृष्टिगत रखते हुए अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री तथा तस्करी पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्य किया जाना आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर रोक लगाने हेतु 15 जून से 30 जून 2024 तक विशेष प्रर्वतन अभियान चलाये जाने हेतु आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों का गठन किया जाता है।

उन्होने बताया है कि इस सम्बन्ध में आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों का गठन किया गया है। जिसमें टीम 01 में प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी सदर/तहसीलदार सदर, आबकारी से आबकारी निरीक्षक सदर एवं समस्त स्टाफ तथा पुलिस की ओर से क्षेत्राधिकारी सदर/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे। इसी प्रकार टीम 02 में उप जिलाधिकारी शाहाबाद/तहसीलदार शाहाबाद, आबकारी निरीक्षक शाहाबाद एवं समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी शाहाबाद/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे। टीम 03 में उप जिलाधिकारी सण्डीला/तहसीलदार सण्डीला, आबकारी निरीक्षक सण्डीला एवं समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी सण्डीला/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे। टीम 04 में उप जिलाधिकारी बिलग्राम/तहसीलदार बिलग्राम, आबकारी निरीक्षक बिलग्राम एवं समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी बिलग्राम/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य है तथा टीम 05 में उप जिलाधिकारी सवायजपुर/तहसीलदार सवायजपुर, आबकारी निरीक्षक सवायजपुर एवं समस्त स्टाफ क्षेत्राधिकारी सवायजपुर/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे। जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त टीम अवैध मदिरा के कार्य मे संलिप्त माफियाओं/तस्करों की जो सूची तैयार उपलब्ध कराई गई है, उनके विरूद्व आवश्यकतानुसार गैगस्टर/गुण्डा एक्ट की कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर 14405 तथा व्हाट्सप नम्बर 9454466019 का प्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये ताकि आम जनता बिना किसी भय के इन नम्बरों पर अवैध मदिरा निर्माण एवं विक्री की सूचना दे सकें।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों यथा राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर गड्ढामुक्ति तथा डिवाइडर के किनारे झाड़ियों को कटवाने, ब्लैक स्पॉट के चिन्हीकरण, ई-रिक्शा के पड़ाव व उनके संचालन, दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों में एबुलेंस की उपलब्धता, डग्गामार/अनाधिकृत वाहनों की संचालन, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता आदि की विस्तृत समीक्षा की गयी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनपद में चिन्हित किए गए 37 ब्लैक स्पॉटस पर आवश्यक कार्य जैसे बार मार्किंग, स्पीड ब्रेकर, लाइट की व्यवस्था, हाईमास्ट, साइन बोर्ड, रम्बल स्ट्रिप आदि निर्धारित मानकों के अनुसार तुरन्त पूर्ण करा लिए जाए तथा पुलिस एक बार सभी ब्लैक स्पॉट्स को चौक कर लें कि दिए गए निर्देशों का अनुपालन हुआ है या नहीं। डीएम ने कहा कि सभी प्रकार की सड़कों को आगामी वृक्षारोपण अभियान में कवर किया जाए। शहर में जामिंग की समस्या को रोकने के लिए ई-रिक्शों का संचालन निर्धारित रूट पर ही कराया जाए एवं ई-रिक्शों के संचालन हेतु जो कार्ययोजना बनायी गयी है। उसका पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। डग्गामार/अनाधिकृत वाहनों के संचालन पर पूर्णतया रोक लगायी जाए। जनपद में ओवरलोडिंग को प्रतिबन्धित किया जाए। बैठक में एडीएम न्यायिक विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एसडीएम सदर प्रज्ञा पाण्डेय, सीओ सदर सोनम सिंह, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी हरदयाल अहिरवार, अधिशासी अभियन्ता जल निगम अजीत कुमार सिंह, एआरटीओ प्रशासन अरविन्द कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण आदि मौजूद रहे।

# फेसबुक पर डीएम की आईडी बनाकर सत्तर हजार ठगे

स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** साइबर अपराधियों के हैरतंगेज कारनामों ने भल लोगों का जीना हराम कर दिया है। वाकिया असोहा थाना क्षेत्र के कालूखेड़ा कस्बे का है। यहां पर अशोक तिवारी निवासी कंदरपुर बैठे थे, तभी एक फोन उनके फोन पर आया तो दूसरी तरफ से आवाज आई कि अशोक बोल रहे हो तो अशोक ने कहा कि बोल रहा हूं तो फोन करने वाले ने कहा कि मैं डीएम उन्नाव बोल रहा हूं। मेरे एक दोस्त लखनऊ एयरपोर्ट पर सीआइएसएफ में अफसर है उनका तबादला गुवाहटी हो गया है, उनका कुछ घरेलू सामान है जिस अर्जेन्ट बेचवाना है कोई देखो उसे बिकवा दो। फोन डीएम का था तो उसे गंभीरता से लिया गया, अशोक तिवारी ने दुकान पर बैठे संजय पांडे निवासी रामपुर थाना असोहा से बात किया तो उन्होंने कहा कि सामान हमें दिला दो इतने पर एकबार एक फोन फिर आया कि अशोक बोल रहे हो डीएम साहब से बात हुयी है, ऐसा करो जल्दी से 70 हजार खाते में भेज दो और अपना पता बताओ तो मैं तुरंत सामान भेज दूं मुझे हर हाल में आज रात को गुवाहटी पहुंचना है। एक बार फिर डीएम के नाम से फोन आया कि आप तुरंत सामान को बिकवा दो। इस पर संजय पांडे ने उसके बताए एकाउंट पर रकम भेज दिया उसके बाद उसने फोन बंद कर लिया तो शंका हुई तुरंत एसपी उन्नाव को फोन किया गया तो फोन उनके किसी दरोगा ने उठाया और कहा कि तुरंत इसकी सूचना 1930 पर दो तो इसकी सूचना 1930 पर दी गयी और फिर साइबर क्राइम थाना उन्नाव को भी सूचना दे दी गई है। अशोक तिवारी ने बताया कि ठग ने एक दिन पहले डीएम उन्नाव के नाम से फेसबुक पर दोस्ती किया था, फेसबुक पर उनकी फोटो आदि सब लगी है उसके बाद उसने यह ठगी किया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### विशाल भण्डारे में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद



**उन्नाव।** छोटे चौराहे पर ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को बुढ़वा मंगल बहुत धूमधाम से मनाया गया। ज्योतिषाचार्यो के अनुसार ज्येष्ठ मास के अंतिम मंगलवार पर वैष्णव जन की एकादशी व्रत और चम्पक द्वादशी शुभाशुभ है। वर्षो बाद त्रिपुष्कर योग, जयद योग और स्थायी योग बने हैं। इन संयोग में विधिविधान से पूजा करने पर भयंकर तपिश और लू से राहत मिल सकती है। साथ ही हनुमान जी प्रसन्न होकर सभी भक्तों की मनोकामनाएं भी पूरी करते हैं। आज के दिन जनदान, भंडारा, पूजन और हवन करने वालों को अक्षय पुण्य फल की प्राप्ति होती है। सनातन धर्म में ज्येष्ठ माह के मंगलवार के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के परम भक्त हनुमान की पूजा करने का विधान है। शास्त्रों के अनुसार, ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को भगवान श्री राम और हनुमानजी की मुलाकात हुई थी। इसलिए ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले सभी मंगलवार को अधिक महत्वपूर्ण माना गया है। इस माह के मंगलवार को बड़ा मंगल और बुढ़वा मंगल के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर उन्नाव छोटे चौराहे पर कमलेश गौड़ द्वारा आयोजित विशाल भंडारा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अनुराग कुमार कनौजिया, जितेंद्र गौड़, जीतू गौड़, सुमित चौधरी, ओम गुप्ता, सोनू दीक्षित, सनी कश्यप, आशीष सविता, करन राजपूत, रमन कश्यप, रवि कश्यप, निखिल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### पट्टिका व झंडा उतार किसानों को अपमानित कर रहा पुलिस प्रशासन:अवधेश यादव

**अलीगढ़।** संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा के आह्वान क्रम में भारतीय किसान यूनियन अधिकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अवधेश यादव के नेतृत्व में अलीगढ़ के थाना दादों पर धरना प्रदर्शन कर कोतवाल दादों के मान मनौव्वल पर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन प्रेषित कर सरकार द्वारा किसानों साथ सौतेले व्यवहार अपनाए जाने वाले क्रम जिससे संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा द्वारा विद्युत समस्याओं को लेकर चलाएं जाने वाले आंदोलन पर अंकुश लग सकें एवं किसानों की समस्याओं को किसान संगठनों तक पहुंच न बन सकें। गांव गांव चौपाल न लगाई जा सके किसानों को सम्बोधित करने हेतु इस्तेमाल माइक जिन्हें किसान संगठन से जुड़े हुए पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने वाहनों पर लें चला करते है। साथ ही वाहनों पर संगठन पट्टिका व झंडा लगा चलते हैं ,जिसे उ0प्र0 सरकार अधीन पुलिस पुलिस प्रशासन द्वारा हूटर बता,बल-प्रयोग कर संगठन पट्टिका व झंडा उतार किसानों को अपमानित किया जा रहा है । सत्ताधारी पार्टी के वाहनों एवं अन्य राजनैतिक दलों के वाहनों को नजरांदाज कर दिया जाता है । जबकि किसान मोर्चे के सभी किसान संगठन अराजनैतिक है और किसानों की समस्याओं को सरकार द्वारा पहुंचाते है । पक्षपात एवं किसानों का अपमान व किसानों की आवाज को दबाने जैसा क्रम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार के किसान विरोधी रवैए पर शीघ्र संज्ञान संज्ञान ले आदेशित कर कार्यवाही सुनिश्चित करें । अन्यथा संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा के नेतृत्व में सभी घटक संगठन उत्तर प्रदेश में आंदोलन को बाध्य होंगे।

### नाबालिग से बलात्कार में दोषी को पांच साल सश्रम कारावास

**अलीगढ़।** एसएसपी संजीव सुमन के निर्देशन में प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाने हेतु चलाए ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम में अलीगढ़ पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन की संयुक्त प्रभावी पैरवी से न्यायालय द्वारा दोषियों को सजा व जुर्माना लगाया गया है। थाना चण्डौसदू वर्ष- 2022 में आस मौहम्मद पुत्र बाबू खाँ निवासी अजनिया थाना चण्डौस द्वारा पीड़िता को जंगल में ले जाकर जबरदस्ती गलत काम करने के सम्बन्ध में थाना चण्डौस पर नाबालिग से बलात्कार व पॉक्सो एक्ट पंजीकृत हुआ था जिसमें विवेचनात्मक कार्यवाही पूर्ण करते हुए आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था । न्यायालय एएसजे- पॉक्सो तृतीय द्वारा अरोपी को दोषी पाये जाने पर पांच वर्ष के कठोर कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# व्यापार मंडल 61सदस्य की बनी कार्यकारिणी

**●हर हाल में की जाएगी व्यापार समाज के मान -सम्मान की रक्षा**



स्वतंत्र प्रभात

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक आवश्यक बैठक मेल रोज बाईपास पर क्षेत्रीय ईकाई उमेलरोज बाईपास पर टेम्पो कार्यालय पर सम्पन्न हुई जिसमें मेलरोज व्यापार मंडल का चुनाव सर्वसम्मति प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा की अगुवाई में किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर प्रदीप वर्मा व महामंत्री सुरेन्द्र प्रताप उर्फ दीपक चौधरी पार्षद, गोपाल सिंह राजपूत संयुक्त महामंत्री अनिल कुमार कोषाध्यक्ष योगेश वाष्णेय उपाध्यक्ष हेमंत वालाजी, हरेंद्र सिंह, राम शर्मा को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया है। इसके अलावा वरिष्ठ मंत्री नवनीत कुलश्रेष्ठ, रामपाल सिंह, हरिओम गुप्ता , महेश गर्ग संगठन मंत्री सतीश चंद्र लोधी मंत्री वीरेश कुमार, राहुल चौधरी, दुष्यंत देव, कार्यकारिणी सदस्य सूरज शर्मा, नितिन कुमार, उमेश कुमार, सुमित,शेलेंदर वर्मा, रवि शुक्ला, राजेश कुमार, लेखराज सिंह, अशोक कुमार, पिंटू, अशोक,लोधी चाहत अली,अजय कुमार,ललित, धर्मवीर सिंह सहित 61 व्यापारियों की कार्यकारिणी घोषित की गई। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि हमें हर हाल में एकजुट होकर व्यापारियों के मान -सम्मान की रक्षा करनी है आप जितने अधिक व्यापारियों को अपने साथ जोड़ेंगे हमारा संगठन उतना ही मजबूती के आपकी समस्याओं का निदान कराने में सफलता प्राप्त करेगा। अव समय आ गया है हमें डरना नहीं है वल्कि मुकाबला करना है। उत्पीड़न करने वाले अधिकारियों सवक सिखाकर अपने सम्मान को बचाना है।

प्रदेश संगठन मंत्री हरिकिशन अग्रवाल ने कहा कि किसी भी विभाग अधिकारी आपका शोषण उत्पीड़न करता है तो एकजुटता के साथ संघर्ष करें जव आपकी ताकत में वल होगा तो किसी अधिकारी की हिम्मत नहीं है कि आपका तनिक सा नुकसान कर सकें। आपका हर प्रकार से सहयोग करने के लिए महानगर व जिला व्यापार मंडल हर वक्त तत्पर रहेगा। जिला चेयरमैन कालीचरन वार्ष्णेय ने कहा कि पद लेना बहुत आसान है लेकिन पद की गरिमा के अनुसार कार्य करना वहुत कठिन है । अध्यक्ष पर आसीन हुए प्रदीप वर्मा को शुभकामनाएं के साथ यह भी निर्देशित करना चाहता हूं कि आपके नेतृत्व में यह क्षेत्रीय व्यापार मंडल किसी भी दशा में कमजोर न होने पाएं हर व्यापारी सदस्य को अपने कार्यो से संतुष्ट करना ही आपकी प्रथम जिम्मेदारी रहेंगी। वैठक का सफ़ल संचालन जिला महामंत्री एम ए खान गांधी ने करते हुए कहा कि व्यापारी इस देश का भाग्य विधाता है जो इसको वुरी नजर से देखेगा वह अधिक समय ऊंचे पदों पर विराजमान नहीं रह सकता। इस अवसर पर प्रदेश महिला महामंत्री संगीता वार्ष्णेय,जिला संरक्षक वीरेंद्र गुप्ता,जिला महामंत्री शिवकुमार पाठक, युवा जिलाध्यक्ष सन्तोष वाष्णेय, महानगर महामंत्री आलोक प्रताप सिंह, महिला महामंत्री प्रिया सिंह चौहान, युवा जिला महामंत्री उमेश गौड़, आदि थे।

# धूमधाम से मनाया गया ज्येष्ठ माह का बुढ़वा मंगल



स्वतंत्र प्रभात

**बीघापुर (उन्नाव)।** बिहार कस्बे में ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को बिहार कस्बे के चौराहे पर बुढ़वा मंगल बहुत धूमधाम से मनाया गया। ज्योतिषाचार्यो के अनुसार ज्येष्ठ मास के अंतिम मंगलवार पर वैष्णवजन की एकादशी व्रत और चम्पक द्वादशी शुभाशुभ है। वर्षो बाद त्रिपुष्कर योग, जयद योग और स्थायी योग बने हैं। इन संयोग में विधिविधान से पूजा करने पर भयंकर तपिश और लू से राहत मिल सकती है। साथ ही हनुमान जी प्रसन्न होकर सभी भक्तों की मनोकामनाएं भी पूरी करते हैं। आज के दिन जनदान, भंडारा, पूजन और हवन करने वालों को अक्षय पुण्य फल की प्राप्ति होती है। सनातन धर्म में ज्येष्ठ माह के मंगलवार के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के परम भक्त हनुमान की पूजा करने का विधान है। शास्त्रों के अनुसार, ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को भगवान श्री राम और हनुमान जी की मुलाकात हुई थी। इसलिए ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले सभी मंगलवार को अधिक महत्वपूर्ण माना गया है। इस माह के मंगलवार को बड़ा मंगल और बुढ़वा मंगल के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर बिहार बस स्टॉप पर अनुज दीक्षित, सत्यम दीक्षित, अनिल के द्वारा आयोजित विशाल भंडारा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सचिन दीक्षित, राम दीक्षित, सौरभ, प्रधान रामबली विनोद तिवारी,शीशू द्विवेदी, बच्चा माली, भोलू दीक्षित, गोलू चौरसिया, रोहित यादव, ओम जी, अनिका दीक्षित, रोहित द्विवेदी, बउवा, आशीष साहू आदि थे।

# दो गौशालाओं में ग्रीन नेट, पंखे कूलर के बाद लगवाया फुग्गा सिस्टम



स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** जून की तपतपाती गर्मी में शहरवासियां को हीट वेव से राहत देने के साथ ही नगर निगम ने अपनी कान्हा गौशाला और नंदी गौशाला में गौवंश को भीषण गर्मी और हीट वेव से राहत देने के लिये पानी की बौछार करने वाला फुग्गा सिस्टम लगवाया गया है। इस सिस्टम के लग जाने से जहॉ गौवंश को राहत मिली है तो वही दूसरी ओर गौशाला के टीन शैड में तापमान में भी कुछ कमी का अहसास किया जा सकता है।

इस सम्बन्ध में नगर आयुक्त अमित आसेरी बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप वर्तमान हीट वेव में जनमानस की सुविधा के साथ साथ गौवंश को भी राहत देने के लिये अलीगढ़ नगर निगम द्वारा बड़े बड़े होटल व लॉन, रूफ टॉफ में लगे मिस्टिगं सिस्टम की तरह अपनी दोनों गौशाला में इस फुग्गा सिस्टम बहुत ही कम लागत में लगवाया है लगभग 35000 की लागत से दोनों गौशाला में गौवंश को हीट वेव से राहत मिल रही है। इस सिस्टम में लगे नोजिल से पानी की हल्की हल्की पानी की फुव्हारों से गौवंश को काफी राहत मिल रही है कान्हा गौशाला व बरौला गौशाला के पूरे शैड में 80 फुग्गा नोजिल लगाये गये है जिनको लगातार चलाया जाता है।

उन्होनें बताया कि गौशाला में गौवंश को हीट वेव से बचान के लिये नगर निगम द्वारा पूरे प्रबंध किये गये है गौशाला में ग्रीन नेट, पंखे और कूलर के साथ साथ अब फुग्गा सिस्टम लगाये जाने से इस बढ़ती हुयी गर्मी में गौवंश को राहत देने की कोशिश की गयी है।

महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा कि निश्चित रूप से गौवंश को बढ़ती गर्मी और हीट वेव से बचाने के लिये नगर निगम ने सराहनीय प्रयास किया है सभी सामाजिक संगठन से अपील की जाती है वर्तमान भीषण गर्मी में ज्यादा से ज्यादा राहत कार्यो में नगर निगम का सहयोग करें।

# राजनीतिक आकाओं के आशीर्वाद से फल फूल रहा अवैध प्लाटिंग का धंधा

**●रातों-रात विकसित हो रही है अवैध कालोनियां**

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** जिम्मेदार अधिकारी बजा रहे हैं चैन की बंसी भू-माफिया कर रहे हैं करोड़ों के वारे न्यारे नेता के खास समर्थक बने भू- माफिया सैकड़ो एकड़ में विकसित हो रही है अवैध कालोनियां लंबे समय से कुंडली मारकर बैठे हैं अधिकारी-अधिकारियों व भू-माफियाओं का बन चुका है गठजोड़-तहसील में भी धड़ल्ले से रजिस्ट्रियां हो रही हैं। सरकार कई अवैध कॉलोनी को वैध कर रही है, लेकिन सरकार जितनी अवैध कॉलोनीयों को वैध कर रही है । उससे ज्यादा अवैध कालोनियां विकसित हो रही है। अगर कोल व शहर विधानसभा की बात करें तो यहां राजनीतिक संरक्षण के चलते अवैध कॉलोनी का धंधा काफी फल फूल रहा है। इस समय सैकड़ो एकड़ में भू-माफिया अवैध प्लॉटिंग कर रहे हैं लेकिन इसके बावजूद इस धंधे को रोकने वाले जिम्मेदार अधिकारी चैन की बंसी बजा रहे हैं। अवैध प्लाटिंग का कार्य एक नेता के खास समर्थक कर रहे है। इस समय भू-माफियाओं के लिए मुरीद बना हुआ है।

**लेआउट दिखाकर ही बेच देते हैं प्लॉट**

औद्योगिक क्षेत्र में बाहर से आने वाला श्रमिक अपने सर पर छत चाहता है। भू-माफिया नक्शा दिखाकर इन भोले भाले लोगों को प्लांट बेच रहे हैं। यही नहीं कई लोगों को तो फुल एग्रीमेंट पर प्लाट बेच रहे हैं। कुछ भू-माफिया जो काफी प्रभावशाली हैं वह अधिकारियों से मिलकर रजिस्ट्री तक कर रहे हैं।

**नेता, अधिकारी व भू- माफियाओं का बना गठजोड़**

जिले में अवैध प्लाटिंग का धंधा पूरे जोर शोर से चल रहा है लेकिन इसके बावजूद भी करवाई होती हुई कही भी नहीं दिख रही। इसका कारण है कि अवैध प्लाटिंग करने वालों को नेताओं का अपने समर्थकों पर पूरी तरह से आशीर्वाद बना हुआ है। यह कहे तो अतिशयोक्ति नहीं होगी कि नेताओं, अधिकारियों व भूमाफियाओं का गठजोड़ बन चुका है।

**नोटिस देकर कर ली जाती है कर्तव्य की इतिश्री**

एडीए विभाग हमेशा सुर्खियों में रहा है। इस विभाग को लेकर आम लोगों में चर्चा रही है कि विभाग पहले निर्माण करवाता है जब गरीब आदमी मकान बनाकर तैयार करता है तभी तोड़ने की धमकी देता है, यानी दोनों तरह से हाथों में लड्डू रखता है। हां अधिकारी रिकॉर्ड को दुरुस्त रखने के लिए नोटिस जरूर भेजता है लेकिन इन नोटिस पर आगे कोई कार्रवाई नहीं होती। उन बड़े भूमाफियाओं को नोटिस देने की भी जहमत नहीं उठाई जाती जो किसी नेता के खास समर्थक हैं। नोटिस देने का मतलब सिर्फ दबाव बनाना ही होता है।

**गरीबों के साथ हो रहा है धोखा**

अवैध प्लॉटिंग करने वाले ज्यादातर भू माफिया प्लॉट कों फुल एग्रीमेंट पर ही बेच रहे हैं। रजिस्ट्री खुलने का झांसा देकर प्लांट बेचे जा रहे हैं। भूमाफिया अवैध फ्लोटिंग कर निकल जाता है। गरीब आदमी को इसके परिणाम भुगतने ने पड़ रहे हैं।

**घी में है अधिकारियों के दोनों हाथ**

भूमाफियाओं व विभाग के अधिकारियों में एक तरह से गठजोड़ बना हुआ है। भू-माफियाओं पर राजनीतिक संरक्षण होने के कारण अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते। अधिकारी कार्रवाई न करने का भी नजराना वसूलते हैं।

अधिकारियों को अलीगढ़ जिला इतना पसंद आ रहा है कि इनका कहीं भी स्थानांतरण हो अधिकारी कुछ दिन बाद ही वापस लौट आते हैं।

**क्या कहते है जिम्मेदार**

एडीए की अध्यक्ष अपूर्वा दुबे का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। जल्द ही अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की जाएगी। अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

# सुबह से आसमान से बरस रही आग, झुलस रहे लोगों के शरीर

**●न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी से रात में भी गर्म हवाओं की पड़ रही मार**

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** इस साल 24 मई से 22 जून तक जेठ माह चल रहा है। जेठ माह की शुरुआत सेही गर्मी का पारा चढ़ने लगा था। वहीं अतिम सप्ताह में भी प्रचंड गर्मी से जन-जन का हाल बेहाल हैं। शहरवासियों को को भी लूके थपेड़ों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से चिलचिलाती धूप की वजह से घरों से बाहर निकलना तक दुश्वार हो गया है। मौसम विभाग नेहीट वेव सेरेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने आगामी 21 जून तक पारा चढ़ने के साथ ही लूचलने की संभावना व्यक्त की है। लोगों को लूसे बचने के लिए सतर्क रहने और दोपहर के वक्त बेवजह घरों से बाहर नहीं निकलनेकी सलाह दी गई है। उधर, बिजली आपूर्ति अस्त-व्यस्त होने से लोगों को रात में भी गर्मी से सुकून नहीं मिल रहा है।

जेठ की भीषण गर्मी मेंलोगों के पसीने छूटने लगे हैं। दिनभर आसमान से आग बरस रहे हैं। तीखी धूप व लूकी वजह से शरीर झुलसने लगे हैं। अधिकतम तापमान के साथ ही न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की वजह सेरात में भी गर्महवाओं की मार झेलनी पड़ रही है। मौसम विभाग ने सोमवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया। वहीं बिजली की अघोषित कटौती व ट्रिपिंग की वजह से रातों की नींद तक हराम होने लगी हैं। लोगों को मानसून के आगमन का सभी को बेसब्री से इंतजार है। मौसम विभाग ने आगामी 21 जून के बाद गर्मी का प्रकोप जारी रहने का अंदेशा व्यक्त किया है। फिलहाल 22 जून को तापमान में थोड़ी गिरावट होने की संभावना है। पूर्वानुमान की मानें तो 21 जून तक अधिकतम तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहेगा। वहीं 22 जून को अधिकतम तापमान 43 व न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक होने की संभावना है। वहीं मौसम विभाग ने जून के अंतिम सप्ताह में मानसून के दस्तक देने की उम्मीद जताई है। चिकित्सा विशेषज्ञों की मानें तो भीषण गर्मी व हीट स्ट्रोक में सेहत का ध्यान देना जरूरी है। खासकर दोपहर के वक्त बेवजह घरों से बाहर नहीं निकले। गर्मी से राहत के लिए शुद्ध शीतलपेय पदार्थ का सेवन करें।

# उत्तरीध्रुव व भारत में हिमालय के ग्लेशियर की बर्फ तेजी से पिघलने के फलस्वरुप अत्यन्त गर्म तेजलहरों का सामना



स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के राज्य में लू की स्थिति में कोई कमी नहीं आई और रविवार को कई शहरों में पारा 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक गर्मी से राहत नहीं मिलने की संभावना जताई है। लखनऊ 45.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया-जो पिछले आठ वर्षो में जून में शहर का उच्चतम तापमान था। यह इस साल शहर का दूसरा सबसे गर्म दिन भी था। उत्तरी ध्रुव पर बर्फ लगभग 65 प्रतिशत बर्फ पहले ही पिघल चुकी है, केवल 35 प्रतिशत ही बची है, जिससे सूर्य की किरणों को प्रतिबिंबित कर वापस भेजने की सक्षम सतह क्षेत्र काफी कम हो गया है। नतीजतन, दूसरी तरफ बर्फ लगातार पिघल रही है, जिससे समुद्र का विस्तार बढ़ रहा है और वाष्पीकरण का स्तर बढ़ रहा है। इसके अतिरिक्त, वाष्पीकृत पानी की बूंदें, ग्रीनहाउस गैसों के साथ मिलकर, उच्च वायुमंडलीय स्तरों पर एकत्रित होती हैं, जिससे तापमान विनियमन (रेडिएशन) में बाधा आती है। गर्मी में यह वृद्धि हर साल तीव्र होती जा रही है, जो लापरवाहीपूर्ण पर्यावरणीय दोहन के साथ-साथ हमारे भविष्य के लिए एक खतरनाक तस्वीर पेश करती है। प्रतिष्ठित पर्यावरण वैज्ञानिक और स्कूल ऑफ मैंनेजमेंट साइंसेज के तकनीकी महानिदेशक डॉ0 भरत राज सिंह, एक प्राकृतिक घटना नौतपा जो प्रतिवर्ष धटित होती है को भी स्पष्ट करते हैं कि यह एक वार्षिक घटना है जो पृथ्वी और सूर्य के बीच निकटतम दूरी लगभग 9 (नौ) दिन रहने से घटित होती है। इस कम दूरी के परिणामस्वरूप प्रत्यक्ष, प्रवर्धित सौर विकिरण, तापमान में वृद्धि उत्पन्न होती है। परंपरागत रूप से, यह घटना उत्तरी ध्रुव की बर्फ के परावर्तक गुणों द्वारा संतुलित होती है, जो एक प्राकृतिक ढाल के रूप में काम करती है, जो आने वाले सौर विकिरण के एक महत्वपूर्ण हिस्से को विक्षेपित करती है। हालाँकि, घटते बर्फ के आवरण के साथ, इस सुरक्षात्मक तंत्र से समझौता हो गया है, जिससे बेरोकटोक सौरताप से पृथ्वी के तापमान को बढ़ाने में वृद्धि हो रही है। इसके अलावा, समुद्र पानी के गर्म होने के कारण व रात में शीतलीकरण में देरी के प्रभाव परन्तु पृथ्वी की जमीन, नमी के कारण तेजी से ठण्डी होने की सामान्य प्रक्रिया से पृथ्वी का तापमान और भी बढ़ रहा है। जैसे ही बर्फ समुद्र में पिघलती है, पानी की सतह का क्षेत्रफाल फैलता है, जबकि पानी, सौर किरणों के निरंतर पडने से गर्म होकर, अपनी गर्मी को कम करने में अस्मर्थ रहता है। डॉ0 भरत राज सिंह एक तीसरे महत्वपूर्ण कारक को रेखांकित करते हैं- औद्योगिक गतिविधियों से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का विस्तार, विशेष रूप से ग्रीनहाउस वातावरण में बड़े पैमाने पर वनों की कटाई से हुआ है जो प्राकृतिक कार्बन सिंक हुआ करता था, कम हो जाने से इस समस्या को और बढ़ा देती है। ये उत्सर्जित गैसें, वाष्पीकृत पानी की बूंदों के साथ, वायुमंडल में एक धुंध बनाकर अवरोध उत्पन्न करती हैं और पृथ्वी पर पड रही सूर्य के किरणो की गर्मी (रेडीयेशन) को रोकती हैं जिससे ग्लोबल वार्मिंग में लगातार बढोत्तरी हो रही हैं। समुद्र के सतह पर वाष्पीकरण के दर में तेजी होने और जलवाष्प के आसमान के 14-15 किलोमीटर पर ग्रीनहाउस गैस के साथ मिलने के कारण, डॉ. भरत राज सिंह भविष्य में विनाशकारी घटनों में तेज़ी की चेतावनी भी देते हैं। इसके परिणाम की झलक दुनिया भर के देशों में, अनियमित मौसम पैटर्न से लेकर बादल फटने और बाढ़ जैसी विनाशकारी घटनाओं तक के परिणाम, भौगोलिक और मौसमी सीमाओं को पारकर एक सर्वव्यापी खतरा पैदा होता पाया जा रहा हैं। उत्तर-प्रदेश में 40 वर्षो में मई का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया था, जबकि आगरा में यह 30 वर्षो में सबसे गर्म दिन था। लखनऊ में भी पिछले पांच वर्षो में मई का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। मौसम कार्यालय ने कहा, 48.1 डिग्री सेल्सियस के साथ, झाँसी राज्य का सबसे गर्म स्थान था। बारिश भी मचाएगी तबाही- डॉ. भरतराज सिंह ने कहा कि जिस तेजी से वाष्पीकरण हो रहा है और पानी की की बूंदे में पहुंच आसमान में रही हैं जो तबाही मचाएगी। यह कभी भी, किसी भी मौसम में और किसी भी देश में हो सकती है। बीते दिनों बादलों का फटना, अमेरिका, ईटली, जर्मनी, फ्रांस, अरब देशो, चीन, आस्ट्रेलिया व अन्य देशों में बारिश से तबाही का मंजर देखा जा चुका है।

# भारत स्काउट्स और गाइड्स, उ0प्र0 ने अन्तिम बड़े मंगल के अवसर पर प्रसाद वितरण एवं जल प्याऊ शिविर लगाया।



स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0, लखनऊ द्वारा आज दिनांक 18 जून, 2024 को ज्येष्ठ माह के अन्तिम बडे मंगल के सुअवसर पर संस्था के सम्पर्क कार्यालय, उदयाचल (क्वींस कालेज कैम्पस) बाला कदर रोड, लालबाग में निःशुल्क जल प्याऊ शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डा0 प्रदीप कुमार, षष्ठ मण्डल, लखनऊ एवं जिला संस्था के संरक्षक डा0 आर0पी0 मिश्र एवं जिला सचिव अनिल षर्मा ने हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर भोग लगाया। उसके पश्चात् मुख्य अतिथि डा0 प्रदीप कुमार, संयुक्त शिक्षा निदेशक, षष्ठ मण्डल, लखनऊ, संरक्षक डा0 आर0पी0 मिश्र, जिला मुख्यायुक्त डा0 जे0पी0 मिश्र, उपाध्यक्ष शर्मिला सिंह, जिला सचिव अनिल शर्मा आदि द्वारा जन सामान्य को मिष्ठान, रूह अफ़जा शर्बत एवं ठण्डा जल वितरित किया गया। कार्यक्रम में भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0, लखनऊ के संस्था के संरक्षक डा0 आर0पी0 मिश्र एवं पायनियर इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या शर्मिला सिंह, सहायक सचिव इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला संगठन कमिश्नर (गाइड) मधु हंसपाल, जिला संगठन कमिश्नर (स्काउट) डा0 महेन्द्र कुमार तिवारी, ट्रेनिंग काउन्सलर सत्य शंकर मिश्र, गाइड कैप्टन विनीता श्रीवास्तव, एस0एस0जे0डी0 इण्टर कालेज की प्रबन्धिका चन्द्रकाता मिश्रा, उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रदेशीय मंत्री डा0 आर0के0 त्रिवेदी, जिलामंत्री महेश चन्द्र, कोषाध्यक्ष अलोक पाठक, विश्वजीत सिंह, अनुराग मिश्र, डा0 एस0के0 मणि शुक्ल एवं जिला कार्यकारिणी के समस्त सम्मानित पदाधिकारी/सदस्य एवं रोवर/रेंजर उपस्थित थे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## सीमावर्ती क्षेत्र में एसएसबी ने नशा मुक्ति अभियान के तहत बैठक कर ग्रामीणों को किया जागरूक




**पीलीभीत/हजारा** जहां नशे को लेकर आए दिन तरह-तरह की खबरें आती रहती है। वहीं जनपद पीलीभीत के भारत नेपाल के अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा में तैनात एसएसबी ने सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के विरुद्ध अभियान चलाया और नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताकर ग्रामीणों को जागरूक किया। नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत पीलीभीत की सीमावर्ती क्षेत्र शारदा पुरी में सोमवार को भानपुर खजुरिया के पंचायत भवन के अंदर नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत ग्राम वासियों के साथ एक बैठक की। जिसमें पीलीभीत के कमांडेंट शेर सिंह चौधरी उपास्थित रहे और शारदा पुरी सीमा चौकी के प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में बैठक हुई। जिसमें नशे से होने वाले दुष्ट परिणामो के बारे में बात कर उनको नशे से दूरी बनाने की सलाह दी, साथ ही उन्होंने बताया कि नशा समाज के लिए अभिशाप है। और इससे ज्यादातर युवा पीढ़ी ही प्रभावित हो रही है। उन्होंने सारे लोगों से नशे से दूरी बनाने और इससे परहेज करने की अपील की। साथ ही उन्होंने सरकार के द्वारा चलाई जा रही कई योजनाओं के बारे में ग्रामीणों जानकारी दी, बैठक में काफी लोग उपस्थित रहे।

## गोला मे नगर पालिका चेयरमैन व कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने दी ईद की मुबारकबाद

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** प्रातः 7:30 बजे गोला गोकर्णनाथ के ईदगाह पर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल,व गोला नगर पालिका चेयरमैन विजय शुक्ल रिकू ने अपनी टीम के साथ पहुंच करके सभी भाइयों से गले मिलते हुए ईद-उल-अजहा (बकरीद) की सभी जनों को दिली मुबारकबाद देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की। वही गोला सहित आस पास के क्षेत्रो मे वडे ही हर्षोल्लाष व अकीदत के साथ ईदगाहो मे नमाज अदा की गई। इस दौरान खुदा से लोगो ने अपने मुल्क के लिये अमन व चैन व तरक्की की दुआ मागी।इस दौरान गोला चेयरमैन जिला अधिकारी रत्नाकर मिश्र गोला क्षेत्राधिकारी अजेंद्र सिंह यादव गोला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह चौहान अपने दल बल के साथ सुरक्षा ब्यबसथा मे लगे रहे।

## पूर्व चेयरमैन ने गोला मे चल रहे भंडारों मे पहुंचकर ग्रहण किया प्रसाद।

**सभी की मंगल कामना के लिये बजरंगबली जी से लिया आशीर्वाद।**

**गोला गोकरननाथ खीरी।** ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगल पर नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने सब्जी मंडी स्थित हनुमान मंदिर में पहुंचकर बजरंगबली के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। बजरंगबली से नगर वासियों एवं क्षेत्र वासियों के लिए मंगल कामना की श्रीमती अग्रवाल के साथ आनंद त्रिवेदी, सुशील पांडे, महेंद्र वर्मा, अरविंद पांडे, शिव गोपाल गुप्ता, प्रेम जायसवाल, अरुण कुमार सिंह, रामू वर्मा सहित सभी भक्तगण उपस्थित रहे। तत्पश्चात सनशाइन हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर मैं आयोजित भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। और नगर मे रहे अन्य भंडारों में पहुंच कर पवन पुत्र हनुमान जी से सभी के लिए सुखमय जीवन की कामना की और कहा कि भगवान राम की कृपा सभी पर बनी रहे।

## प्रधान लेखपाल व वन विभाग की मिली भगत से सरकारी जमीन का काटा गया पीपल का पेंड

**ग्रामीणों के विरोध को देखते हुये वन विभाग ने लकडी रुकवाया मशीने छोड भागे लकडकट्टे।**

**गोलगोकर्णनाथ खीरी।** मोहम्मदी वनरेज की बनवीट बिलहरी व तहसील मिताली के अंतर्गत ग्राम भदूरा के ग्रामप्रधान ने लेखपाल व वन?विभाग से मिलकर ग्रामपंचायत की जमीन पर पूजा करने वाले सरकारी जमीन का पीपल के पेड़ को गैर समुदाय के ठेकेदार के हांथ चोरी से बेंचकर पैसा हडपने का प्लान बना,पेड़ को काटने के लिए लकडकट्टे बुला लिया। ग्रामीणों को जानकारी होते ही ग्रामीणों ने मीडिया व वनविभाग को सूचना देकर दोषियों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की। मौके पर पहुंचे वन विभाग की टीम के सामने मशीने छोड़ कर भाग गये,जिसे वन विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया है। क्षेत्रीय लेखपाल प्रताप नरायन से जानकारी प्राप्त की गई तो मौके पर केवल चार बोटा लकड़ी होना बताया जबकि वन विभाग के द्वारा दो दर्जन से अधिक बोटा होने की जानकारी दी है। ग्राम प्रधान से नीलामी प्रक्रिया की जानकारी मांगी गई तो उन्होंने वन विभाग से बात होना बताया,कहा मुझे जानकारी नहीं है कि पेड़ को किसने बेंचा।

# जनपद खीरी के विद्युत विभाग में चल रहा अजब गजब खेल

**● कहीं उपभोक्ता से 25000 रुपए लेने के बाद भी नहीं किया जा रहा काम तो कहीं खबर से बौखलाए जे ई विद्युत सुधीर गुप्ता द्वारा लाइनमैन को ग्रुप से किया जा रहा रिमूव**

**जे ई साहब के बिगड़े बोल अखबार झूठा पत्रकार झूठ केवल साहब सच्चे**

**जबकि साहब को 11000लाईन के स्थान परिवर्तन करने के नाम पर एक लाख रूपया नगद देने काउपभोक्ता मौर्य ने आन कैमरा लगाया आरोप।**

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते बेपटरी हुई विद्युत विभाग व्यवस्था पटरी पर आने का नाम ही नहीं ले रही है। इसके बावजूद भी जिम्मेदार अपनी कुंभकरणी नींद में सो रहे हैं ।उनकी यह नींद किसी बड़ी अप्रिय घटना के बाद ही टूटती है।इसका जीता जागता उदाहरण हैदराबाद क्षेत्र में नहर पटरी पर गत सोमवार को 11000 वोल्ट विद्युत लाइन के सड़क पर गिरे तार की चपेट में बाइक के आ जाने से करंट लगने से तीन लोगों की आकस्मिक मौत हो गई। तीन जाने जाने के बाद आखिरकार प्रशासन की कुंभकर्णी नींद टूटी और आनंन-फानन में विद्युत विभाग के तीन अधिकारियों अधिशासी अभियंता एसडीओ और जे ई गोला के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई। काश इससे पहले ही सक्रिय होता विद्युत विभाग तो शायद प्रशासन की किरकिरी होने से बच जाती और तीन तीन लोग असमय काल के गाल में जाने से शायद बच सकते थे। विद्युत विभाग में फैले भ्रष्टाचार और लापरवाही का यह पहला मामला नहीं है ऐसे कई मामले हैं जिनमे विद्युत विभाग का भ्रष्टाचार और लापरवाही खुलकर सामने आई है। फिर भी जिम्मेदार अपने चहेते दोषी कर्मियों को बचाने के लिए मामले की लीपापोती करने से बाज नहीं आते हैं। अभी गत चार-पांच माह पूर्व विद्युत विभाग में 11000 विद्युत लाइन बगैर एस्टीमेट व प्रस्ताव के बदले जाने का मामला अखबारी सुर्खियां बना था। जिसमें तत्कालीन विद्युत जे ई सुधीर गुप्ता पर?100000 नगद लेने के आरोप भी व्यापारी द्वारा ऑन कैमरा लगाए गए थे। 11000 विद्युत लाइन स्थान परिवर्तन करने के नाम पर ?200000 की डील तय हुई थी। जिसमें से ?100000 व्यापारी मौर्य द्वारा सुधीर गुप्ता को अपने घर पर दिए जाने के की बात मौर्य ने ऑन कैमरा कही थी। सूत्र बताते हैं कि ?200000 में डील तय होने के बाद बगैर किसी प्रस्ताव पास कराये तथा स्टीमेट बनवाए बगैर ही 11000हजार विद्युत लाइन का स्थान परिवर्तन कर दिया गया। जब मामला अखबारी सुर्खियां बना तो अपने चहेतों की गर्दन फसते देख अधीक्षण अभियंता विद्युत लखीमपुर मंडल व अधिशासी अभियंता निघासन द्वारा एक संविदा लाइनमैन जो कि दूसरे विद्युत फीडर बेल्तुआ पर तैनात था। उसको बलि का बकरा बनाकर वास्तविक दोषी लोगों को अभय दान दे दिया गया,। जिसमें विद्युत जे ई सुधीर गुप्ता को शारदा नगर स्थानांतरित कर मामले को शांत कर दिया गया। मामले में जांच के आदेश भी दिए गए थे। और जांच टीम भी गठित की गई थी। लेकिन घटना के 5 माह बाद भी आज तक जांच पूर्ण नहीं हो सकी।

और जानकारी लेने पर यह बता दिया जाता है जांच चल रही है शायद जांच के नाम पर दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं ईसानगर के अंतर्गत कटौली में किए गए 11000 विद्युत लाइन के स्थान परिवर्तन मामले के वास्तविक दोषियों को बचाने की मंशा से घटना के पांच माह वाद भी जांच पूरी नहीं हुई है ।जानबूझकर जांच को लटकाया जा रहा है। जबकि अधिशासी अभियंता व नामित जांच अधिकारी द्वारा दो दिन पूर्व जाकर के मामले की जांच किए जाने की जानकारी सूत्रों द्वारा मिली है। जांच से जुड़े बिंदुओं पर अगर एक नजर डाली जाए तो जे ई विद्युत सुधीर गुप्ता का यह कहना हास्यास्पद है कि उन्हें 11000 विद्युत लाइन के स्थानांतरण परिवर्तन की कोई जानकारी नहीं थी। जबकि सूत्रों द्वारा मिली जानकारी को यदि सत्य माना जाए तो किसने लिए ठेकेदार से पोल और कहां से किसी से लिया गया तार अहम सवाल बना है। रिलायंस टावर पर कनेक्शन नहीं है तो फिर किसने किसके आदेश से चलवाई जाती है लाइन? लाइन चलवाने के नाम पर ?7000 प्रति माह जे ई सुधीर गुप्ता को दिए जाने के आरोप लग रहे हैं। 11000 विद्युत लाइन स्थान परिवर्तन की जानकारी जे ई से लेकर एसडीओ और एक्सईन तक को होने की जानकारी सूत्रों द्वारा बताई जा रही है ।सूत्रों का कहना है पोल और तार की व्यवस्था स्वयं जे ई द्वारा कराई गई और 11000 विदुत लाइन के स्थान परिवर्तन की जानकारी विद्युत जे ई से लेकर अधिशासी अभियंता तक को थी। विभागीय सूत्र ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यहां तक बताया की ईसानगर फीडर के अंतर्गत रिलायंस टावर पर फर्जी लाइन चालवाने के नाम लाइनमैन साहू व टावर देख-रेख को लगे संदीप द्वारा ?7000 प्रतिमाह साहब तक पहुंचाये जाने का खुलासा सूत्रों द्वारा किया गया है। यदि जे ई सुधीर गुप्ता को 11000विदुत लाइन स्थान परिवर्तन का पता नहीं तो व्यापारी के घर क्या लेने पहुंचे थे व्यापारी मौर्य ?100000 जे ई साहब को देने का कैसे लगा रहा आरोप। एक तरफ प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा लाखों दावे किए जा रहे हैं कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है। लेकिन हकीकत के धरातल पर सी एम के दावों के ठीक विपरीत स्थिति दिखाई पड़ रही है। जिसका जीता जागता उदाहरण गत पांच माहपूव विकासखंड ईसानगर के अंतर्गत गांव कटौली में एक व्यापारी के मकान के ऊपर से निकली 11000 विद्युत लाइन का सेटिंग गेटिंग के द्वारा बगैर प्रस्ताव बगैर एस्टीमेट बदल दिए जाने का मामला अखबारी सुर्खियां बना तो जिम्मेदारों के हाथ पांव फूल गए। और आनंन-फानन में बेल्तुवा फीडर पर तैनात संविदा लाइनमैन को निकाल दिया गया ।और जे ई साहब को ट्रांसफर करके क्लीन चिट देने का प्रयास जारी है। उक्त 11000 विद्युत लाइन बदले जाने के मामले में ग्रामीणों द्वारा कई अहम राज खोले गए ग्रामीणों व व्यापारी की जुवानी सत्य माने तो उक्त मामले की जानकारी जे ई से लेकर एसडीओ व अधिशासी अभियन्ता तक को थी अब जानकारी न होने का राज अलापकर पल्ला झाड़ा जा रहा है। जबकि ऐसा नहीं है सूत्र बताते हैं की पोल ठेकेदार से किसने मांगे? तार और अन्य सामग्री की व्यवस्था साहब के द्वारा ही की गई। सबसे यक्ष प्रशन तो यह है कि 1 घंटे में तो लाइन बदल नहीं गई, और ना ही एक आदमी ही लाइन बदल सकता है। लाइन बदलने के लिए शटडाउन किसने लिया लाग बुक के अनुसार। उक्त जगह के जब लाइनमैन अशोक साहू थे तो उन्होंने रोका क्यों नहीं ?क्यों लिया शटडाउन और किस सक्षम अफसर के आदेश पर लिया गया शटडाउन? कौन-कौन और कितने कितने कर्मी उक्त कार्य में लगे थे ?और किसके आदेश से लगे थे? लाइन बदली जा रही थी उस समय जे ई साहब और एसडीओ साहब सहित एक्शईन साहब कहां थे? उनको इसकी भनक तक नहीं लगी आखिर क्यों?लाइनमैन द्वारा मामले की जानकारी विद्युत एक्शईन और एसडीओ सहित जेई विद्युत सुधीर गुप्ता को क्यों नहीं दी गई? ग्रामीणों की बात माने तो लाइन बदली जाती रही , काम चलता रहा और विद्युत विभाग के अधिकारियों को इसका पता तक नहीं चला,उनका यह कहना हास्यास्पद और गैर जिम्मेदाराना बयान प्रतीत होता है। मामले की जानकारी सभी को थी लेकिन मामला फसते




देख दूसरे फीडर पर तैनात संविदा लाइनमैन को हटाकर और घटना में आरोपित विद्युत जे ई सुधीर गुप्ता को शारदा नगर स्थानांतरित कर मामले की लीपा पोती का खेल शुरू हो गया ।जो अभी तक निरंतर जारी है। यदि उपरोक्त बिंदुओं के साथ की गई निष्पक्ष जांच तो विद्युत जे ई समेत कई अन्य लोगों पर भी आएगी जांच की आंच और एक बड़े भ्रष्टाचार का होगा खुलासा। देखना यह है की जांच अधिकारी द्वारा किन-किन बिंदुओं पर जांच की जाती है और कितनी निष्पक्ष जांच की जाती है?। फिलहाल 5 महीने बीतने के बाद भी जांच अपूर्ण है। कब तक जांच पूरी हो पाएगी यह तो समय ही बताएगा।

**केस नं 2.**

**लाइनमैनद्वारा जे ई को दी गयी 25000 की सेवा शुल्क फिर भी नहीं हुआ काम**

**पीड़ित ने लगाई डी एम खीरी से कार्यवाही गुहार**

मामला मुरई ताजपुर का है।जहां के निवासी उपभोक्ता अजीजद्वारा विद्युत कनेक्शन के लिये आवेदन किया था जिसमें जे ई साहब ने समर कनेक्शन करवाने के नाम पर 25000रू बतौर सुविधाशुल्क देने की बात कही गई।उक्त सुविधा शुल्क लाइनमैन के हाथों जे ई साहब तक पहुंचवा दिये गये जिसके बाद भी आज तक काम नहीं हुआ।तंग हाल उपभोक्ता अजीज ने जिलाधिकारी खीरी को प्रार्थना पत्र देकर उक्त आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच करायें जाने तथा जांच में दोषी पाते जाने वाले जे ई के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

**केस नं 3**

ख़बर से बौखलाए जेई सुधीर गुप्ता ने लाइन मैन को किया ग्रुप से रिमूव

लखीमपुर खीरी जिले के विद्युत विभाग पावर हाउस शारदा नगर में तैनात जेई सुधीर गुप्ता इस वक्त सुर्खियों में बने हुए हैं। आप को बताते चलें विद्युत विभाग उपकेंद्र शारदा नगर में तैनात जेई सुधीर गुप्ता को सिर्फ पैसे से प्यार है जेई साहब को पैसा दे दो तो फिर सारे काम संभव है चाहे 11000 विद्युत लाइन हो या फिर एलटी लाइन का पोल हो चाहे कनेक्शन पर 500 रुपए अतिरिक्त कमीशन की हो। पैसा न हो तो फोन नहीं उठता फिर चाहे उपभोगता हो या समाज सेवी लेकिन जेई सुधीर गुप्ता का फोन नहीं उठता है यह मैं नही कहता हूं यह क्षेत्रीय उपभोक्ताओं और कुछ विभागीय गोपनीय सूत्रों का कहना है।अगर क्षेत्र में लाइनमैन बिजली बिल जमा करता है तो जेई साहब लाइन मैन की करीब आधी सैलरी काट लेते है। क्योंकि उसमे जेई साहब को कमीशन नहीं मिलता। जेई की मनमानी से क्षेत्र में त्राहिमाम मचा है।रात की अघोषित कटौती से उपभोगताओं में काफी रोष है। जहां एक तरफ सरकार द्वारा 18 घंटा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली देने का दावा किया जाता है वही शारदा नगर पावर हाउस में तैनात जेई सुधीर गुप्ता मुस्किल से 8 घंटा लाइट दे पाते हैं ।यदि कोई जानकारी लेनी हो जेई साहब से तो उनका फोन नहीं उठता।सूत्रों की माने तो जेई सुधीर गुप्ता ने स्टाफ के साथ की बैठक और लाइन मैन से पूंछा अंदर की बाते मीडिया में कौन लीक करता है। स्टाफ पर जताई नाराजगी जताते दिखाई पड़ते हैं।इन साहब का आलम तो यह है कि इनको अखबार झूठा लगता है और पत्रकार झूठ लगता है दुनिया में साहब ही सच्चे होने का दंभ भरते देखे जा सकते हैं।यह साहब जहां भी रहे अपनी कथित ईमानदारी के लिए खासा चर्चित रहते हैं।यदि कटौती मामले में हुई निष्पक्ष तथ्यों पर आधारित जांच तो होगा दूध का दुध पानी का पानी और साहब का चेहरा भी होगा बेनकाब।

# जाट महा सभा बरेली की कार्यणी की बैठक में राजेंद्र सिंह मलिक को अध्यक्ष चुना गया

स्वतंत्र प्रभात



**बरेली/**जाटभवन बिलवा बरेली में आयोजित बैठक में सर्वसम्मतिसें चयन किया गया जिसकी अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष श्री ब्रज पाल सिंह बरगोती जी द्वारा की गई थी,इस सभा के मुख्य अतिथि माननीय पूर्व महापौर डाक्टर आई एस तोमर जी थे । डॉक्टर आई एस तोमर जी की उपस्थिति में जाट महा सभा के नए अध्यक्ष के चुनाव हेतु चौधरी राजेश सिंह मलिक का नाम प्रस्तुत किया गया। था जिनको सभा में उपस्थित सभी लोगों ने एक साथ हाथ उठाकर ध्वनिमति से समर्थन किया ।इस जाट महा सभा का संचालन चौधरी सुरेंद्र सिंह मलिक द्वारा किया और सुरेंद्र सिंह मलिक ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष चौधरी राजेश मलिक को शुभ कामनाएं दी आप आगे बड़े सारा समाज आपके साथ है और यह भी बताया कि राजेश मलिक के ग्रांड फादर ( दादा ) स्वर्गीय कुवर निरंजन सिंह पीलीभीत विधान सभा क्षेत्र से प्रथम और द्वितीय विधान सभा चुनाव में विधायक चुने गए थे और राजेश मलिक को यह आशीर्वाद सभी लोगों की तरफ से दिया गया कि आप अपने दादा की तरह जाट समाज की सेवा करे।

इस सभा में पीलीभीत से तराई जाट मंच के अध्यक्ष चौधरी मन्री चौधरी अपनी पूरी टीम के आए थे। अध्यक्ष चुने जाने के उपरांत चौधरी राजेश मलिक ने दूर दूर से आए सभी सम्मानित लोगों को इतना अपार समर्थन देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया और राजेश मलिक ने सभी को आश्वाशन दिया कि जाट समाज के कल्याण और उत्थान में मै अपना सर्वोच्च समर्पण दूंगा और सदैव समाज के लोगों के साथ खड़ा रहूंगा।

# जेठ दशहरा के ऊपर इस भीषण गर्मी के दौरान भी श्रद्धालुओं ने गंगा नोकिया स्नान

स्वतंत्र प्रभात

**बरेली/**जेठ दशहरा के पर्व पर श्रद्धालुओं ने विभिन्न तीर्थ स्थान पर जाकर मां गंगा में स्नान किया और मां गंगा से अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने की प्रार्थना की इस पर्व को जेठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है इस पर्व के मानने के पीछे लोगों की अनेकों मान्यताएं हैं।

इस पर्व पर लोग गंगा में स्नान कर अपने पापों से मुक्ति पाने का भी एक उपाय मानते हैं साथ ही बच्चों के मुंडन संस्कार जैसे अनेकों शुभ कार्य इस जेठ मास के दशहरा को मनाए जाते हैं आल्हा संगीत के अनुसार इसी पर्व पर आल्हा का पुत्र इंदल घाट बिठूर से चोरी हुआ था जेठ दशहरा के पर्व पर आज भी लोग अपनी श्रद्धा अनुसार तीर्थ स्थान पर जाकर



गंगा में स्नान करते हैं और मां गंगे का आशीर्वाद प्राप्त कर अपने को सौभाग्यशाली मानते हैं ।

इस पर्व पर लोग गंगासागर हरिद्वार ऋषिकेश गढ़ कछला प्रयागराज जैसे प्रमुख स्थानों पर जाकर गंगा में डुबकी लगाते हैं और दशहरा के फार्म पर आस्था और श्रद्धा के साथ लोग



अन्य नदियों में भी स्नान कर पर्व का आनंद लेते हैं यह कार्य लोग अपनी स्थिति के अनुसार तय करते हैं गंगा को पापों से मुक्ति दिलाने का एक माध्यम भी माना गया है इसीलिए लोग बड़े हर्ष और उल्लास से गंगा स्नान करते हैं।

# पूरनपुर रामा नर्सिंग होम डॉक्टर की लापरवाही से गई दो-दो जान, पति से सदमा नहीं हुआ बर्दाश्त, संदिग्ध परिस्थितियों में पति की मौत

स्वतंत्र प्रभात

**पूरनपुर** चंद पैसों के लालच एवं डॉक्टरों की लापरवाही बरतने से पति-पत्नी की जान जान से परिवार में मचा कोहराम मिलीं जानकारी के अनुसार पत्नी के पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे परिवार का रो रो कर हुआ बुरा हाल पत्नी की मौत के बाद नन्हे लाल डिप्रेशन में थे परिवार के मुताबिक बीती रात में पत्नी के शव के पास बैठकर रोते रहे नन्हेंलाल हैं सोमवार सुबह अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी इसी दौरान नन्हेंलाल की हालत बिगड़ गई उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में ले जाएगा वहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक बताते हुए पीलीभीत के लिए रेफर कर दिया गया पीलीभीत ले जाते समय रास्ते में नन्हे लाल की हो गई मौत पत्नी की मौत के 36 घंटे बाद पति की मौत से परिवार एवं गांव गहरे सदमे में।

फर्जी डॉक्टर ने प्रसव के दौरान कल उतारा था नव विवाहिता को मौत के घाट आरोप प्रत्यारोप के चलते पोस्टमार्टम होने के बाद महिला का शव घर पहुंचते ही संदिग्ध परिस्थितियों में पति की मौत। डॉक्टर की लापरवाही से गई दो-दो जान,




पति से सदमा नहीं हुआ बर्दाश्त, संदिग्ध परिस्थितियों में पति की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में पति की भी हुई मौत, एक ही घर में दो मोतो से मचा कोहराम गांव में

पति-पत्नी की मौत से गांव में भी शोक की लहर नहीं रुक रहे ग्रामीणों के आंसू।डिलीवरी के दौरान महिला की हुई मौत. बच्चा स्वस्थ.है अस्पताल के गेट पर मृतक के शब को रखकर किया हंगामा.सूचना मिलते ही नायाब तहसीलदार. सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल को किया सील. मृतका के पति ने कोतवाली में उक्त अस्पताल संचालक एवं डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दिया शिकायती पत्र. मे परिजनों को प्रसव पीड़ा होने पर आशा के कहने पर परिवार जनों के द्वारा नगर के हॉस्पिटल में कराया था भर्ती और डिलीवरी के दौरान जच्चा की हुई मौत, बच्चा स्वस्थ परिजनों ने अस्पताल गेट पर मृतिका शव को रखकर किया हंगामा उपरांत सूचना मिलते ही नायाब तहसीलदार, सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल को किया सील घटना के बाद से अस्पताल के डॉक्टर एवं संचालक सहित सारा स्टाफ फरार पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी के पिपरा मुजप्ता का मामला।।

# पीलीभीत सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद दूर संचार विभाग के काम को लेकर एक्शन में

**● पूरनपुर विधान सभा क्षेत्र में कुछ गांव में नेटवर्क समस्या समाधान हेतु राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने माननीय दूरसंचार मंत्री को लिखा पत्र।**

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत** पूरनपुर विधान सभा क्षेत्र में कुछ गांव में मोबाइल नेटवर्क की समस्या को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने दूरसंचार विभाग के मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लिखा पत्र,समस्या का समाधान कराने का आग्रह।जिला पीलीभीत विधान सभा क्षेत्र पूरनपुर के गांव महुआ गुंदे,कुराईयाखुर्द कला, क्षेत्र में नेटवर्किंग प्रोब्लम के चलते माननीय संचार मंत्रीजी को आग्रह किया है कि उपरोक्त समस्या का समाधान नियमानुसार कराने का कष्ट करें। जिला पीलीभीत कुछ गांवों में आज भी मोबाइल नेटवर्क की कनेक्टिविटी नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान पूरनपुर विधान सभा क्षेत्र के उत्तरी सेहरामऊ के कुछ गांवों में आज भी मोबाइल नेटवर्क की कनेक्टिविटी नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान है। सोशल मीडिया और संचार क्रांति के इस दौर में मोबाइल नेटवर्क के अभाव में शासन की ऑनलाइन योजनाओं और सुविधाओं का लाभ भी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। नेटवर्क की तलाश में भटकना पड़ता है।

पूरनपुर उत्तरी सेहरामऊ के गांवों में मोबाइल नेटवर्क चुनौती बना हुआ है। गांव में रहने वाले हजारों लोग मोबाइल नेटवर्क नहीं मिलने से परेशान है। आधुनिक इस दौर में गांव-गांव मोबाइल नेटवर्क पहुंचाने के दावे यहां खोखले साबित हो रहे है। ग्राम पंचायतों में भी नेट की सुविधा नहीं होने से ऑनलाइन योजनाओं के लाभ से ग्रामीण वंचित है। ग्रामीणों ने बताया कि दिन के समय अगर किसी को बहुत जरूरी बात करनी हो तो नेटवर्क ढूंढना पड़ता है। कि अगर ऐसे हालात रहे तो डिजीटल इंडिया का सपना कैसे पूरा होगा। मोबाइल धारकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कभी नेटवर्क आ जाता है तो कभी बिल्कुल नेटवर्क नहीं मिलता। ग्रामीणों की नेटवर्क परेशानियां को देखते हुए माननीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने माननीय दूरसंचार मंत्री जी ने ग्रामीणों की नेटवर्क समस्या के समाधान करने का आग्रह किया है।

# दर्दनाक हादसा- घटनास्थल व जिला अस्पताल तत्काल पहुंचे डीएम-एसपी

**● हादसे पर डीएम-एसपी ने जताया शोक**

**दुर्घटना के कारणों की जांच करेंगे विद्युत महकमें के आलाधिकारी, दोषियों पर होगी कार्यवाही - डीएम**

**चिकित्सकों से डीएम-एसपी ने महिला और बच्ची की जानी कुशलता, दिए बेहतर उपचार के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात




**लखीमपुर खीरी** 17 जून। जिले में सोमवार को दर्दनाक घटना घटित हुई। थाना हैदराबादक्षेत्र में नहर पटरी पर सोमवार को 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन के सड़क पर गिरे तार से बाइक में आग और करंट लगने से तीन की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा मौके के लिए फ़ोरन रवाना हुए।

दुर्घटना स्थल पहुंचकर जायजा लिया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इस हादसे पर डीएम-एसपी ने शोक जताया। दुर्घटना में झुलसी महिला और बच्ची का चिकित्सकों की निगरानी में जिलाचिकित्सालय में उपचार चल रहा है। विद्युत विभाग को दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के परिजन को 05-05 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी रत्नाकर मिश्रा, सीओ, तहसीलदार सुखबीर सिंह सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

घटनास्थल के उपरांत डीएम-एसपी सीधे जिला चिकित्सालय ओयल पहुंचे, जहां उन्होंने चिकित्सकों से भर्ती महिला और बच्ची की कुशलता जानी। उन्होंने अधिकारियों को घायलों की हर संभव मदद के निर्देश दिए हैं। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि हैदराबाद थाना क्षेत्र में हृदय विदारक दुर्घटना हुई है, जिसमें 03 लोगों की मृत्यु हो गई है। वही महिला और बच्ची झुलसे हैं, जिनका चिकित्सकों की निगरानी में उपचार चल रहा है। डीएम ने कहा कि तार टूटा नहीं बल्कि पोल से नीचे गिरा है। दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए विद्युत महकमें के चीफ इंजीनियर मौके पर पहुंच रहे है।

# पीलीभीत-पूरनपुर में धूमधाम से मनाया ईद उल अजहा का त्योहार

स्वतंत्र प्रभात

**पूरनपुर।** पूरनपुर क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्योहार परम्परागत तरीके से मनाया गया। ईदगाह और मस्जिदों में लोगों ने नमाज पढ़ी। एक दूसरे के गले मिलकर उन्हें ईद की बधाई दी। कई जगह कैंप भी लगे जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों ने भी गले मिलकर लोगों को मुबारकबाद दी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस की मोबाइल पार्टियां गश्त में लगी रहीं। जगह जगह लोगों ने राहे खुदा में बकरों की कुर्बानियां भी दी। सोमवार को ईद उल अजहा का त्योहार नगर और ग्रामीण क्षेत्र में परम्परागत ढंग से मनाया गया। नगर की ईदगाह मे ईद उल अजहा की नमाज से पहले मौलाना फजले अहमद नूरी ने तकरीर की। ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज हाफिज सलीम खां ने अदा कराई।नमाज़ के बाद मुल्क की तरक्की और अमन चैन की दुआ की । इसके अलावा सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गई। ईदगाह पर नगरपालिका और व्यापारी नेताओं की तरफ से कैंप भी लगाया गया जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा नगर के प्रमुख लोगों ने पहुंचकर ईद की एक दुसरे को गले मिलकर बधाई दी। यहां प्रमुख रुप से उपजिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला, सीओ आलोक सिंह, नगरपालिका लेखाकार अमित मिश्रा, पूर्व चेयरमैन मुन्ने मियां अंजाना, बिजयपाल विक्की, सपा छात्र नेता नोमान अली बारसी, तौफीक अहमद कादरी, चांद रजा खां, नाबेद अजहरी, मो शारिक,ओमकार गुप्ता, आकिल खां अजीजी, शकील, व्यापारी नेता हाजी लाडले, सिकंदर साबरी आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे। आज समाजवादी पार्टी पीलीभीत के द्वारा कुतुब ए हाजीद्वशाहजीद्वमोहम्मदद्वशेरद्वमियां रहम तुल्लाह अलेह की मजार पर चादरपोशी कर देश प्रदेश एवं जनपद में अमन चैन की दुआ की इस शानदार मौके पर समाजवादी पार्टी एवं इंडिया गठबंधन पीलीभीत के प्रत्याशी आदरणीय श्री



भगवत सरन गंगवार जी,सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी जी,सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर जी,सपा प्रदेश सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य असलम जावेद अंसारी जी,सपा जिला उपाध्यक्ष चाचा बालकराम सागर जी,सपा जिला उपाध्यक्ष हाजी अकबर अहमद अंसारी जी,राममूर्ति गंगवार जी,गुरविंदर सिंह गिल जी,दिग्विजय सिंह गंगवार जी,लखविंदर सिंह पन्नूजी,नसीम भाई,संदीप सक्सेना जी, महेश पटेल जी,राजेश गंगवार जी, एड.कमलेश कुमार पाल जी,गुलबहार खां साहब सहित तमाम नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे... !

## संक्षिप्त ख़बरें

### पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता दर्शन में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं



**भदोही** प्रतिदिन की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-18.06.2024 को डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदया द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

### बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग ज़रुरी-डा0 अजय पाण्डेय।

**सुरियावां** नगर के जोधराज़ तालाब पुरानी बाजार में पांच दिवसीय योग शिविर के तीसरे दिन प्रोटोकॉल का अभ्यास वरिष्ठ योग शिक्षक विजय शंकर मौर्य व दशरथ कौशल जी द्वारा कराया गया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके डॉक्टर अजय पांडेय प्रधानाचार्य द्वारा किया गया योग शिविर के तीसरे दिन खड़े होकर और लेट करके व्यायाम एवं शीर्षासन ताड़ासन जैसे आसान कराए गए जिला प्रभारी अश्वनी साहू ने आये हुए अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी को योग से जोड़ने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर एल सी यादव विजय शंकर महेंद्र जायसवाल वशिष्ठ नारायण दुबे विकास चौहान रमाकांत मदन गुड्डू विश्वकर्मा अवधेश विजय शंकर राय आदि उपस्थित रहे।

### मां गंगा के अवतरण दिवस पर मां गंगा की भव्य आरती का आयोजन



**चुनार।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तर वाहिनी गंगा सेवा समिति के सदस्यों द्वारा रविवार को बालूघाट के गंगा तट पर पूजन आरती किया गया। पंडित शिवकांत पाठक,पंडित अमित चौबे, पंडित ज्ञान प्रकाश मिश्रा द्वारा मां गंगा की विधि पूर्वक पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। गंगा दशहरा माता गंगा के अवतरण दिवस के रूप मे मनाया जाता है। इस अवसर पर रामविलास साहनी, मदनलाल गुप्ता, दीपक उपाध्याय, किशन, मन्नू सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पिकअप के धक्के से घायल बालिका की मौत

**अदलहाट।** थाना क्षेत्र के अदलहाट-इमिलियाचट्टी नहर मार्ग पर स्थित पौनी गांव के पास रविवार की शाम पिकअप और ऑटो की टक्कर में एक 12 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायल को सीएचसी चुनार भेजा गया। हालत गंभीर होने पर वाराणसी ट्रामा सेंटर भेज दिया गया था जहां सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई । मसनियां गांव निवासी पिंटू गुप्ता की 12 वर्षीय पुत्री प्रीति गुप्ता अपने रिश्तेदार के साथ अदलहाट से ऑटो में बैठकर अपने गांव लौट रही थी। रास्ते में ऑटो में विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप ने टक्कर मार दी। इससे ऑटो सवार प्रीति गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

## सोशल मीडिया पर अश्लीलता 'भरे वीडियो समाज 'के लिए घातक '।

स्वतंत्र प्रभात

भारत भले ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के संकल्प के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और बेशक इसमें देश के युवाओं की अहम भूमिका है। क्योंकि विश्व में सबसे अधिक युवा भारत में है जो कही न कही भारत को एक मजबूत स्थिति में लाने के लिए पूरी तरह जुटे है। वही भारत में कुछ युवक और युवतियां अपने 'अश्लील 'वीडियो के माध्यम से 'सोशल ' मीडिया के तमाम प्लेटफार्म पर सारी हदें पार करके केवल व्यूअर्स बढ़ाने के चक्कर में समाज को 'गंदगी 'परोसने में अहम भूमिका निभा रहे है। जो पूरी तरह समाज खासकर नई पीढ़ी के लिए तो बहुत ही घातक है। इस 'गंदी 'सोच वालों को रोकना बहुत जरूरी है क्योंकि ये लोग मनोरंजन के नाम पर 'अश्लीलता 'परोसने में कोई भी संकोच नही कर रहे है।

फेसबुक, इंट्राग्राम, यूट्यूब समेत तमाम प्लेटफार्म पर इस समय अश्लीलता भरे वीडियो भरे पड़े है। लोग इंट्राग्राम समेत तमाम सोशल साइट पर रील बनाते समय भूल जाते है कि यह उनका अश्लील वीडियो उनके घर और रिश्तेदार भी देखते है लेकिन शर्म और हया नाम की चीज नही है केवल देखने वालों की संख्या बढ़ाना ही उद्देश्य रह गया है उसके लिए किसी भी तरह का शर्म अथवा संकोच नही है। कुछ तो पति-पत्नी, कुछ प्रेमी-प्रेमिका कुछ जगहों पर मां-बेटा भी अश्लील और गंदे रील बनाने में पीछे नही है। कुछ महिलाएं तो अकेली भी रील बनाती है जो केवल अपने अंग का प्रदर्शन करके ही जग जीत लेना चाहती है। इस तरह के गंदे और अश्लील वीडियो और रील से कही न कही युवा अधिक प्रभावित हो रहा है। भारत में महिलाओं को देवी की तरह पूजनीय माना जाता है लेकिन कोई बढ़िया कार्य करने की हिम्मत न होने पर आज कुछ 'गंदी 'मानसिकता की महिलाएं अपने अंग प्रदर्शन को ही सोशल प्लेटफार्म पर 'धंधा ' बना ली है जो कहीं न कही सोशल मीडिया के तमाम प्लेफार्म के यूजर्स को प्रभावित करता है। जिस तरह मनोरंजन के नाम पर लोग नंगा नाच करने पर तुले है वह किसी भी तरह से सही नही है। वैसे इस तरह के वीडियो से युवाओं को दूर ही रहना जरूरी है क्योंकि जिस तरह सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफार्म अश्लील वीडियो की भरमार है वह कही न कही आगे आने वाली पीढ़ी के लिए चिंता का विषय है क्योंकि इस तरह की अश्लील और गंदा वीडियो व रील देखने के बाद युवाओं के मन में गंदे विचार जन्म ले रहे है जो पूरी तरह उनके शिक्षा और कैरियर को प्रभावित करने में असरदार साबित हो रहे है।

जिस तरह लोगों में रील बनाने की दिवानगी देखने को मिल रही है वह कही न कही चिंता का विषय है क्योंकि इस तरह की 'जाल 'में युवा ही फंस रहे है। यदि लोगों को रील या वीडियो बनाना ही है तो शिक्षाप्रद विषयों पर बनाये, देशभक्ति या अन्य ज्ञानदायी विषयों पर बनाये जिससे देखने वाले को भी इसका लाभ मिले लेकिन गंदे और अश्लील वीडियो व रील कही न कही युवाओं को सही रास्ते से भटकाने में सहयोगी हो रहे है। क्योंकि एण्ड्रायड फोन यूज करने वाले अधिकतर युवाओं का इंस्ट्राग्राम पर आईडी है। कुछ तो अच्छे कांटेंट पर कार्य करते है जबकि अधिकतर सही कांटेंट से दूर रहते है। इसमें लड़कों की अपेक्षा लड़कियों के अधिकतर आईडी है।

आज जितने भी युवाओं से जुड़े अपराध हो रहे है उसमें कही न कही युवाओं के सोशल प्लेटफार्म की कुछ न कुछ भूमिका अवश्य है। इसलिए सोशल साइट की तमाम प्लेटफार्म पर इस तरह गंदे और अश्लील कंटेंट वालों पर बैन होना जरूरी है। नही तो यह हालत दिनों दिन और भी खराब होती चली जायेगी। सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफार्म युजर्स को चाहिए कि जो लोग भी गंदे कंटेंट बना रहे है उनको कभी भी लाइक न करें। क्योंकि इस तरह की चीजों को अधिक लोग देखते है तो उनकी कमाई अधिक होती है। और उनकी कमाई देखकर कोई अन्य भी उसी तरह गंदे और अश्लील कंटेट बनाने लगता है जिससे इसमें लगातार बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। ऐसे कंटेट से हमारे देश कि संस्कृति और संस्कार पर परोक्ष रूप से कुठाराघात है। जिसे रोकने के लिए देश के हर एक नागरिक को गंदे और अश्लील रील व वीडियो बनाने वालों का बॉककाट जरूरी है।

## मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर राजस्व कार्यो, राजस्व न्यायालयों व कर-करेत्तर कार्यो की जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

● जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, भू माफियाओं के विरूद्ध हो सख्त कार्यवाही

आईजीआरएस व हैसियत नामा के लम्बित आवेदनों का सम्बन्धित अधिकारीगण करें तत्काल निस्तारण-जिलाधिकारी

राजस्व व कर-करेत्तर कार्यो एवं एन्टी भू-माफिया की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश'



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 18 जून 2024 : –**लोकसभा सामान्य निर्वाचन के आदर्श आचार संहिता के समाप्ति के बाद प्रथम मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर राजस्व कार्यो, राजस्व न्यायालयों व कर-करेत्तर कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी विशाल सिंह व अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ किया गया। जिलाधिकारी ने परिवहन, आबकारी, राजस्व, अधिशासी अधिकारी, खनन आदि विभागों को अभियान चलाकर लक्षित राजस्व वसूली किये जाने पर बल दिया। उन्होंने आईजीआरएस की समीक्षा में डिफॉल्टर असंतोष जनक अवशेष वाले विभागों/अधिकारियों को अधिक लम्बित आवेदन पाये जाने पर स्पष्टीकरण का आदेश दिया। हैसियत नामा में लम्बित आवेदनों को प्रतिदिन अनुश्रवण करते हुए निस्तारण का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने मंडी सचिव को कृषक बीमा दुर्घटना में रजिस्ट्रेशन कराने पर बल दिया। स्टांप कार्यवाही में अवशेष कार्यो की प्रगति पर बल दिया। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग को रिकवरी बढ़ाने हेतु आवश्यक क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने खनन विभाग के राजस्व की समीक्षा के दौरान मिट्टी की खुदाई करने वालों को निर्देशित किया कि 'माइन मित्रा' पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन व स्वीकृति के बाद ही मिट्टी की खुदाई करें। चेकिंग करने पर अवैध खनन पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खनन अधिकारी को अवैध खनन में पकड़े गए वाहनों पर रिकवरी जारी करने का निर्देश दिया।

परिवहन विभाग को गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन बढ़ाने व प्रवर्तन कार्य करते हुए ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को अनुपालन आख्या में दिए गए निर्देशों को पूर्ण करते हुए अवैध शराब की तस्करी को पकड़ते हुए आबकारी राजस्व बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप, राइस मिल, शराब की दुकानों, गैस एजेंसियों पर औचक निरीक्षण करते हुए कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली पूरी करें, इसमें किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अधिकारी राजस्व वसूली में हिला-हवाली करेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी को पुलिस के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में छापेमारी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों के आरके वसूली के साथ-साथ,विद्युत व राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के 10 बड़े बकायेदारों पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकरियों को निर्देश दिया कि तहसीलों में लंबित भूमि विवादों, मुकदमों को निस्तारण कराए अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कर करेत्तर एवं लक्ष्य वसूली के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लम्बित राजस्व वादों का निस्तारण शीघ्र सुनवाई करके उनका निस्तारण किया जाये। कुछ तहसीलों में लक्ष्य के अनुरूप वादों का निस्तारण न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एंटी भू माफिया राजस्व की समीक्षा करते राजस्व संहिता के अविवादित वरासत, अविवादित दाखिल खारिज, तालाब, आवासीय भूमि, कृषि भूमि, वृक्षारोपण आदि का आवंटन, चकमार्ग तथा सार्वजनिक उपयोग की भूमि व तालाब पोखरों आदि से हटाये गये अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे पर विस्तार से चर्चा किया। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि सभी भू माफियाओं को चिन्हित कर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने आई0जी0आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण, रिट याचिकायें, खतौनी अशं निर्धारण की कार्यवाही, स्वामित्व योजना, रोस्टर के अनुसार खतौनियों का दाखिला, एंटी भू माफिया जैसे कार्यो पर अब तक किये गये कार्यो की प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के आचार संहिता समाप्ति के बाद ये पहली बैठक है मैं ज्यादा कुछ नहीं कहूंगा पर अगले बैठक में वसूली कार्य करने वाले विभाग तेजी लाकर वसूली का कार्य करेंगे, कम वसूली करने वाले विभागो के अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाई की जायेगी। बैठक में समस्त उप जिलाधिकारी व तहसीलदार, जिला आबकारी अधिकारी, एआरटीओ, खनन अधिकारी समस्त अधिशासी अभियंता अधिशासी अधिकारी व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम व एसपी द्वारा सभी को पर्व की दी गई शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात



ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत श्री विशाल सिंह, जिलाधिकारी भदोही एवं डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के संयुक्त निर्देशन में सभी नमाज स्थलों व प्रमुख स्थानों पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई। ड्रोन कैमरों के द्वारा व रूफ टॉप ड्यूटी लगाकर संवेदनशील स्थानों की सतत् निगरानी की जा रही है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों सहित समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा लगातार भ्रमणशील रहकर व धार्मिक स्थलों पर ड्यूटीरत सुरक्षा कर्मियों द्वारा पूर्ण सतर्कता से कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जनपद के सभी नमाज स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा सभी को त्यौहार की शुभकामनाएं दी गई एवं त्यौहार को शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए जाने हेतु जनपद वासियों की सराहना की गई। पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा नमाज को सकुशल संपन्न कराने हेतु ड्यूटी में लगे सभी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों सहित समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना/चौकी प्रभारियों, हल्का प्रभारी एवं ड्यूटीरत कर्मियों के सतर्कता व सूझबूझ से किए गए कर्तव्य निर्वहन की सराहना करते हुए शाबाशी व बधाई दी गई।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

थाना ऊँज क्षेत्र अंतर्गत वादी की नाबालिग पुत्री उम्र करीब 17 वर्ष को आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना के सम्बन्ध में दिनांक-07.06.2024 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-41/2024 धारा-363 भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत कर त्वरित विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गयी। डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही के निर्देश के क्रम में आज दिनांक-17.06.2024 को स्थानीय पुलिस द्वारा नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए उक्त अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सन्तोष कुशवाहा पुत्र विन्ध्यवासिनी निवासी ग्राम लखनऊरी थाना देवरिया कोठी जिला मुजफ्फरपुर (बिहार) उम्र करीब 21 वर्ष को मुखबिरी सूचना के आधार पर वहिदा मोड़ तिराहे के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया।

## आधुनिक जीवन शैली में महिलाओं के लिए योग का महत्व पर आयोजित हुआ संगोष्ठी

● योग सप्ताह के चौथे दिन सभी विकासखंडों के निर्धारित ग्राम पंचायतों में योग प्रशिक्षक द्वारा कराया गया सामूहिक योगाभ्यास

रंगोली में दर्शित हुआ योग के बहुआयामी दृष्टिकोण



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 18 जून 2024/** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस /योग सप्ताह के चौथे दिन जिलाधिकारी विशाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन व निर्देशन में जनपद के सभी विकास खण्डों के निर्धारित ग्राम पंचायतों में योग प्रशिक्षक के माध्यम से सामूहिक योगाभ्यास किया गया साथ ही रंगोली व योग पर आधारित विचार गोष्ठी के माध्यम से जनमानस को योग के प्रति प्रेरित व जागरूक किया गया।

विकासखंड भदोही के ओदार नाथ मंदिर परिसर में योग प्रशिक्षक योगेश पाल, ज्ञानपुर के हरिहरनाथ मंदिर में लक्ष्मी,डीघ के सीतामढ़ी मंदिर परिसर में कपिल देव यादव व श्रीमती रंजीत यादव , सेमराधनाथ धाम मंदिर परिसर में प्रतीक चौधरी, तिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सुमित पांडेय, औराई के बड़े शिव मंदिर तिऊरी में शेषधर, तथा सामूहिक स्तर पर डॉ अमित आनंद व डॉ अशोक दिनकर की देखरेख में सामूहिक योगाभ्यास का सफल कार्यक्रम संपादित हुआ। उपरोक्त सभी ग्राम पंचायत में 11 से 2:00 बजे के बीच योग से संबंधित रंगोली के माध्यम से योग के विभिन्न आयामों को दर्शाया गया तथा अपराह्न 3 से 5 बजे तक आधुनिक जीवन शैली में महिलाओं के लिए योग का महत्व पर संगोष्ठी आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने अपने पक्ष रखें तथा जनमानस को योग व शारीरिक संतुलन के दतात्मय संबंधों को रेखांकित किया गया। 19 जून को सभी विकास खण्डों के निर्धारित ग्राम पंचायतों में सामूहिक योगाभ्यास के साथ-साथ रंगोली व मानसिक स्वास्थ्य एक संपूर्ण विकल्प पर विचार संगोष्ठी के माध्यम से जनमानस को जागरूक किया जाएगा।

## मिर्जापुर में सोने चांदी से सजा माँ विंध्यवासिनी का गर्भगृह

● गर्भगृह को सजाने में लगा करीब 57 किलो सोना चांदी, 12 दिन में किया गया सेट, डीएम ने की आरती



स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** विंध्याचल धाम में विराजमान आदि शक्ति माता विंध्यवासिनी के गर्भगृह को करीब 57 किलो सोने एवं चांदी से सजाया गया। माँ के धाम में भक्त संजय सिंह के द्वारा अर्पित मंडप में विराजमान माता विंध्यवासिनी की जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने विधिवत पूजन अर्चन किया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने भक्त के श्रद्धा को देखते हुए उन्होंने आभार जताया । कहा कि माँ का धाम निरंतर सजता रहे। विंध्याचल धाम में माँ के गर्भगृह को सजाने का काम 6 जून से आरम्भ हुआ था। प्रतिदिन अधिष्ठापन कार्य के दौरान दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक प्रथम प्रवेश द्वार से 3 घण्टे के लिए प्रवेश बंद रखा गया था। एक तरफ सजावट का कार्य किया जा रहा था तो दूसरी तरफ पश्चिमी द्वार से भक्तों को दर्शन करने की सुविधा प्रदान किया गया था। 12 दिन तक चले कार्य के बाद माँ के धाम की निराली छवि देख भक्त निहाल हो उठे। तीर्थ पुरोहित डा. राजेश मिश्र ने बताया कि करीब 4.5 करोड़ के लागत से मुंबई के उद्योगपति संजय सिंह ने अपने माता पिता के संकल्प को पूरा करने के लिए गर्भगृह को सोने चांदी से सजवाया हैं । जिसमें करीब 52 किलो चांदी और 4.5 किलो सोना लगाया गया है। महाराष्ट्र एवं गुजरात के कारीगरों ने गर्भगृह को सजाने का काम किया हैं।

मुंबई के उद्योगपति संजय सिंह ने अपने तीर्थ पुरोहित शिवानंद मिश्र के निर्देशन में संकल्प को पुरा किया। जिलाधिकारी ने कार्य पूर्ण होने पर माँ की पूजा अर्चना कर आरती उतारी। उन्होंने भक्ति और श्रद्धा के साथ मां के धाम में सोना चांदी अर्पित करने वाले भक्ति का आभार जताया । माता विंध्यवासिनी के धाम में सोने चांदी से गर्भगृह को संकल्प के रूप में पूरा करने वाले भक्त संजय ने कहा कि यह सब मां विंध्यवासिनी की कृपा है । उनका पूरा परिवार जगत जननी का अनन्य भक्त है । मां की कृपा और श्रीविंध्य पंडा समाज के सहयोग से सेवा करने का अवसर मिला । कह कि मेरी इच्छा है कि विश्व में मां विंध्यवासिनी का प्रसिद्ध हो । करोड़ों की संख्या में भक्त मां के धाम में आए और सब पर माँ की कृपा बनी रहे।

## माँ गंगा का जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया गया

●मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए नगर विधायक रत्नाकर मिश्र

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन भी परिवार के साथ किया मां गंगा की आरती





स्वतंत्र प्रभात

**विंध्याचल।** मॉ विंध्यवासिनी पक्का घाट पर विन्ध्य विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित गंगा दशहरा के मॉ गंगा जन्मोत्सव कार्यक्रम में मॉ गंगा की महा आरती देवी जागरण व दीपदान प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में नगर विधायक पं रत्नाकर मिश्रा शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रियंका निरंजन जिलाधिकारी ने किया जिसमें घाट को काशी के तर्ज पर सजाया गया था जिसमें सर्व प्रथम मुख्य अतिथि नगर विधायक पं रत्नाकर मिश्र व अध्यक्ष/जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को संकल्प कराकर मॉ गंगा का विशेष पुजन कराके महा आरती प्रारम्भ किया गया जिसमे घाटों पर आरती की थाली लेकर माताऐं बहने भी माता गंगा की आरती उतारी आरती पश्चात मुख्य अतिथि पं रत्नाकर मिश्र व अध्यक्ष जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को अंगवस्त्र पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया उसके बाद पुरी गंगा आरती टीम को स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि नगर विधायक रत्नाकर मिश्र व अध्यक्ष जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा सम्मानित किया गया रत्नाकर मिश्र बोले की मॉ गंगा को हम सब लोगों को साफ व स्वच्छ रखना चाहिए व सभी को मॉ गंगा की स्वच्छता व वृक्षारोपण करने के लिए संकल्प दिलाया और बोले गंगा आरती स्थल को और भव्य स्वरूप दिया जाएगा जिससे यहां पर आने वाले यात्री को भव्य आरती का दर्शन हो सके प्रियंका निरंजन ने कहा कि हम लोग मॉ गंगा के आरती में यह प्रण करें की हम लोग न गंगा मैया में गंदगी नहीं करेंगे न किसी को करने देगे गंगा मैया की आरती में आके मन को बहुत सुकुन मिलता है व आरती करने वाले रामानन्द तिवारी व उनकी टीम को साधुवाद व बधाई दिया पुरी टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया उसके बाद देवी जागरण का दौर रात भर चलता रहा जिसमें झांकी में हनुमान जी ने बजाये जा रे प्यारे हनुमान चुटकी पर लोगों को झुमने पर मजबुर कर दिया व शंकर पार्वती कृष्ण राधा सुदामा की झांकी ने लोगों का मन मोह लिया हिन्दी कलाकार जय चौरसिया ने मानो तो मै गंगा मॉ हु न मानो तो बहता पानी पर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया उसके बाद तुने जो कमाया है दुसरा ही खायेगा भोजपुरी कलाकार राजा तिवारी ने भी मेरी इक बुढ़ी मां है व माता का पचरा देवी गीत की झड़ी लगा दी टी सिरीज़ कलाकार कृति जी ने गंगा अवतरण पर सुंदर भजन गाया उसके बाद आधा दर्जन गायकों ने अपनी हाजिरी लगाई इस मौके पर घाटो पर हजारों के संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल रहे इस मौके पर मुख्य रूप से सचिव /नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, अधिशासी अधिकारी गोवा लाल नायब तहसीलदार लाल चंद मंदिर प्रभारी राजेश मिश्रा थाना अध्यक्ष दयाशंकर ओझा धाम चौकी प्रभारी राज कुमार पाण्डेय व पुलिस प्रशासन के लोग शामिल रहे गंगा आरती टीम में प्रमुख रामानन्द तिवारी जितेंद्र मिश्रा प्रशांत उपाध्याय धीरज तिवारी साजन तिवारी आनन्द तिवारी गगन माली बलवंत सिंह रितिक मोदनवाल हिमांशु मिश्रा विश्वनाथ साहु राम जी रमेश शिवचरण शिवम व हजारों के संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए।

## एंटीरोमियो टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलम्बन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाए जा रहे महिला सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

**मिशन शक्ति अभियान**

आज दिनांक-18.06.2024 जनपद के समस्त थानों की एंटीरोमियो टीमों द्वारा शासन द्वारा नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन/महिला कल्याण के प्रति चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा,नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाये जा रहे पुलिस की महिला सुरक्षा सम्बंधी विभिन्न महिला हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, हेल्पलाइन नम्बरों 1076 आदि के बारे में जागरूक किया तथा उपस्थित सभी महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नम्बरों पर कॉल कर पुलिस को सूचित करने हेतु बताया गया। सभी बालिकाओं/महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया। साथ ही एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा आसपास बेवजह घूम रहे युवकों/शोहदों से पूछताछ कर चेतावनी देकर तथा नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।



## नल जल योजना के तहत रोड पर बह रहा पानी

**ग्राम प्रधान और अधिकारी मौन, नही मिल पा रहा पानी, इस प्रचंड गर्मी में कैसे बुझे जन जीवन के प्यास**

**जमुई, मीरजापुर।** सैरया चेराकेपूरा नल जल योजना के तहत लगाए गए पाइपलाइन फट चुकी है पाइपलाइन फटने के वजह से सारा पानी रास्ते में ही बह कर बर्बाद हो जा रहा है किसी भी व्यक्ति को पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। इस प्रचड गर्मी में लोगों को पानी पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।ब्लॉक के आला अधिकारी का कोई ध्यान नहीं है ब्लॉक अधिकारी मस्त है जनता इस समस्या से त्रस्त है। आखिकार ग्रामवासी अपनी गुहार किससे लगाए।इस समय प्रचंड गर्मी में लोग पानी के लिए तरस रहे हैं।

# संक्षिप्त ख़बरें

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



मेजा (खास) प्रयागराज। मेजा कोतवाली अंतर्गत ऊँचडीह के सोनार के तारा पर संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत से हड़कंप मच गया। जानकारी अनुसार मेजा थाना अंतर्गत ऊंचडीह बाजार सोनार का तारा निवासी बेचन भारतीय के पुत्र सुनील कुमार उम्र 25 वर्ष का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के नजदीक खेत में मिला।

इस बात की सूचना जब परिजनों की हुई तो मौके पर पहुंचे तो दहाडे मारकर रोने लगे ग्रामीणों की मदद से उठाकर सीएससी रामनगर ले गये जहां डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया, गुस्साए परिजनों ने शव को ले जाकर सोनार का तारा चौराहे पर रखकर हल्ला करने लगे। परिजनों ने अपने ही पड़ोसी के ऊपर हत्या का आरोप लगाकर गिरफ्तारी की मांग करने लगे। फिलहाल सुनील की मौत किस कारण हुई यह स्पष्ट नहीं हो सका । सूचना पर मेजा थाना प्रभारी जेवनिया चौकी इंचार्ज ,सिरसा चौकी इंचार्ज मय फोर्स मौके पहुंचकर भीड़ को काबू कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज कर जांच पड़ताल में जुट गए। बता दें कि मृतक घर पर रहकर मजदूरी करता था छोटे-छोटे दो बच्चे हैं माता-पिता, पत्नी समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

## गंगा दशहरा के अवसर पर शंकरगढ़ की महिलाओं ने बांटा शरबत



**शंकरगढ़, प्रयागराज।** गंगा दशहरा के पवन पावन अवसर पर शंकरगढ़ नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 में महिलाओं ने वितरित किया शरबत वार्ड नंबर 4 की महिलाओं ने धूमधाम से मनाया गंगा दशहरा जो लोग गंगा स्नान करने नहीं जा सके उन्होंने घर में पूजा अर्चना कर मंदिरों में जलाभिषेक कर गंगा दशहरे का पर्व मनाया ।शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार के दिन जगह-जगह वितरित किया गया शरबत लोगों को गर्मी से भी मिली राहत।

वार्ड नंबर 4 की रहने वाली महिलाओं ने शिव मंदिर पर शिव की पूजा की उसके बाद श्रद्धा अनुसार गर्मी से व्याकुल लोगों को अपने हाथ से शरबत पिलाया इस दौरान रितु शक्ति सिंह, श्याम काली,प्रीत, रिद्धि सहित वार्ड नंबर 4 की तमाम महिलाएं बच्चे बुजुर्ग मौजूद रहे।

## जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने ईद उल अजहा बकरीद पर्व पर शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जनपद में ईदद्बउलद्बअजहा (बकरीद) पर्व पर जिले में कानून, शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जिला अधिकारी राजेश कुमार राय व पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव कौशाम्बी द्वारा साथ-साथ जनपद में निरन्तर भ्रमणशील रहते हुये ईदगाह का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को चेक कर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुये बकरीद की नमाज को सकुशल शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया गया । इस दौरान उपजिलाधिकारी मंझनपुर व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर और थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।

## कन्टेनर से भिड़ी कार, दंपती सहित चार घायल




**सिराथू कौशाम्बी।** जनपद में सैनी कोतवाली क्षेत्र के डोरमा गाँव के पास सोमवार सुबह तेज रफ्तार कार हाईवे किनारे खड़े कंटेनर से भिड़ गई। हादसे में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। झांसी जिले के रहने वाले बड़ा गाँव कस्बा निवासी राम सजीवन मिश्रा पुत्र गया प्रसाद मिश्रा अपनी पत्नी सरोज देवी बेटी नेहा और भाई रजत के साथ निजी कार से दर्शन करने वाराणसी गए थे। सोमवार की सुबह सभी लोगों घर लौट रहे थे। डोरमा गाँव के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कंटेनर से भिड़ गई।आसपास के लोगों ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से सिराथू सीएचसी में भर्ती कराया गया प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख कर डॉक्टरों ने अस्पतालों में रेफ़र कर दिया । कार राम सजीवन चल रहे थे माना जा रहा है की झपकी की वजह से हादसा हुआ है। राम सजीवन का दोनों पैर टूट गया है।

# आटो चालक युवक की हुई दर्दनाक मौत, परिजनो ने हत्या की जताई आशंका

**● इलाकाई पुलिस ने जांच पड़ताल में जुटी हुई, आरोपि घर से फरार।**



स्वतंत्र प्रभात

मेजा प्रयागराज। मेजा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ओनौर गांव निवासी सुरेश चंद्र सिंह( 38 )पुत्र त्रिभुवन सिंह है जो की आटो चालक है। वही आटो चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मिली जानकारी अनुसार गांव की ही महिला निशा सोनकर पत्नी रामबाबू सोनकर सुरेश चंद्र का आटो 11तारीख के लिए मिर्जापुर के लिए बुक किया गया।और 11तारीख को निशा सोनकर अपने पति रामबाबू सोनकर और गांव के ही अजय यादव साथ में मीरजापुर जाते है।तो उस दिन आटो चालक सुरेश चन्द्र घर वापस नहीं आया।जब सुरेश की पत्नी प्रिया सिंह की निशा सोनकर से फोन पर बात करती है तो बताया जाता है कि एक दो दिन रुक कर आयेगे।तो सुरेश की पत्नी प्रिया सिंह ने कहा ठीक है क्यू की निशा सोनकर ने महीने एक दो महीने में अक्सर आटो लेकर उसे मिर्जापुर लेकर जाया करती थी और सुरेश चन्द्र एक दो दिन रूकर आता था।

वही सुरेश चन्द्र की पत्नी ने बताया की इस बार हमारी एक बार बात करवाने के बाद हमारा नम्बर ब्लैक लिस्ट में डाल दिया गया।और हमारे पति के पास पर्सनल फोन नही था की मैं बात कर सकू।वही पत्नी ने बताया की जब 15 तारीख की सुबह लगभग 7.30 बजे घर वापस आते है। तो उनका आटो अजय यादव चला रहे थे।

और सुरेश चंद्र को घर के सामने उतार कर गाड़ी लेकर चले जाते है जब घर के लोग और सुरेश की पत्नी प्रिया ने देखा तो सुरेश एक कदम चल भी नही पा रहे थे। जब पत्नी प्रिया और परिवार के लोगो ने पूछा तो सुरेश ने सिर्फ इतना ही बताया की हमारे साथ धोखा किया गया है।और हमारा कमर जल रहा है।जब घर के लोग ने सुरेश के बदन से कपड़े उतार कर देखे तो कमर का हिस्सा बहुत बुरी तरह से जला हुवा था जिससे परिवार के लोगो ने हत्या की आशंका जाहिर किया।कोई जहरीला केमिकल डाला गया है। या पिलाया गया है जिससे इनकी यह हालत हुई है।आपको बताते चलें कि सुरेश चंद्र की दो से तीन घंटे में मौत हो जाती है वही बच्चे समेत पत्नी का रो रो कर बुरा हाल बेहाल है।पीड़ित परिवारो ने चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक को सूचना दिया।

चौकी प्रभारी ने मयफोर्स के साथ पहुंचकर जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्डम के लिए प्रयागराज भेज दिया। अग्रिम कार्यवाही में जुट गए।मृतक सुरेश के दो बच्चे है लड़के का नाम शिवा सिंह उम्र लगभग 12 वर्ष व लड़की का नाम कु0शिवानी सिंह उम्र लगभग 11वर्ष है।पीड़ित परिवारो का कहना है कि हमारे पति की हत्या हुई है।शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

# भारत का विभाजन 1947 के पहले भी हुआ था है

स्वतंत्र प्रभात



सुखदेव सिंह महाविद्यालय महरौड़ा में काशी प्रांत बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के पांचवे दिन सोमवार को विहिप काशी प्रांत के प्रांत मंत्री कृष्ण गोपाल ने कहा कि भारत माता का विभाजन अधिकतर लोग पाकिस्तान के रूप में ही जानते हैं।

जब की वास्तविकता यह है कि 1857 से 1947 तक भारत माता के कई टुकड़े हुए और सात नए देश बन गए प्राचीन काल में अखंड भारत कई राज्यों में बट गया था जिसे मौर्य वंश के संस्थापक सम्राट चन्द्र गुप्त मौर्य ने एक जुट किया था। अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, और तिब्बत भारत के ही हिस्सा थे।

लेकिन समुदाय विशेष को प्रसन्न करने के लिए 14 अगस्त 1947 को मध्यरात्रि 12बजे पुनः एकबार भारत माता का विभाजन धार्मिक आधार पर पाकिस्तान के रूप में हुआ।

बलिदानी भगत सिंह की समाधिस्थल, कुश का कुसूर, लव का लाहौर, नाना साहब का ननकाना, 51 शक्तिपीठ हमसे अलग हो गए।

यह विभाजन राजनैतिक रूप से हुआ है सांस्कृतिक रूप से नहीं हुआ है,इसलिए विहिप बजरंगदल इस विभाजन की मान्यता नहीं देता है और विभाजित हुए सभी देशों को एक जुट कर के भारत मां को पुनः अखंड बनाने के लिए 14अगस्त को बजरंग दल के कार्य करता संपूर्ण भारत में अखंड भारत संकल्प दिवस के रूप में मनाते हैं।

**मुख्य शिक्षक देवानंद के द्वारा सभी बजरंगियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।**

सत्य प्रताप प्रांत संयोजक काशी प्रांत, आनन्द सह संयोजक काशी प्रांत, मुकेश, पवन कुमार पाण्डेय जिला संयोजक बजरंग दल गंगापार, विभागमत्री महेश,विभाग संगठन मंत्री अंशुमान, जिला मंत्री विनेक त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी, जिला सहमंत्री दीपक, आशुतोष, राकेश पाठक, विभाग प्रचार प्रमुख प्रियांशु, स्वामी, संतोष आदि प्रशिच्छन में सामिल थे।

# नन्दीकेश्वर लिंग,महाबलेश्वर शिवलिंग और अंन्धकासुर की जन्म मृत्यु की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

स्वतंत्र प्रभात





**बारा कौशाम्बी।** कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट में चल रही शिव महापुराण कथा के छठवें दिन कथा नंदीकेश्वर महादेव का महत्म में कथा व्यास डॉ. ओम ओझा महराज जी सम्पूर्ण जगत में जहां कहीं भी शिव मंदिर है, वहां भगवान नंदीश्वर भी विराजमान होते हैं। कहा जाता है कि नंदी महाराज भगवान शिव के सबसे प्रिय गण और उनके सभी गणों में प्रमुख हैं। मां पार्वती और महादेव उन्हें अपने पुत्र के समान मानते हैं। किंतु क्या कभी आपने सोचा है कि नंदीश्वर की उत्पत्ति कहां से हुई। तो आइए आज हम आपको नंदी की उत्पत्ति की कथा सुनाते हैं।भारत में 18 पुराण माने गये हैं। इनमें से एक पुराण है लिंग पुराण, जिसमें बताया गया है कि ऋषि शिलाद के पुत्र ऋषि शैलादि ही भगवान नंदीश्वर हैं। इनके बारे में ये स्वयं ही लिंग पुराण में अपने जन्म की कहानी सुनाते हैं।

डॉ.ओम ओझा जी महराज ने महाबलेश्वर महादेव की कथा में बताया कि भगवान श्री गणेश ने की थी महाबलेश्वर की स्थापना कुछ कथाओं का मानना है कि रावण की माता समुद्र के किनारे बार बार बालू के शिवलिंग का निर्माण कर रही थीं लेकिन बहाव आने पर शिवलिंग फिर से नष्ट हो जा रहा था तो रावण ने भगवान शिव की तपस्या करके आत्मलिंग प्राप्त किया था और लंका लेकर जा रहा था तो देवताओं ने रावण के डर से गणेश जी का सहारा लिया और रावण के पास भगवान गणेश एक ब्राह्मण का वेष बनाकर गए और रावण ने आपातकाल में शिव के आत्मलिंग को ब्राह्मण रूप धारी गणेश को पकड़ा दिया और गणेश जी ने उस लिंग को वहीं स्थापित कर दिया। फिर रावण ने अपनी सारी शक्ति से उस लिंग को उठाने का प्रयास किया लोकिन उठा नहीं पाया और निराश होकर लंका चला गया।हर युग में रंग बदलते हैं भोलेनाथ शिव पुराण में एक कथा आती है जब गौतम ऋषि बताते हैं कि गोकर्ण में स्थित महाबलेश्वर शिवलिंग का दर्शन करने से सभी रोग और पापों से मुक्ती मिलती है और हर युग में रंग बदलते हैं भोलेनाथ इसलिए सृष्टि चक्र के अनुसार हर युग में भगवान शिव के दर्शन अलग-अलग रंग में होते हैं। महाबलेश्वर लिंग के दर्शन करने से बड़े से बड़े पाप टिक नहीं सकते भगवान शिव का यह लिंग सभी लिंगों का सम्राट है। जो चार युगों में चार प्रकार के रंग बदलता है और सभी प्रकार के रोग और पाप को नष्ट करता है। भगवान शिव के इस धाम में जाने से आपको सभी पापों का नाश हो जाता है और शरीर के और मन के सभी रोगों का भी नाश हो जाता है।

अंधकासुर का जन्म और संहार की कथाकथा व्यास ओम ओझा जी महराज ने श्रोताओं के कथा में बताए कि लिंग पुराण अनुसार दैत्य हिरण्याक्ष ने कालाग्नि रुद्र के रूप मे परमेश्वर शिव की घोर तपस्या करके से उनसे शिवशंकर जैसे एक पुत्र का वरदान मांगा। भगवान शंकर ने वरदान स्वरुप हिरण्याक्ष के घर अंधकासुर के रूप मे जन्म लिया । अंधकासुर बचपन से ही शिव के परम भक्त थे । अंधकासुर ने भगवान शिव की तपस्या कर उनसे से 2000 हाथ, 2000 पांव, 2000 आंखें, 1000 सिरों वाला विकराल स्वरुप प्राप्त किया । अपने पिता हिरण्याक्ष के भगवान विष्णु के वराह अवतार द्वारा वध पश्चात आहात अंधकासुर भगवान शंकर और विष्णु को अपना परम शत्रु मानने लगा। अंधकासुर ने ब्रह्मादेव की तपस्या कर उनसे देवताओं द्वारा न मारे जाने का वर प्राप्त कर लिया।माता पार्वती को कु दृष्टि डाली तो भगवान शिव के उसका देवासुर संग्राम में जा कर इस राक्षस का अंत कर दिया ।और वरदान के अनुसार इस प्रकार सभी देवताओं द्वारा उस पर निवास करने के कारण वह वस्तु रूप विकराल पुरुष वास्तुपुरुष नाम से विख्यात हुआ।इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक कौशांबेश्वर संकट मोचन ट्रस्ट संस्थापक बाबा बुद्धनदास, आचार्य अशोक ओझा, उपाध्यक्ष, संरक्षक राजू केशरवानी,सचिव कौशिक अग्रहरि, विकास अग्रहरि, रोहित मिश्र, चित्रकूट के संत खत्री बाबा, संगम लाल, रमेश पाल, रज्जन महराज जी फरीदपुर के महराज जी यजमान, मानस मिश्रा, विकेक मिश्रा, के साथ साथ आमाकुआं के सनातन प्रेमियों के साथ सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्रीय रहे।

# जलकल पम्प आपरेटर की हीट स्ट्रोक से मौत

**● कर्मचारी की मौत के बाद भी मौके पर नहीं पहुंची नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी**



स्वतंत्र प्रभात

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में कार्यरत जलकल पम्प आपरेटर सतीश केसरवानी पुत्र अमृत लाल निवासी गौरा भरवारी की हीट स्ट्रोक से मौत हो गई,सतीश अधिकतर रात में ड्यूटी करते थे,सुबह जब पम्प से पानी सप्लाई नहीं हुई तो लोगों ने जाकर देखा तो पानी टंकी का दरवाजा अन्दर से बन्द था, लोगों ने जब खिड़की से झांका तो आपरेटर सतीश केसरवानी की अस्त व्यस्त हालत देख तुरन्त जलकल सुपरवाइजर बृजेश मिश्रा व पम्प आपरेटर एकलाख अहमद को सूचना दिया।

सूचना पर जलकल सुपरवाइजर और एकलाख अहमद पहुंचे और सीढी के माध्यम से अन्दर उतर कर देखा तो आपरेटर सतीश केसरवानी की मौत हो चुकी थी, जलकल सुपरवाइजर बृजेश मिश्रा ने इसकी सूचना सतीश के परिजनों ,नगर पालिका ईओ राम सिंह और अध्यक्ष कविता पासी के साथ पुलिस को भी दी,घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्यवाई करने में जुट गई है।

नगर पालिका के पंप कर्मी की मौत के बाद अध्यक्ष कविता पासी उनके प्रतिनिधि आशीष कुमार पासी और अधिशासी अधिकारी को अपने कर्मचारियों की मौत पर मौके पर पहुंचने का समय नहीं मिला है नगर पालिका अध्यक्ष और उनके अधिकारी इतने आराम तलब है कि उन्हें अपने कर्मचारियों की मौत से भी कोई लेना-देना नहीं है जिससे इनका कर्मचारियों के प्रति लगाव का अंदाजा लगाया जा सकता है यह अपने कर्मचारियों के दुख सुख में कितना शामिल होंगी किसी व्यक्ति के परिवार में मौत से बड़ा कोई दुख नहीं होता है और जब नगर पालिका के अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी कर्मचारी की मौत पर नहीं पहुंच सके हैं तो कर्मचारियों के अन्य दुख मुसीबत पर इनसे कर्मचारी क्या सहयोग की उम्मीद रखें नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी उनके प्रतिनिधि आशीष पासी और अधिशासी अधिकारी के इस रूखे व्यवहार पर नगर के लोगों के बीच तरह तरह की चर्चाए होती रही।

# अधूरे शौचालय पर निकल गया नगर पालिका से बजट

स्वतंत्र प्रभात




**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के प्राइवेट बस स्टैंड वन विभाग के पास में यात्रियों को सहूलियत देने के लिए मूत्रालय और शौचालय का निर्माण लाखों रुपए की लागत से कराया गया है प्राइवेट बस स्टैंड में बनाए गए शौचालय में अभी तक पानी की टंकी नहीं लगाई गई है शौचालय सीट नहीं लगाई गई समरसेबल पंप नहीं चालू हो सका है पूरा शौचालय अव्यवस्था का शिकार है जिससे शौचालय यात्रियों को उपयोग में नहीं आ सका केवल दीवाल खड़ी करके रंग रोगन कर सरकारी खजाने से लाखो का बजट निकाल लिया गया है वर्षो पूर्व बनाई गई शौचालय की योजना अधूरी रह गई जिससे यात्रियों को मलमूत्र त्याग करने में दिक्कतें होती है लेकिन उसके बाद भी नगर पालिका मंझनपुर के अधिकारी प्राइवेट बस स्टैंड के शौचालय की व्यवस्था पूरी कर शौचालय मूत्रालय उपयोग लायक नहीं कर सके हैं इस तरह की योजना का क्या मतलब जिसका उपयोग न किया जा सके प्राइवेट बस स्टैंड पर मूत्रालय और शौचालय के उपयोग के लिए यात्री परेशान है महिला यात्रियों को अधिक दिक्कतें होती हैं आखिर ऐसी योजना बनाने का क्या मतलब है जिसमें बजट निकल जाए और योजना का लाभ आम जनता को ना मिल सके।

# रोही पुल के समीप बस पलटी, दुर्घटना से कई घायल

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद में कोखराज कोतवाली क्षेत्र के पास यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट जाने से बस में बैठ कई यात्री घायल हो गए हैं घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है भरवारी कस्बा रोही ब्रिज के समीप अचानक अनियंत्रित होकर बस पलट गई पलटी बस के अंदर फसे यात्रियों को देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दिए मौके पर पुलिस टीम ने एम्बुलेंस की मादत से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है बस को रोड से बाहर हटवाया गया है कोखराज थाना प्रभारी ने बताया की किसी तरह की बड़ी दुर्घटना नहीं घटी है कुछ यात्री घायल हुए हैं जिनका इलाज चल रहा है।

# डॉक्टर ए एच रिजवी डिग्री कॉलेज में बांटे गए टैबलेट

**● 81 छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरित का हुआ आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात






**करारी कौशाम्बी।** करारी कस्बे के डॉ ए एच रिजवी डिग्री कॉलेज में टेबलेट वितरण किया गया । जिसके तहत कॉलेज के छात्र छात्राओं को टैबलेट प्राप्त हुआ। कुल 81 बच्चों को टैबलेट वितरण किया गया। इसी क्रम मे आज मंगलवार को डॉक्टर रिजवी डिग्री कॉलेज में मुख्य अतिथि बतौर डॉक्टर रिजवी ट्रस्ट के सचिव करार हुसैन उर्फ रशीद रिजवी ने छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरित किए। उन्होंने इस अवसर पर जानकारी देते हुए बताया कि रिज़वी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग , लॉ, डिग्री कॉलेज में लगातार टेबलेट और स्मार्टफोन वितरण किए जा रहे हैं। आज मंगलवार को 81 बच्चों को टैबलेट वितरण किया गया।

81 छात्र-छात्राओं को टैबलेट बांटा गया है। टैबलेट पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी जाहिर हुई, वहीं छात्राओं को बताया गया है कि टैबलेट का उपयोग आप अपने अच्छे कामों में लगाना शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है सरकार के सपने को साकार आप लोगों को करना है। रिजवी ट्रस्ट के सचिव व मुख्य अतिथि रहे करार हुसैन उर्फ राशीद रिजवी ने कहा कि छात्र छात्राओं के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से स्मार्ट फोन टैबलेट दिए जा रहे है। उन्होंने कहा की धीरे धीरे चरण बद्ध तरीके से इन स्मार्ट टैबलेट का वितरण किया जा रहा है।और आने वाले समय मे अन्य छात्रों को भी स्मार्ट फोन एवं टैबलेट वितरित किये जायेंगे।इस मौके पर रिजवी डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर राजेश सक्सेना, डॉ मुकुंद देव द्विवेदी, डॉ सुनील कुमार अग्रहरी, डॉक्टर अशरफ अब्बास, समीरा बानो, आंनद गुप्ता' मोहित त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण की गुणवत्ता को सुधारते हुये प्रशिक्षणार्थियों को अधिकाधिक संख्या में सेवायोजित कराने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में आज कार्यालय कक्ष में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन योजनान्तर्गत जिला कौशल विकास योजना (डी0एस0डी0पी0) तैयार किये जाने के लिए जिला कौशल समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कौशल विकास मिशन योजनान्तर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुये प्रशिक्षण की गुणवत्ता को सुधारते हुये प्रशिक्षणार्थियों को अधिकाधिक संख्या में सेवायोजित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 मे प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऐसे कोर्सो के चयन का सुझाव दिया जाय, जिससे जनपद के युवाओं को अधिकाधिक संख्या में सेवायोजित कराया जा सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला कौशल समिति के सदस्य एवं अनुबन्धित संस्थाओं के प्रशिक्षण प्रदाता उपस्थित रहे।

# मृदा परीक्षण के आधार पर किसानों को मिलेंगी खाद, बीज, दवायें

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में वित्तीय वर्ष 2024-25 में उ0प्र0 सरकार द्वारा किसानों एवं कृषि स्नातकों की उन्नति के लिए वन स्टॉप शॉप योजना के अन्तर्गत प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर खुलने वाले इस केन्द्र पर जहां एक छत के नीचे किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर खाद, बीज, दवा मिलेंगी, वहीं किराये पर लघु कृषि यंत्र भी मुहैया करायी जायेंगी।

यह जानकारी उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने देते हुए बताया कि कृषि विभाग द्वारा प्रयोग किये जाने वाले वन स्टॉप शाप में किसानों को मृदा परीक्षण की सुविधा मुहैया कराई जायेंगी तथा उर्वरकों को प्रयोग की संस्तुति की जायेंगी। उच्च गुणवत्ता के बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, माइक्रोयुट्रियन्ट वर्मी कम्पोस्ट, कीटनाशक रसायन तथा जैव कीटनाशक सहित समस्त कृषि निवेशों की आपूर्ति होगी। लघु कृषि यंत्रों को यहां किराये पर भी उपलब्ध कराया जायेंगा, प्रसार सेवाओं तथा कृषि प्रक्षेत्र निर्देशन का भी कार्य होगा। वन स्टॉप शॉप का मालिकाना हक कृषि स्नातकां को ही मिलेंगा।

वन स्टॉप शॉप के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की अर्हता-अभ्यर्थी जनपद का मूल निवासी हो तथा किसी मान्यता प्राप्त विशवविद्यालय से कृषि स्नातक/कृषि व्यवसाय प्रबन्धन स्नातक/स्नातक जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों यथा-उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इस तरह की गतिविधियां, जो किसी राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालय से डिग्रीधारी हो, जो आई0सी0ए0आर0/ यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त हो पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त अनुभव प्राप्त डिप्लोमाधारी/कृषि विषय में इण्टरमीडिएट योग्य प्रार्थी पर भी विचार किए जायेगा, तथा अभ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति व महिलाओं को आयु में अधिकतम 05 वर्ष की छूट अनुमन्य है तथा जिनकी जन्म तिथि पहले होगी उनको वरीयता दी जायेगी।

वन स्टॉप शॉप के लिए अभ्यर्थी को रू0 01 लाख मात्र स्वयं खर्च करने होंगे तथा रू0 05 लाख मात्र बैंक से ऋण मिलेंगा। इस प्रकार कुल योजना की लागत रू0 06 लाख मात्र होगी।

वन स्टॉप शॉप हासिल करने वाले कृषि स्नातकों को सरकार की ओर से खाद, बीज एवं कृषि रसायनों की बिक्री का लाइसेंस की प्रतिपूर्ति ग्रामीण/शहरी क्षेत्र की दर से दिया जायेंगा साथ ही बैंकों से प्राप्त होने वाले रू0 05 लाख पर ब्याज पर अनुदान रू0 60 हजार तीन वर्षो के प्रस्तावित कार्य के लिए दिया जायेंगा। वन स्टॉप शॉप परसिर का किराया पर 50 प्रतिशत प्रतिमाह अधिकतम रू0 1000 प्रतिमाह की दर से 12 महीनें का रू0 12 हजार अनुदान देय होगा। कृषि विभाग द्वारा चयनित कृषि स्नातकों को व्यवसाय के निमित्त समेती रहमानखेड़ा, लखनऊ/आर0से0टी0 के द्वारा कम से कम 13 दिन का प्रशिक्षण कराया जायेगा।

## भीषण सड़क हादसा दो कारों की हुई टक्कर मे एक बनी आग का गोला, दो की मौत, 7 अन्य घायल

स्वतंत्र प्रभात





**गोण्डा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खरगूपुर-इटियाथोक मार्ग पर बेंदुली गांव के समीप सोमवार शाम को दो कारों के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टकराव से एक कार आग का गोला बन गई और उसमे भीषण आग लग गई। दोनों कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। अल्टो कार में सवार चार लोग आग की लपटों से घिर गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को कार का शीशा तोड़कर किसी तरह बाहर निकाला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची लोकल पुलिस नें तीन एंबुलेंस के जरिए घायलों को स्थानीय सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टरों नें एक व्यक्ति अमित शुक्ला को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान प्रियंका की भी मौत हो गई। इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलवा बहुता के मजरा रेहरा निवासी अली उल्लाह कार से अपने परिजनों के साथ खरगूपुर के नंदलालपुरवा गांव में अपनी बहन के घर जा रहे थे। जैसे ही बेंदुली गांव के मोड़ के समीप पहुंचे खरगूपुर की तरफ से आ रही एक अन्य कार से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दूसरी कार में बलरामपुर जनपद के अचानकपुर गांव निवासी अमित शुक्ला, उनकी पत्नी रेनू देवी, बेटा विनायक व बड़ी साली प्रियंका (निवासिनी बसन्तपुरराजा) सवार थी। हादसे में सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं अमित शुक्ला की मौत हो गई। जबकि टाटा एक्सएम कार सवार रेहरा गांव निवासी अली उल्लाह, कलीमुननिशा, हिना, अरमान व चांदतारा भी घायल हो गई। सभी घायलों का उपचार जिला अस्पताल गोंडा में चल रहा है। इनमे हिना बेहोस बताई जा रही है जिसका इलाज गोण्डा के एक निजी अस्पताल मे हो रहा है। एक दिन बाद मंगलवार शाम को मृतक अमित व उनके साली का अंतिम संस्कार हुवा। इनके परिजनों ने बताया की अमित के पत्नी रेनू का इलाज लखनऊ चल रहा है और उनका दो साल का पुत्र अब ठीक है जो घर पर है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। यहां उपचार के दौरान प्रियंका ने भी दम तोड़ दिया जबकि अमित की मौत पहले ही हो गई थी। मृतकों के शवों का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कहा की किसी पक्ष से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है, एक कार पूरी तरह जल चुकी है जो लाने लायक नहीं है और दूसरी कार को थाने पर लाया गया है।

# संघ के बिना भाजपा का कोई वजूद ही नहीं




राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत मृदु स्वभाव वाले और मितभाषी हैं। वे किसी खास मुद्दे या अवसर पर ही अपनी बेबाक राय रखते हैं। लेकिन, जब भी वे कुछ कहते हैं तो उसे गौर से सारा देश सुनता और समझने की कोशिश करता है। उनके वक्तव्यों की पूरे देश में विभिन्न कोणों से व्याख्या होने लगती है। हाल ही में आए लोकसभा चुनावों के बाद डॉ. मोहन भागवत ने भाजपा नेताओं पर सांकेतिक और परोक्ष रूप से %अहंकारी% होने के आरोप लगाकर राजनीतिक क्षेत्रों में, खासकर भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच भूचाल सा ला दिया है। मोहन भागवत ने महाराष्ट्र के नागपुर में संघ के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ÷एक सच्चा सेवक काम करते समय मर्यादा बनाए रखता है। उसमें कोई अहंकार नहीं होता कि ÷मैंने यह किया।÷ केवल ऐसा व्यक्ति ही सेवक कहलाने का अधिकारी है।÷ आखिर वे अहंकार पर चर्चा करके क्या कहना चाहते हैं? एक आम राय यह भी है कि डॉ. भागवत की दृष्टि में भाजपा के कुछ नेता सत्ता पर काबिज होने के बाद विनम्र नहीं रहे। वे अहंकारी हो गए। वे आम जनता के सरोकारों से दूर हो गए। उन्होंने जन सेवा के कामों से अपने को दूर कर लिया। इसी कारण के चलते ही जनता ने लोकसभा चुनावों में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं दी।

मुझे भाजपा के एक प्रमुख सहयोगी संगठन के शिखर पदाधिकारी बता रहे थे कि वे कुछ माह पहले किसी जरूरी काम के सिलसिले में एक बार अति प्रमुख स्थान रखने वाले एक केन्द्रीय मंत्री से मिले। मंत्री जी उन महोदय के काम से और संघ निष्ठा से अच्छी तरह वाकिफ थे। वे उम्र और तजुर्बे में मंत्री जी से बड़े हैं ढ्ढ मंत्री जी को पता था कि उन्होंने संघ के कार्यकर्ता के रूप में अपना सारा जीवन खपा दिया है। इतना सब कुछ होने पर भी जब उन्होंने कहा कि संघ ने मुझे यह दायित्व दिया है और आपका सहयोग चाहिये ढ्ढ तब मंत्री जी ने कहा कि, यह दायित्व आपने मुझसे पूछकर लिया था क्या ?÷ उन केन्द्रीय मंत्री जी ने उन संघ निष्ठ वरिष्ठ कार्यकर्ता सज्जन को खड़े-खड़े ही चलता कर दिया। मंत्री जी भूल गए कि भाजपा को मजबूती संघ और उसके सहयोगी संगठनों से ही मिलती है। इसमें कोई शक नहीं है कि भाजपा के उन नेताओं को अपनी सोच में बदलाव तो लाना होगा जो संघ के महत्व और विचारधारा से परिचित नहीं है। संघ के बिना भाजपा का कोई वजूद ही नहीं है। कुछ ऐसे लोग भी संघ के नाम पर भाजपा के शीर्ष पर पहुँच गये, जिनका स्वयं का संघ कार्य का न तो कोई अनुभव है न ही कभी वे संघ में किसी दायित्व के पदों पर रहे हैं। हाँ, यह अवश्य है कि वे संघ परिवार से आते हैं और उनके पिता या बड़े भाई संघ-निष्ठ कार्यकर्ता या पदाधिकारी रहे हैं।

अपने भाषणो में मोहन भागवत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तो हमेशा तारीफ़ करते रहे हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय, मोहन भागवत ने कहा था-' इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पधारने से पहले प्रधानमंत्री जी ने कठोर व्रत रखा। जितना कठोर व्रत रखने को कहा था उससे कई गुना अधिक कठोर व्रताचरण उन्होंने किया। मेरा उनसे पुराना परिचय है और मैं जानता हूँ, वो तपस्वी हैं ही।÷ संघ भाजपा का अभिभावक संगठन है तो यह स्वाभाविक है कि उसका भाजपा पर असर तो रहेगा ही, साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संघ के सक्रिय जीवनदानी पूर्णकालिक प्रचारक भी रहे हैं। अत~ मोदी जी, राजनाथ सिंह आदि की बात अलग है ढ्ढ वे संघ को समझते हैं ढ्ढ कुछ समय से दबी-जुबान से यह भी चर्चा होती रही है कि क्या भाजपा हमेशा संघ के प्रभाव में ही काम करती है? अगर नहीं तो संघ का भाजपा पर नियंत्रण किस हद तक है। सही बात तो यह है कि संघ के पचासों आनुषांगिक संगठन अपना-अपना कार्य स्वतंत्र रूप से करते हैं ढ्ढ पर संघ का परोक्ष नियंत्रण और मार्गदर्शन तो रहता ही है जिसे सभी मानते भी हैं क्या नड्डा को संघ और भाजपा के संबंधों पर यह सब कहना चाहिए था या नहीं, पर कहीं न कहीं संकेत तो ऐसे ही मिल रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के दौरान ही संघ और भाजपा के कुछ नेताओं के बीच कुछ वैचारिक मतभेद उत्पन्न होने लगे थे। हालांकि मैं इस संबंध में कुछ भी पुख्ता रूप से नहीं कह सकता कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव में हार के बाद संघ की ओर से ही उम्मीदवारों के चयन के लिए दिए गए सुझावों पर ध्यान नहीं दिया। संघ और भाजपा लंबे समय से सभी चुनावों में मिलकर काम करते रहे हैं।

हां, यह सच है कि भाजपा में अन्य दलों से बहुत सारे नेता शामिल होते रहे हैं। मुमकिन है कि संघ की सोच को लेकर उनकी कोई बहुत निष्ठा न भी हो। पर यह कोई नहीं मान सकता कि भाजपा को अब संघ के साथ और सहयोग की जरूरत नहीं रही है। भाजपा को संघ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों का अनुसरण करना ही होगा। पंडित दीनदयाल जी और अटल जी अहंकार से कोसों दूर थे। वे सज्जनता और विनम्रता की प्रतिमूर्ति थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ही मुझे 1966 में भारतीय जनसंघ में लाये और उनके जीवन के अंतिम क्षणों तक मैं उनका प्रवास सहयोगी रहा ढ्ढ वे एक गम्भीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक होने के साथ-साथ समर्पित संगठनकर्ता और नेता थे, जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किये। जब मैंने उनके साथ बिहार में 1960 के दशक में काम किया तब मैं किशोर ही था । उनकी शख्सियत में दंभ का नामो-निशान तक नहीं था। एक बार हम प्रवास में झारखण्ड के एक सुदूर कस्बे में एक ही कमरे में ठहरे थे और मैंने उनकी धोती साफकर बाहर फैला दिया था ढ्ढ मुझे उनकी डांट पड़ी थी ढ्ढ उन्होंने कहा था कि ÷यह काम÷ मैं स्वयं करता हूँ, तुमने बिना पूछे क्यों किया ढ्ढ भाजपा के नेताओं को सदैव इन महान संस्थापकों के विचारों और जीवनशैली का अनुसरण करना होगा।

याद रख लें कि किसी ठोस विचारधारा के बिना किसी राजनीतिक दल का कोई मतलब नहीं है। संघ की मार्फत ही भाजपा ÷राष्ट्रीय÷ शब्द को गहराई से समझती है। मोहन भागवत ने एक बार कहा भी था कि राष्ट्रवाद शब्द समाज के लिए ठीक नहीं है। यह शब्द सीमित करता है। वहीं राष्ट्रीयता शब्द विस्तार देता है। ÷वाद÷ शब्द हमेशा स्वार्थ के लिए होता है। वार्थ की पूर्ति होते ही मोह भंग हो सकता है, जबकि राष्ट्रीयता से आत्मिक जुड़ाव होता है। मोहन भागवत साफ बोलते हैं। मणिपुर की अशांति पर भी मोहन भागवत ने अपनी राय रखी हैं। %%मणिपुर एक साल से शांति की तलाश में है। इस पर प्राथमिकता से चर्चा होनी चाहिए। राज्य पिछले 10 वर्षों से शांत था। ऐसा लग रहा था कि पुरानी %बंदूक संस्कृति% खत्म हो गई है। वहां जो अचानक तनाव पैदा हुआ या करवाया गया, उसकी आग में वह अभी भी जल रहा है। इस पर कौन ध्यान देगा? इसे प्राथमिकता देना और इस पर ध्यान देना हमारा कर्तव्य है,%% यह बेबाक टिप्पणी डॉ. मोहन भागवत की है। निस्संदेह पिछले लगभग एक साल से मणिपुर जल रहा है। वहां पर हिंसा और कत्लेआम जारी है। स्थिति काबू में आ ही नहीं रही है। जब लगता है कि अब मणिपुर में अमन की बहाली होने वाली है, तब ही उधर से कोई बुरी खबर सामने आ जाती है। मणिपुर की स्थिति ने सारे देश को परेशान किया हुआ है। जाहिर है कि मोहन भागवत की मणिपुर पर राय से सारा देश अपने को जोड़ता है। अब देश की चाहत है कि मणिपुर में अमन की बहाली हो जाए और संघ-भाजपा के संबंधों में पहले वाली गर्मजोशी दिखाई दे। यह होगा तभी जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं और राष्ट्रवादी सोच के नागरिकों का मनोबल बढ़ेगा।

# कभी अपने भी दांत गिनकर देखे इंसान

आज मै एक ऐसे विषय पर आपके सामने हूँ जो प्राय~ किसी विमर्श का हिस्सा नहीं होता। आज का विषय है दांत। दन्त मनुष्य के ही नहीं अपितु तमाम स्तनपायी जानवरों का एक जरूरी और महत्वपूर्ण अंग है। इसका अपना विज्ञान है। चिकित्स्क हैं, उपचार है। कहावतें हैं ,मुहावरे हैं। मनुष्य दांतों के मामले में बहुत लापरवाह भी होता है और सजग भी। दुनिया में जब पशुओं की उम्र का पता लगाने का कोई विज्ञान नहीं था तब पशुओं के दांत गिनकर ही उनकी उम्र का पता लगाया जाता था। दांत गिनना धर्म का काम भी है और नहीं भी।


आज बकरीद है इसलिए आपको बता दूँ कि इस्लाम धर्म के अनुयायी कुर्बानी के लिए बकरा खरीदते समय उसके दांत जरूर गिनते हैं ,ये एक धार्मिक बाध्यता है ,क्योंकि ऐसा माना जाता है कि केवल 1 साल के बकरे की ही कुर्बानी दी जानी चाहिए। इस वजह से यदि किसी बकरे के दो, चार या फिर छह दांत होते हैं तो ही उनकी कुर्बानी दी जाती है। न ही नवजात और न ही बुजुर्ग बकरे की कुर्बानी दी जाती है। ऐसे में यदि किसी बकरे के दांत नहीं हैं या फिर किसी बकरे के दांत दो, चार या फिर छह से ज्यादा हैं तो उसकी कुर्बानी नहीं दी जाती।

हमारे शहर ग्वालियर में एक शताब्दी पुराना पशु मेला लगता है। इस मेले में मैंने खरीदारों को गाय,बैल,भैंस,बकरी,घोड़ा यहां तक कि ऊँट के दांत गिनते देखा है। जानकार पशुओं के दांत गिनकर उनकी उम्र का अनुमान लगा लेते हैं,यानि पशु विक्रेता अपने माल की उम्र को लेकर ज्यादा ठगी नहीं कर सकता। दांत गिनना एक कला भी है और विज्ञान भी। मनुष्यों में 32 दांत होते हैं। इन्हें भी कभी गिना जाता है और कभी नहीं भी। मनुष्य के दांतों में एक दांत का नाम अक्लदाढ़ भी होता है। ये या तो निकलती नहीं है और यदि निकलती है तो बहुत कष्ट देती है।

बहरहाल दांत को लेकर कहावतें हैं और मुहावरे भी। आपने 'दांत काटी रोटी' के बारे में सुना होगा। सुना होगा कि 'जब दांत थे तब चने नहीं थे और जब दांत नहीं है तो चने हैं"। आपने सुना होगा कि-' दान की बछिया के दांत नहीं गिने जाते'। हमारे यहां तो किसी को परास्त करने या छकाने के लिए भी जो मुहावरा है उसे' दांत खट्टे' करना कहते हैं। एक कहावत हाथी के दांतों को लेकर भी है कि-' हाथी के दांत दिखाने के और खाने के और होते है।' दांत हाथी के और कहावत मनुष्यों के लिए बनी है।

मै जिन दांतों की बात कर रहा हूँ वे बहुउदेशीय होते है। दुनिया बनाने वाले ने दांत बनाते समय ही उनका काम भी तय कर दिया था शायद इसीलिए आप ये जानकर हैरान होंगे कि दाँत का काम सिर्फ किसी चीज को पकड़ना, काटना, फाड़ना और चबाना ही नहीं है। जानवर इन दांतों से कुतरने खोदने, सँवारने और लड़ने का काम लेते हैं। दाँत, आहार को काट-पीसकर गले से उतरने योग्य बनाते हैं।खुद ईश्वर ने एक अवतार में अपने दांतों से सकल ब्रम्हांड को ऊपर उठा लिया था।

जब हम विज्ञान के छात्र थे तो हमें पढ़ाया जाता था कि दाँत की दो पंक्तियाँ होती हैं,ऊपर के जबड़े के दांतों को जम्भिक या मैक्सलरी कहते हैं जबकि नीचे के जबड़े के दांत चिबुक या मैंडिब्युलर



कहे जाते हैं। ऊपर का जबड़ा स्थिर यानि मेरी तरह अचल रहता है और नीचे का सचल। खोपड़ी से मैंडिबुल को बाँधनेवाली पेशियों की सहायता से यह आगे पीछे तथा ऊपर नीचे चलकर काटने की और चक्राकार गति द्वारा चबाने की, क्रिया करता है। कहते हैं कि ईश्वर ने दाँत को शरीर की सबसे मजबूत अस्थि के रूप में निर्मित किया है। अंतिम संस्कार के समय आग में तमाम अस्थियां जलकर राख भले ही हो जाएँ लेकिन दांत सुरक्षित रहते हैअन, इन्हें ही गंगा विसर्जन के लिए चुना जाता है। दांतों के प्रति सनातनियों का श्रृद्धा भाव इतना है कि वे इन्हें दन्त नहीं बल्कि 'फूल' कहते हैं। यानि अस्थि संचय कि क्रिया फूल चुनना भी कही जाती है। यह क्रिया मानव जाती में श्मशान वैराग्य उतपन्न करती है।

ईश्वर दांत बनाने के मामले में बड़ा ही उदार रहा। ईश्वर ने केवल मनुष्य या दूसरे स्तन पायी जीवों को ही दांत नहीं दिए बल्कि जलचरों और सरी-सर्पों को भी इस ईनाम से बक्शा। मछलियों के पास दांत हैं तो सर्पों के पास भी हैं। दांत न होते तो क्या राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर लिख पाते कि- 'क्षमा शोभती उस भुजंग कोजिसके पास गरल हो उसको क्या जो दंतहीन विषरहित, विनीत, सरल हो।'

दंतपंक्तियों को लेकर साहित्यकारों ने बड़ी-बड़ी उपमाएं खोजी है। अक्सर दांतों केलिए दाड़िम पंक्ति [अनार के दानों कि पंक्तियाँ] का इस्तेमाल किया जाता है। दांतों का कथाओं से क्या रिश्ता है ,मुझे नहीं पता,किन्तु मै बचपन से दन्त कथाओं के बारे में सुनता आया हू। बहुत सी दन्त कथाएं मैंने पढ़ी भी हैं। अब तो दन्त चिकित्सा और दन्त औषधि विज्ञान अरबों -खरबों का बाजार है। कोई दन्त क्रांति बना रहा है तो किसी ने वर्षों पहले विको वज्रदंती बनाई थी। यानि यदि दुनिया में दांत न होते तो क्या ये सब मुमकिन था। इसीलिए कहा जाता है कि जब तक ज़िंदा रहना है तब तक मुंह में दांत और पेट में आंत सही सलामत होना चाहिए।

कभी-कभी दांतों की आकृति के आधार पर नामकरण भी हो सकता है। महाभारतकाल में दन्तवक्र का उल्लेख आता है। महाभारत के अनुसार योगिराज कृष्ण कि मौसी श्रुतदेवी का विवाह करूषाधिपति वृद्धशर्मा से हुआ था और उसका पुत्र था दन्तवक्र।सम्भवत दन्तवक्र के दन्त टेढ़े रहे होंगे। श्रुतदेवी श्री कृष्ण की माता देवकी की छोटी बहन थी। जब शाल्व ने द्वारका पर आक्रमण किया, तब दन्तवक्र भी शाल्व की ओर से कृष्ण के विरुद्ध युद्ध में लड़ा था। भगवान गणेश को तो सब 'एक दन्त' कहते ही हैं। कुलजमा मेरा कहना है कि मनुष्य केवल बकरों ,गायों-भैंसों घोड़ों या दूसरे जानवरों के ही दांत न गिने कभी समय निकलकर अपने दांतों की भी गणना करे। देखे कि वे कितने पैने हो चुके हैं, या उनमें कितने कीड़े लग चुके है। अपने दांतों को गिनना भी आत्मपरीक्षण की एक विधा है। इति-मित्थम।

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

**संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,**
**मो0: 7499472288**

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संपादकीय

## कर्ज और भुखमरी से डूबता-उतरता पाकिस्तान। शहबाज शरीफ की चीनी यात्रा विफल।

पिछले 5 सालों से पाकिस्तान की हालत बहुत खस्ता है। पाकिस्तान आवाम भुखमरी और कर्ज की बेतहाशा शिकार हो गई है। पाकिस्तानी नागरिकों को आटा, दाल,चीनी,बिजली और पेट्रोल पहले से लगभग चार गुना महंगी दरों में लेना पड़ रहा है। शरीफ सरकार दोबारा आने के बाद पूरी तरह विफल हो गई, प्रधानमंत्री शरीफ की चीन यात्रा पूरी तरह विफल रही है अब शरीफ सरकार ने भारत और भारत के प्रधानमंत्री का नाम लेने पर देशद्रोह की कार्रवाई का फरमान जारी कर दिया है। कई मीडिया एजेंसियों पर इस संदर्भ में भारत से संबंधित किसी भी जानकारी प्रसारित करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। केवल भारत के विरोध के मुद्दे को छोड़कर चीन ने पाकिस्तान का आर्थिक हालातो को सुधारने में कोई मदद करने का आश्वासन नहीं दिया है।पाकिस्तान अभी भी जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों को आर्थिक मदद कर घटनाओं का अंजाम देने में लगा है। ऐसे में वैश्विक नशे में पाकिस्तान के मानचित्र का विनष्ट होना निश्चित माना जा रहा है।

पाकिस्तान पहले से ही परेशान, कर्ज में डूबा हुआ और महंगाई, बेरोजगारी से बुरी तरह त्रस्त रहा हैद्य शहबाज शरीफ सरकार के पास शासन चलाने के लिए पर्याप्त धनराशि भी नहीं हैद्य शरीफ के पास सरकार चलाने का पर्याप्त अनुभव भी नहीं हैद्य 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद पाकिस्तान सरकार में 19 प्रधानमंत्रियों में से एक प्रधानमंत्री भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका है ।करेला ऊपर से नीम चढ़ा पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनके समर्थकों ने पाकिस्तानी सेना और शाहबाज शरीफ सरकार की नाक में दम कर रखा है। रावलपिंडी में इमरान खान पर गोली दागने से क्रोधित समर्थकों ने कई जगह सेना पर आक्रमण कर मेजर जनरल, गृहमंत्री राणा और प्रधानमंत्री के निवास को घेरकर तोड़फोड़ की थी। 1947 से स्वतंत्रता के बाद यह पहली बार हुआ जब सेना के विरुद्ध पाकिस्तानी आवाम खुलकर विद्रोह करने पर आमादा है। ऐसा लगता है कि वहां सरकार तथा सेना के विरुद्ध आम नागरिकों का विद्रोह हो जाएगा। पहली बार कमर जावेद की सेना आवाम से डरी दिखाई दे रही है, पाकिस्तान विद्रोह की ज्वालामुखी कर बैठा है कभी भी विस्फोटक स्थिति बन सकती है।

यह तथ्य सार्वजनिक है कि पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा शागिर्द देश है। अमेरिका ने इसी के फल स्वरुप पाकिस्तान को सबसे संदिग्ध एवं खतरनाक आतंकवादी देश घोषित कर दिया है। इस बात से तिलमिलाकर शहबाज शरीफ चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं वहां वह आपसी संबंधों को फिर से सुधारने तथा देश चलाने के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगाने जाएंगे। पाकिस्तान की हालत बहुत ज्यादा खराब एवं पतली है। पाकिस्तान में रोजमर्रा के खर्चे के लिए पैसे नहीं है और उस पर इमरान खान के समर्थक लगातार सड़कों पर मार्च कर रहे हैं । उन्होंने रावलपिंडी से लेकर इस्लामाबाद तक आंदोलन कर दिया है। चीन ने पाकिस्तान को पूरी तरह से आर्थिक रूप से गुलाम बनाकर अपना शिकंजा कस लिया है। पाकिस्तान की सरकार चीन के रहमों करम पर पूरी तरह से पलती आ रही है। चीन पाकिस्तान को अरबों डॉलर का कर्जा देकर उसे अपने गुलाम की तरह बना कर रख दिया है। पाकिस्तान की हुकूमत भले ही चाइना की जी हुजूरी करती आ रही है और उसके हां में हां मिलाती हो पर पाकिस्तानी जनता को न तो चीनी भक्ति पसंद है, ना चीन की कोई उपभोक्ता वस्तु ही पसंद है। पाकिस्तान की आवाम देश में चीन की मौजूदगी और उसकी कई परियोजनाओं से बेहद परेशान होकर आंदोलन के जरिए सड़क पर आ गई है।इसका जमकर विरोध किया जा रहा है। चीन द्वारा संचालित बेल्ट एंड रोड परियोजना पाकिस्तान की आवाम को फूटी आंख नहीं भा रही है। हाल ही में चीन ने पाकिस्तान के महत्वपूर्ण इलाके ग्वादर में एक परियोजना चला कर वहां जगह जगह पर चेकिंग चौकियां स्थापित कर दी है, जिससे पाकिस्तान की जनता को अनावश्यक चेकिंग की परेशानी को झेलना पड़ रहा है। पाकिस्तान में ग्वादर के इलाके में जहां पर चौकियां स्थापित की गई हैं पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की भारी किल्लत हो गई और अवैध मछली पकड़ने से आजीविका पर खतरा आ गया है, जिस कारण आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है, इसके विरोध में पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के तटीय शहर ग्वादर में कोर्ट रोड के हवाई चौक पर कुछ राजनीतिक दलों, नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं, मछुआरों और संबंधित नागरिक कार्यकर्ताओं द्वारा विगत 1 सप्ताह से विरोध प्रदर्शन जारी कर दिया गया है। पाकिस्तानी अखबार जंग के अनुसार प्रदर्शन अनावश्यक सुरक्षा चौकियों को हटाने, पीने के पानी और बिजली की उपलब्धता बढ़ाने मकरान तट पर मछली पकड़ने वाली नौकाओं को हटाने और पञ्जगुर से ग्वादर तक ईरान के साथ सीमा को फिर से खोलने की मांग कर रहे हैं। एक समाचार के अनुसार अधिकार रैली के प्रमुख मौलाना हिदायतउर रहमान ने बताया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि यहां के निवासियों के लिए यह अपमानजनक है कि चौकियों पर उन्हें जगह-जगह रोका जाए और उनके पते, ठिकानों के बारे में सख्ती से पूछताछ की जाए,यह चीनी हरकत किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आंदोलन को अनवरत जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय लोगों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही है वह इसमें टालमटोल कर रही है ऐसी चीजें ना काबिले बर्दाश्त है जिसे किसी भी हद तक सहन नहीं किया जाएगा। क्षेत्र के लोगों ने ग्वादर के लोगों की बुनियादी समस्याओं का हल नहीं निकलने के कारण सरकार की किरकिरी हो रही है। मूलतः चीन की बलूचिस्तान में उपस्थिति पाकिस्तान के आवाम की बड़ी बेइज्जती ही मानी जा रही है। गौरतलब है कि चीन की कई परियोजनाएं पाकिस्तान में वहां की जनता के विरोध के बावजूद चल रही है । बलूचिस्तान के कई क्षेत्रों में पाकिस्तान की जनता और इमरान सरकार के नुमाइंदों के बीच खुलकर विरोधाभास दिखाई देने लगा है। पाकिस्तान सरकार के हाथ चीन के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने से हाथ बंधे हुए हैं चीन का पाकिस्तान पर इतना ज्यादा कर्जा है कि पाकिस्तान एक तरह से चीन का आर्थिक गुलाम हो चुका है और वह कहीं से भी चीन का विरोध करने की स्थिति में नहीं है ऐसे में आम जनता शरीफ सरकार को बर्खास्त करने के लिए सड़क में उतरने की योजना बना रही है। यह तो विदित है पाकिस्तान में शरीफ सरकार के खिलाफ वहां का पूरा मीडिया विपक्षी दल एकजुट होकर शरीफ सरकार को अपदस्थ कर चुनाव कराने या नए प्रधानमंत्री की तलाश कर रहा है,यह पूरी संभावना बन रही है कि आने वाले समय में सरकार को अपदस्थ कर चुनाव की घोषणा की जाएगी। कुल मिलाकर सरकार के खिलाफ आवाम, मीडिया, विपक्षी दलों की विरोधी कार्रवाइयों के चलते पाकिस्तान की स्थिति बहुत ज्यादा नाजुक एवं खराब है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पाकिस्तान अलग-थलग पड़ गया है, केवल चीन ही उसके साथ है। ऐसी स्थिति में पाकिस्तानी सरकार का चलना नामुमकिन दिखाई दे रहा है।

# प्रदूषण का प्रहार झेलती महिलाएं



भारत में वायु प्रदूषण से हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक विश्व की लगभग पूरी आबादी ऐसी हवा सांस रही है, जिसमें प्रदूषक तत्त्व तय दिशा-निर्देशों की सीमा से कहीं अधिक है। 2019 में इसकी वजह से करीब 67 लाख लोगों की मृत्यु हुई थी। ये प्रदूषण सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है, लेकिन बुजुर्गों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण उन पर और अधेड़ उम्र की महिलाओं के स्वास्थ्य पर यह घातक असर डाल रहा है। बुजुर्ग महिलाएं अपना अधिकांश समय घरों के भीतर व्यतीत करती हैं। 7 मगर वे घर के भीतर भी वायु प्रदूषण से जूझ रही हैं। प्रदूषण के कारण उनमें नेत्र, त्वचा, नाक, गले में खुजली, चक्कर आना, थकान, रक्तचाप, चिड़चिड़ापन, अवसाद, अनिद्रा, बहरापन, मानसिक रोग, पेट संबंधी रोगों में लगातार इजाफा हो रहा है। हाल में हुए शोध बताते हैं कि वायु प्रदूषण से कुछ गंभीर रोग भी तेजी से बढ़े हैं, जो बुजुर्ग महिलाओं को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं। चिकित्सक मानते हैं कि वायु प्रदूषण से फेफड़े और दिल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है। अध्ययन बताते हैं कि भारत में हर एक हजार में से बीस बुजुर्ग वायु प्रदूषण से मनोभ्रंश के शिकार हुए हैं। बुजुर्ग महिलाओं में इसका प्रसार अधिक बताया गया है। 'इंपीरियल' के पर्यावरण अनुसंधान समूह के प्रमुख और लेखक, प्रोफेसर फ्रैंक केली मुताबिक इक्कीसवीं सदी में स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल के लिए डिमेंशिया बड़ी चुनौतियों में से एक है। येल और पेकिंग विश्वविद्यालय में संयुक्त रूप से हुए एक अध्ययन के मुताबि वायु प्रदूषण के कारण मस्तिष्क भी प्रभावित होता है। इसमें सबसे ज्यादा बुजुर्गों के मस्तिष्क को हानि पहुंचती है। अध्ययन के मुख्य आर्थर जियाबो गैंग का कहना है कि वायु प्रदूषण के कारण लोगों की बोलने की क्षमता ज्यादा प्रभावित होती है। दिमाग पर वायु प्रदूषण का इतना बुरा असर होता है कि बहुत से लोग बोलने के लिए शब्द तक मुंह से नहीं निकाल पाते हैं। इस अध्ययन कहा गया है कि अगर कोई इंसान लंबे समय तक वायु प्रदूषण की चपेट में रहता है, तो उसकी अनुभूति की क्षमता ज्यादा प्रभावित होती है।

जब कभी वायु प्रदूषण की बात उठती है तो घरेलू वायु प्रदूषण को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है, जबकि घरेलू वायु प्रदूषण कई तरह की जानलेवा बीमारियों की वजह है अंदरूनी हवा उतनी ही विषैली होती है, जितनी कि बाहरी शहरी परिवेश के साथ ग्रामीण परिवेश में भी घरों में मौजूद वायु प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। 'जर्नल बीएमसी' में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, जो महिलाएं अपने घरों में वायु प्रदूषण के संपर्क में हैं, उनमें याददाश्त, रोजमर्रा के कामों को करने की क्षमता, तार्किक और बौद्धिक क्षमता अन्य महिलाओं की तुलना में कम है। आज भी विकासशील देशों में अधिकांश ग्रामीण घरों में खाना पकाने के लिए दुनिया की करीब एक तिहाई आबादी मिट्टी का तेल, लकड़ी, फसलों के अवशेषों, गोबर और कोयला आदि इस्तेमाल करती है, जो कि घरों में हानिकारक वायु प्रदूषण का कारण बनता है। ग्रामीण परिवेश में किए शोध और आंकड़े बताते हैं कि यह खतरा बुजुर्ग और अधेड़ महिलाओं के लिए ज्यादा खतरनाक है। कोयले के संपर्क में रहने वाली महिलाओं में फेफड़ों के कैंसर का जोखिम दोगुना होता है।

मेडिकल जर्नल 'ट्रांसलेशनल साइकेट्री' द्वारा 2017 में प्रकाशित एक अध्ययन में बताया गया है कि वृद्ध महिलाएं, जो उच्च स्तर के बारीक कण वाले पदार्थ सहित प्रदूषित क्षेत्रों में रहती हैं, वे तेजी से उम्र बढ़ने और दिमाग की कमजोरी का अनुभव करती हैं। उनमें मनोभ्रंश और अल्झाइमर जैसी बीमारियों के लक्षण देखने को मिले। स्पेन के बार्सिलोना में यूरोपियन रेस्पिरेटरी सोसाइटी इंटरनेशनल कांग्रेस' में प्रस्तुत किए गए नए अध्ययन से पता चला है कि महिलाओं के लिए डीजल के धुएं में सांस लेना जानलेवा हो सकता है। शोधकर्ताओं ने डीजल निकास' के संपर्क में आने से लोगों के खून में बदलाव की बात कही है। इससे महिलाओं में सूजन, संक्रमण और हृदय रोग से संबंधित रक्त के घटकों में परिवर्तन पाए गए हैं।

शोध के मुताबिक फेफड़ों के कैंसर के लगभग दस में से एक मामले के लिए बाहरी वायु प्रदूषण एक कारण हो सकता। वायु प्रदूषण के कण कोशिकाओं में डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं। कैंसर का जोखिम हो सकता है।

इससे हार्वर्ड टीएच के नेतृत्व में एक अध्ययन में पाया गया कि लंबे समय तक वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने से बुजुगों में अवसाद का खतरा बढ़ सकता है। सिर्फ पांच दिनों तक वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने से बुजुर्ग महिलाओं में आघात का खतरा बढ़ सकता है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के 'मेलमैन स्कूल आफ पब्लिक हेल्थ' के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में किए एक नए अध्ययन से पता चला है कि वातावरण में बढ़ता वायु प्रदूषण महिलाओं की हड्डियों के लिए भी खतरनाक है। अध्ययन के अनुसार बढ़ती उम्र में वायु प्रदूषण का संपर्क महिलाओं में 'बोन मिनरल डेंसिटी' में कमी के साथ ऑस्टियोपोरोसिस से भी जुड़ा है। इसकी वजह से हड्डियों के टूटने का जोखिम बढ़ जाता है। इससे पहले भी शोध इस बात के सबूत सामने आए थे कि वायु प्रदूषण महिलाओं की हड्डियों के लिए खतरनाक हो सकता है। 1990 से 2019 के बीच कम होती 'बोन मिनरल डेंसिटी' और उनमें टूटन के कारण विकलांगता में 121 फीसद की वृद्धि हुई है।

यह शोध बताते हैं कि वायु प्रदूषण के सूक्ष्म कणों के संपर्क में लंबे समय तक रहने से रजोनिवृत्ति के बाद की महिला में हृदय संबंधी रोग के जोखिम और मृत्यु की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने भी पाया कि स्तन कैंसर की घटनाओं में सबसे अधिक वृद्धि उन महिलाओं में पाई गई, जिनका संपर्क 'पार्टिकुलेट मैटर' स्तर पीएम 2.5 से अधिक था। मोटर वाहन से निकलने वाले धुंए, तेल कोयला जलाने या लकड़ी के धुंए आदि में पीएम 2.5 अधिक होता है। बुजुर्ग महिलाएं पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होती हैं। उन्हें उन खतरों के बारे होना चाहिए कि उनकी हवा कितनी खराब हो सकती है। इसे कम करने और इससे खुद को बचाने के लिए क्या किया जा सकता है। वे जहां रहती हैं, वहां वायु की गुणवत्ता की दैनिक आधार पर निगरानी करें। जहां प्रदूषण अधिक है, वहां न जाएं। औद्योगिक प्रदूषण वाली जगहों से और रोशनी के लिए स्वच्छ प्रौद्योगिकियों का उपयोग करें रसोई का क्षेत्र अच्छी तरह हवादार हो । स्टोव, चिमनी और अन्य उपकरणों का रखरखाव करें, ताकि वे कुशलतापूर्वक ईंधन जला सकें। भवन और पेंट उत्पाद, सफाई और घरेलू रसायनों सहित इनडोर प्रदूषकों के अन्य सामान स्त्रोतों से सावधान रहें। हमारे बुजुर्ग जितने स्वस्थ होंगे, वायु प्रदूषण के संपर्क के बाद स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं उत्पन्न होने की संभावना उतनी ही कम होंगी।

# संक्षिप्त ख़बरें

## रंगरेलियां मनाते युगल का विडियो बनाने वाले हिरासत में





**खजनी गोरखपुर।** बीते दिनों थाना क्षेत्र के एक गांव की झाड़ियों छिप कर आपत्तिजनक हाल में रंगेरलियां मना रहे प्रेमी युगल की न्यूड वीडियो बनाने वाले गांव के युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गोरखपुर खजनी मुख्य मार्ग से रेक्शानारा गांव की ओर जाने वाले संपर्क मार्ग के समीप झाड़ियों में रंगरेलियां मना रहे प्रेमी युगल को आपत्तिजनक स्थिति में देख कर रेक्शानारा गांव के युवकों ने उनका आपत्तिजनक न्यूड वीडियो बना लिया। साथ ही गांव के समीप खुलेआम ऐसी हरकत करने पर उनके साथ मारपीट की। मामले में प्रेमी युगल ने खजनी थाने में पहुंच कर शिकायत की युवती की तहरीर पर खजनी पुलिस ने आपत्तिजनक न्यूड वीडियो बनाने और मारपीट करने वाले युवकों को हिरासत में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार युवती ने आरोपित युवकों पर यौन शोषण के प्रयास के गंभीर आरोप भी लगाए हैं। खजनी पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है। प्रभारी थानाध्यक्ष सोनेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है कार्रवाई चल रही है।

## अमेरिका सें एआई डेटा विशेषज्ञों में शामिल होने के बाद पहुंचे अपने गांव लोगों ने किया भव्य स्वागत



**गोरखपुर।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के अलगटपुर अविनाश त्रिपाठी पहुचें।सोमवार को शुभचिंतकों ने घर पहुंचकर माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। घघसरा नगर पंचायत के वार्ड संख्या चार पं दीनदयाल नगर अलगटपुर के निवासी बेचन के लडके अविनाश त्रिपाठी डेटा नेटवर्क संस्था डेटा-आईक्यू ने विश्व भर विशेषज्ञों की सूची जारी की है। इस सूची में डेटा साइंस और एआई के 100 विशेषज्ञों को शामिल किया गया था।जिसमें अविनाश सातवें नंबर पर है।गांव पहुंचने से पहले शहर में अविनाश के इस उपलब्धि पर सदर सांसद रविकिशन शुक्ल,डीडीयू की कुलपति प्रो.पुनम टंडन,मेयर मंगलेश कुमार श्रीवास्तव,भाई परिवार के राकेश श्रीवास्तव ने बधाई दी थी। जब वह सोमवार को अपने गांव पहुंचें तो पिता बेचन प्रसाद त्रिपाठी,पूर्व जिपंस रविन्द्र कुमार त्रिपाठी,आलोक त्रिपाठी उर्फ बब्बल,पूर्व प्रधान विनय त्रिपाठी, प्रदीप त्रिपाठी,कलाधर त्रिपाठी,टिंकू त्रिपाठी,ग्रीरिश त्रिपाठी समेत अन्य लोग घर पहुंचकर स्वागत कर बधाई दी।

## शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया सौंदर्य का त्यौहार



**उतरौला(बलरामपुर)** क्षेत्र के नगर सहित ग्रामीण इलाकों में मस्जिदों व ईदगाहों पर ईद उल अजहा का नमाज बड़े अकीदत के साथ अदा किया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज के बाद मुल्क के अमन अमान व शांति के लिए दुआ मांगी।सुरक्षा के दृष्टि से जगह जगह सुरक्षा कर्मी तैनात रहे। उतरौला बड़ी ईदगाह पर नमाज अदा करने के लिए काफी तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोग जमा हुए। नमाज अदा करने के बाद सभी एक दूसरे को गले मिलकर ईदुल अजहा की बधाई दी। क्षेत्र में अमनों अमान व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस के जवानों की व्यापक व्यवस्था रही। उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार , व प्रभारी निरीक्षक द्वारा नगर के विभिन्न मस्जिद व ईदगाहों पर भ्रमण कर शांति व्यवस्था का जायजा लेते रहे। ईदुल अजहा नमाज के बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ कुर्बानी करने के बाद अपने अजीज दोस्तों के बीच दावते वलीमा का दौर शुरू हुआ जो देर शाम तक जारी रहा।

## मनरेगा कार्यो की जांच में निकले खण्ड अधिकारी ,मानिटरिंग करते मील जेई व ग्राम सचिव

स्वतंत्र प्रभात



**खजनी ।** विकास खण्ड खजनी क्षेत्र ग्राम सभा घईसरा में मनरेगा कार्यो में लापरवाही व जेसीवी से कार्य करने की शिकायत के मद्देनजर खण्ड अधिकारी रमेश शुक्ला औचक निरीक्षण पर निकले जहां मौके पर ग्राम सचिव सहित जेई मौके पर मानिटरिंग करते नजर आए , मौके पर खण्ड अधिकारी मनरेगा ममज़दूरो से रूबरू होते हुए कार्यो की हक़ीक़त जानी । विकास खण्ड खजनी क्षेत्र घईसरा में गाँव के शम्भू सिंह के शिकायत पर व शोसल मीडिया में जेसीवी के वायरल खबर के मद्दे नजर आज मंगल वार को औचक निरीक्षण में पहुँच , जहाँ गाँव मे दजनों महिलाये व पुरुष कार्य करते नजर आए, मौके पट पहुंची मीडिया वायरल खबर के हक़ीक़क्त के जांच में पहुंची जहां मजदूर एक स्वर लगातार कार्य करने की बात कही । मजदूरों ने कहा तेज धूप के वजह से हम सभी मजदूर सुबह 5 बजे से 9 बजे तक कार्य करते है ,फिर शाम 3 बजे से 6 बजे तक कार्य मे लगे रहते है, वही प्रधान प्रतिनधि चन्द्र कुमार उर्फ सोनू ने कहा हमारे गाँव के शम्भू सिंह ब्यक्तिगत स्वार्थ पूरा न होने के दशा में आये दिन खुराफात करते है ,फर्जी बीडीओ शोसल मीडिया में वायरल कर अधिकारी को गुमराह करते है । वही खंड विकास अधिकारी रमेश शुक्ल ने कहा मनरेगा कार्यो शिकायत पर घईसरा औचक निरीक्षण किया जहां मजदूर कार्य करते मिले है ।

## परफॉमेंस गाँव भेउसा उर्फ बनकटा में हुए कार्यो के गुडवत्ता की जांच में आये चीफ टीएससी अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात




**गोरखपुर ।** विकास खण्ड खजनी के ग्राम सभा भेउसा उर्फ बनकटा में बिगत तीन वर्षो से विकास कार्यो के जांच का दंश झेलता आ रहा है, शिकायतकर्ताओ ने करोड़ो के लागत से हुए विकास कार्य गुडवत्ता से सन्तुष्ट नही है । जिसके वजह से लगातार अधिकारी अपने स्तर से जांच करते गए, लेकिन कोई सन्तुष्ट नही कर सका ,आरोप है किसी के जांच से शिकायतकर्ता को संतुष्टि नही मिली, विकास खण्ड खजनी के ग्राम सभा भेउसा उर्फ बनकटा में विकास कार्यो के जांच में पहुंचे चीफ टीएससी अधिकारी एसपी सिंह शिकायतकर्ता को ही निशाना बना दिया, तेज धूप ने अधिकारी हाइपर हो गए , क्योकि की लिखित शिकायतकर्ता मौजूद नही दिखा, मौके पर शक्ति ओम सिंह नजर आए उनके बताए गए दस बिन्दुओ शिकायत पर पांच कार्य स्थली की जांच गहनता पूर्वक की गई ।जहाँ हर कोई ने उसकी शिकायत पर गम्भीर सवाल उठाए जा रहा था ,फिरहाल गाँव मे दस बिन्दुओ के जांच में पांच जगहों की जांच हुआ । जिसमें सर्वाधिक कार्य में हल्की फुल्की कमियां सामने आई बाकी सब ठीक रहा ।विकास खण्ड खजनी क्षेत्र परफॉमेंस गाँव भेउसा उर्फ बनकटा में गाँव शिकायतकर्ता लालचंद तिवारी अभय सिंह व गड्डू सिंह शिकायत के शिकायत पर आज मंगलवार को लखनऊ से जांच टीम गांव में पहुंची,खण्ड अधिकारी रमेश सिंह सहित ग्राम सचिव शिवेंद्र सिंह व कट्रैक्टर पिंटू सिंह सीपी सिंह व अटल सिंह सहित प्रधान प्रतिनिधि झिंनक जांच में मौजूद रहे, सर्व प्रथम खेल मैदान में पिलरों के हिलने की शिकायत की जांच हुई उसके बाद गांव में बने आरसीसी के गुडवत्ता को लेकर सवाल उठा ,इसी प्रकार वाटर प्लांट की जांच की गई इसी प्रकार शिकायत के अनुसार दस बिन्दुओ में पांच से छः कार्यो की जांच की गई ,जिसमे छोटे बड़े कमियां सामने आई जो सुधार योग्य थी ।भौतिक जांच के उपरांत लखनऊ से आये जांच टीम जे प्रभारी मुख्य टीएससी अधिकारी एसपी सिंह ने बताया शिकायतों की जांच बिंदुवार जांच की गई है ,जो रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी ।

## नगर पंचायत को साफ सुथरा बनाने के लिए डस्टबिन किया गया वितरण

स्वतंत्र प्रभात



**उतरौला(बलरामपुर)** आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के मोहल्ला गांधी नगर के वार्ड नंबर 1 में आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता एवं सभासद प्रतिनिधि संतोष कुमार गुप्ता के द्वारा नगर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान को गति देने एवं आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला क्षेत्र को साफ-सुथरा व स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से, वार्ड के सभी घरों में कचरा रखने हेतु, 20 लीटर के डस्टबिन का वितरण किया गया। डस्टबिन वितरण करते समय लोगों से अपील करते हुए, आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता ने कहा कि आप लोगों के सहयोग के बिना नगर पालिका क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर नहीं बनाया जा सकता है। आप सभी लोग अपने अपने घर के कचरे को डस्टबिन में रखें, बीच सड़क पर व घर के बाहर कूड़ा कचरा न फेंके। उन्होंने ने बताया कि फिलहाल आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के सभी 25 वार्डो के सभी घरों में डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। शेष बचे घरों में जल्द ही डस्टबिन का वितरण किया जाएगा। आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला क्षेत्र का कोई भी घर नहीं छूटेगा। अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता ने कहा कि सफाई कर्मियों के द्वारा प्रतिदिन सभी घरों से कचरे का उठान किया जाएगा।

सभासद प्रतिनिधि संतोष कुमार गुप्ता ने वार्ड वासियों से अपील करते हुए कहा कि घरों से निकलने वाला कचरा डस्टबिन में ही रखें। घर के बाहर सड़क पर या इधर-उधर कूड़ा कचरा ना फैलाएं। जब कचरा उठाने के लिए आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला की गाड़ी वार्ड में आए तो डस्टबिन अपने घर के बाहर रख दें। सफाई कर्मी डस्टबिन का कचरा, कचरे वाली गाड़ी में डालने के बाद डस्टबिन आपके घर के सामने रख देगा। डस्टबिन लेते समय वार्ड वासियों ने कहा कि आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के अध्यक्ष के द्वारा नगर पालिका को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर रमेश जायसवाल, अरविंद कुमार कसौधन, राम रूप कोली, मोलहुराम , अरुण कुमार , राजू कोली समेत कई लोग मौजूद रहे।

## चतुर्थ बड़े मंगल पर किया गया विशाल भंडारे का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**उतरौला(बलरामपुर)** ज्येष्ठ माह के चतुर्थ बड़े मंगल पर उतरौला के ज्ञानेश्वर वीर हनुमान गढ़ी मंदिर के सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सभासद अभिषेक गुप्ता के द्वारा विधि-विधान से पूजन पंडित हरिओम अवस्थी ने द्वारा कराया गया। विधायक राम प्रताप वर्मा ने पूजन-आरती कर शुभारम्भ कराया गया। विधायक राम प्रताप वर्मा व चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता ने भी पूजन अर्चना करने के बाद भगवान हनुमान को भोग लगाया। तथा प्रदेश में सुख शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। साथ ही सभी के कल्याण की कामना की। उसके बाद भंडारा शुरू हुआ। जिसमें विधायक राम प्रताप वर्मा एवं चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप गुप्ता ने अपने हाथों से भक्तगणों को छोला, पूड़ी एवं प्रसाद वितरित किया। विशाल भंडारे में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं नें प्रशाद ग्रहण किया। विधायक राम प्रताप वर्मा ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यों के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा, श्रद्धा, प्रेम, हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे के प्रति विश्वास बढ़ता है, जिससे समाज में शांति आती है और इससे देश व प्रदेश तरक्की करता है। उन्होंने भारत की सनातन संस्कृति को मजबूती प्रदान करने के लिए आयोजक सभासद अभिषेक गुप्ता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

ज्येष्ठ माह के चतुर्थ बड़े मंगल पर नगर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ व तहसील गेट पर अधिवक्ता बन्धुओं ने विशाल भंडारे द्वारा कराया जिसमें महामंत्री बार संघ अमित श्रीवास्तव, सुरेन्द्र श्रीवास्तव सोनू, अखिलेश यादव आदि का योगदान रहा। इस मौके पर शुभम गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, अंकित, रितिक, मेहुल, अरुण कुमार, जगमोहन, मुकेश, संदीप, दीपक कौशल आदि ने प्रसाद वितरण में सहयोग कर पुण्य के भागीदार बने।

## संयुक्त टीम ने गश्त के दौरान हथियार किया बरामद

स्वतंत्र प्रभात

**जरवा(बलरामपुर)।** सशस्त्र सीमा बल 9वीं वाहिनी के कोइलाबास चौकी के जवान तथा कोतवाली जरवा की पुलिस टीम ने संयुक्त गस्त के दौरान बीते शाम सोहेलवा जंगल के रामपुर वन क्षेत्र अंतर्गत दारा नाला के निकट जंगल में लावारिस तीन 315 बोर का देसी बंदूक व 11 जिंदा कारतूस एक सफेद बोरी में तथा प्लास्टिक के थैली में पैक रखा हुआ था। गस्त कर रही संयुक्त टीम ने चारों ओर घूम-घूम कर देखा लेकिन बोरी के पास कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था।

थानाध्यक्ष जरवा अखिलेश पांडे ने बताया कि बीते शाम दरोगा जीउत यादव, सिपाही सुरेंद्र, श्रीकांत और शिवम ने एसएसबी कोइलाबास चौकी के सहायक कमांडेंट रवि कुमार वर्मा सहायक उप निरीक्षक रघुनाथ सेरेन, जवान रोहित, दिनेश, कुंदन जवानों आदि ने संयुक्त गस्त के दौरान दारा नाला के किनारे तथा एसएसबी कैंप के निकट सफेद बोरी में रखा तीन बंदूक तथा 11 जिंदा कारतूस मिला सभी जवानों ने लावारिस पड़े बंदूक को देखा तथा आसपास नजर दौड़ाई व दौड़ दौड़ कर यहां वहां देखें वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं दिखा। जिसे एसएसबी तथा पुलिस की निगरानी में कोतवाली जरवा में लाकर मालखाने में रख दिया गया है। शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा लिखा गया है छानबीन की जा रही है।

## बलरामपुर के ग्राम बरहवा में हुई भीषण आगजनी में 67 घर जलकर राख हो गए थे

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर** परिवारों के पास छत का सहारा छिन गया था। वही 2 महीना होने को है लेकिन अभी कोई सहायता इन परिवारों को मिल पाई है मामला बलरामपुर के हरैया थाना क्षेत्र के ग्राम बरहवा का है जहा पर बरहवा में फकीरे के पशुशाला में 29 अप्रैल रविवार देर रात अज्ञात कारणों से लग गई थी जिसमे आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण करते हुए हकीकूल, रामखेलावन, सीताराम, ननके, सेतु राम, बाठे, बशीर, राम छबीले, ननकानी, यादव राम, सिपाही, आसाराम, लल्लन, प्रसाद, रामप्यारे, अलखराम, टिम्मल, नीबर, गबोधर, ननकन राम सुमिरन, नान बाबू, मथुरा प्रसाद, छेदीलाल, लाल बाबू, रामकिशोर, रामनरेश, राम लखन, राजू, विश्राम, राधेश्याम, सलीम, मनीराम, रामकुमार, राम लोटन, मुबारक अली, बुधराम, बेकारू, खलील, वकील, मोहर्रम अली, त्रिभुवन दत्त, शालिग्राम, बरसाती, लालता प्रसाद, विजय कुमार, राजकुमार, अवध बिहारी, राम पदारथ तथा मालिक राम समेत 67 झोपड़ियों को अपनी चपेट में लेलिया था, जिसमे 67 घर जलकर राख हो गए थे।

इस आगजनी में ग्राम निवासी 80 वर्षीय महिला कोयला पत्नी जगन्नाथ यादव की आग में जलकर मौत हो हुई थी। आग इतनी भीषण थी की खाने को कुछ नही बचा था। सूचना के बाद पहुंचे अधिकारियों ने हर संभव सहायता की बात कही थी लेकिन अभी तक ग्रामीणों की कोई सहायता नहीं मिल पाई है गांव के सभी लोग बिना घर के रहने पर मजबूर हैं वहीं प्रशासन द्वारा आवास देने का बात कहा गया था लेकिन आज तक नहीं मिल पाया है।

वही मामले पर ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग लगातार प्रशासन के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक ना तो आवास मिल पाया है और ना ही कोई सहायता मिल पाई है। हम लोग बिना घर के अपना जीवन गुजार रहे हैं। प्रशासन द्वारा कहा गया था लेकिन अभी तक किया नहीं गया है। अग्निकांड पीड़ित अवध बिहारी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर मांग करते हुए जिला प्रशासन से सहायता उपलब्ध करवाने की मांग की है।जिलाधिकारी बलरामपुर को एसडीएम बलरामपुर को इसके संबंध में कई बार मांग कर चुके हैं।

## बलरामपुर जिला कारागार में कैदियों के साथ ईद मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**● हैप्पी टू हेल्प फाउंडेशन और जिला कारागार द्वारा किया गया आयोजित,कैदियों के चेहरे पर दिखी मुस्कान**



स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर** जिला कारागार में कैदियों के साथ ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। ईद मिलन समारोह में हजारों की संख्या में लोग सामिल रहे।कार्यक्रम का आयोजन हैपी टू हेल्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कैदियों के चेहरे पर मुस्कान देखी गई।

वही कार्यक्रम का आयोजन बलरामपुर जिला कारागार में सोमवार देर शाम किया गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन अध्यक्ष द्वारा उपस्थित जेल के वरिष्ट अधिकारियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।वही आयोजित कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए हैपी टू हेल्प फाउंडेशन अध्यक्ष शहज़ाद अहमद ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन फाउंडेशन द्वारा जिला कारागार की सहमति से किया गया है। जिसमे हजारों की संख्या में फाउंडेशन पुलिस और कैदी मौजूद रहे है। कैदियों के साथ ईद मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजन किया गया है।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जेल में बंद कैदियों को इस ईद पर खुसिया प्रदान करना था। क्योंकि जेल में बंद कैदियों को जेल में सुविधा उपलब्ध होने से काफी खुशी मिली है।

**कार्यक्रम में मौजूद रहे**

आयोजित ईद मिलन समारोह में जिला कारागार अधीक्षक राम कुबैर सिंह, जेलर शैलेश कुमार सोनकर, डिप्टी जेलर जन्मे सिंह, फाउंडेशन अध्यक्ष शहज़ाद अहमद ,मोनू उर्फ हम्ज़ा सलाहुद्दीन,सब्बू सहित अन्य लोग मौजूद रहे है।

## स्काउट और गाइड में शैक्षिक प्रशिक्षण के लिए उप्र से 20 लोगों का हुआ चयन

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाजार गोरखपुर ।** भारत स्काउट एंड गाइड उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय गोल मार्केट महानगर लखनऊ द्वारा साहसिक प्रशिक्षक के लिए पूरे प्रदेश से 20 लोगों का चयन किया गया जिसमें नेशनल पीजी कॉलेज बड़हलगंज गोरखपुर के छात्र एवं जिला प्रशिक्षक स्काउट राजू मौर्य का चयन हुआ है जो 20 जून 2024 से 26 जून 2024 तक साहसिक गतिविधियों की क्रियाकलापों का प्रशिक्षण में गोरखपुर से प्रतिभाग करेंगे है जो प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र शीतला खेत अल्मोड़ा उत्तराखंड में ट्रेनिंग सेंटर स्थित है वहां पर स्काई साइक्लिंग,ज़िप लाइन, वैली क्रोसिंग, साइड वॉल,बर्मा ब्रिज, बीम क्लाइम्बिंग, बैलेंसिंग ऑन दा रोप,रसियन वॉल, बैलेंसिंग बीम, बैकवुडस मैन कुकिंग, कैम्प फायर, ट्रैकिंग, राइफल शूटिंग, रेपपलिंग, लैडर क्रासिंग, टायर चिमनी, टायर क्रोसिंग, लैडर क्लाइम्बिंग, कमांडो ब्रिज, मंकी ब्रिज इस प्रकार के साहसिक गतिविधियों की जानकारी साहसिक प्रशिक्षक को दी जाएगी जो की प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र शीतलखेत अल्मोड़ा उत्तराखंड में आयोजित होने वाले एडवेंचर एवं नेचर स्टडी ट्रेनिंग में प्रतिभाग करने वाले स्काउट गाइड को एक्टिविटी करने के

साहसिक प्रशिक्षक के अपना सहयोग प्रदान करेंगे राज्य मुख्यालय द्वारा राजू मौर्य के चयन पर नेशनल पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राकेश कुमार पांडे जी ने कहा कि छात्र राजू मौर्य हमेशा स्काउट गाइड रोवर्स / रेंजर्स के क्षेत्र में महाविद्यालय का नाम रोशन किया है राजू मौर्य ने अंतरराष्ट्रीय स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण में महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है भारत स्काउट एंड गाइड उत्तर प्रदेश जनपद गोरखपुर के जिला मुख्यायुक्त श्री राम जन्म सिंह जीने राजू मौर्य को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया और कहा कि जनपद गोरखपुर के लिए राजू मौर्य ने हमेशा ही जनपद को एडवेंचर के क्षेत्र में गोरखपुर का नाम अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण में स्थापित किया है इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक गोरखपुर डॉ अमरकांत सिंह सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट गोरखपुर मंडल शिव प्रताप सिंह जिला स्काउट कमिश्नर डॉ दिनेश मणि त्रिपाठी जिला कोषाध्यक्ष डॉ महेश कुमार सिंह जिला सचिव रंजन राय अजय कुमार सिंह इशरत सिद्दीकी ओमप्रकाश उपाध्याय शिव कुमार आनंद कुमार एवं गोला क्षेत्र के सम्मानित प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित किया।

## नमन से होता है मन पवित्र : राघव ऋषि

स्वतंत्र प्रभात



**गोला बाजार /गोरखपुर ।** इस संपूर्ण जगत में ऐसा कौन होगा जिसे राम से प्रेम न हो अर्थात राम प्रेम के सब प्रेमी हैं। रामकथा मन्दाकिनी के अष्टम दिवस पर उरुवा स्थित पी.एच. इण्टरनेशनल पब्लिक स्कूल प्रांगण में अपार जनसमूह को कथा का रसपान कराते हुए पूज्य श्री राघव ऋषि जी ने कहा कि मन ही माया की ओर बार बार ले जाता है मन को एकाग्र रखने के लिए उसे एक पल के लिए भी खाली नहीं रखना चाहिए। परमात्मा का सुमिरन ही मन को प्रभु चरणों मे ले जाने का साधन है। साधन से सुख मिलता और साधना से शान्ति । शान्ति है तो मन एकाग्र होगा एकाग्र मन से ही परमात्मा का भजन सुमिरन किया जा सकता। तन की सार्थकता तभी है जब मन पवित्र हो और मन को पवित्र रखने का एक मात्र आधार परमात्मा का भजन। जब परमात्मा में मन लगा रहेगा तो निश्चय ही नाम के प्रभाव से वह पवित्र रहेगा। परमात्मा के सम्मुख अपने आप का झुका देना ही मन पवित्र होने का लक्षण है।

कथा क्रम को सुनाते हुए पूज्य श्री ने बताया की भगवान का भजन उनसे मिलने मिलाने का सरल उपाय है। भगवान सन्त समाज से मिलते हुए आगे बढ़ते हैं। अत्रिमुनि के आश्रम पधारे एक दूसरे को देख अत्यंत प्रसन्न हुए। संतों का सबसे बड़ा धन प्रभु हैं प्रभु से मिलने के बाद कोई कामना नहीं रह जाती।

अपने गुरु के वचन में पूर्ण विश्वास रखने वाले ही को प्रभु निश्चय ही मिल जाते हैं। प्रभु श्रीराम की अनन्य भक्त्ता शबरी जिसे गुरु कृपा से प्रभु के नाम का आश्रय मिला। रामजी का नाम इस भवसागर से पार उतरने का साधन है। अपने गुरु वचन में पूर्ण विश्वास रख कर प्रभु मिलन की आस जब बढ़ती जाए तब जान लेना चाहिए की कृपा हो रही है। प्रभु से मिलने के लिए मन बेचैन अब एक एक पल जिनके दर्शन के लिए आंखे एकटक अपलक होने लगे तब जान लेना चाहिए की गुरुदेव ही प्रभु से मिलाने वाले हैं। भक्ति मार्ग में चलने के लिए संत, गुरु का संग अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। शबरी की साधना, भक्ति आज धन्य हुई गुरुदेव के वचन का वह दृश्य आंखों के सामने आने लगा। भगवान को पाने का सरल उपाय है उनकी भक्ति जिसके बल पर भगवान मां शबरी के आश्रम बिना बुलाए ही पहुंचे। आज शबरी की भक्ती धन्य हुई। भगवान राम ने शबरी की भक्ति से प्रसन्न होकर नवधा भक्ति का उपदेश दिया कि जिसके पास इन नव में से एक भी हो वह मेरा प्रिय भक्त होता है। तुम न आए प्रभु जी सुबह हो गई शबरी के भाव को भजनों के मार्मिक बोलों को सौरभ ऋषि ने सुना भक्तों को भाव विभोर किया जिससे आंखे अश्रु पूरित हो प्रभु की मोहक झांकी को अन्तर्मन से दर्शन किया। कथा के यजमान मनोज कुमार उमर वैश्य व गणमान्य भक्त श्रोताओं ने भावपूर्ण आरती कर पुण्यलाभ प्राप्त किया।

## बलरामपुर में खेत में मवेशी जाने की विवाद को लेकर जमकर हुआ

**● मारपीट- पांच हुए घायल जिनमे 2 महिलाएं सामिल, जांच में जुटी पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर** बलरामपुर में खेत में मवेशी जाने को लेकर विवाद हुआ है जिसमें जमकर मारपीट हुई है। हुई इस मारपीट में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं। घायलों का उपचार नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया है। मामला बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर के ग्राम परसपुर करौंदा का है। जहां पर खेत में मवेशी जाने को लेकर विवाद हो गया जिसमे दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुआ जिसमे 5 लोग गंभीर रूप से घायल है। मामले पर जानकारी देते हुए परसपुर करौंदा निवासी रक्षाराम यादव ने बताया कि मेरा बेटा भैंस चराने गांव से बाहर ले गया था । अचानक भैंस गांव के ही एक लोग के खेत में चली गई जिसपर गांव के व्यक्ति ने गली गलौज करते हुए बेटे को मरने लगे जब हम सब बीच बचाव करने पहुंचे तो हमको भी मरने लगे और लाठी डंडों से खूब मारा है जिसमे परिवार में काफी छोटे आई है। मामले पर नगर कोतवाली तुलसीपुर प्रभारी ने बताया कि पीड़ित को तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है घायलों को उपचार के लिए स्थानीय स्वथ्य केंद्र पर लाया गया है।घायलों का मेडिकल कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# चीन जब चाहें पूरी दुनिया को कर सकता है खत्म! परमाणु ऊर्जा के मामले में अमेरिका से 15 साल आगे निकला ड्रैगन

स्वतंत्र प्रभात

चीन हर दिन इस दुनिया पर राज करने की एक-एक सीढ़ियां पार कर रहा है। विश्वभर में वरचस्व रखने वाला अमेरिका अब चीन के सामने कमजोर हो रहा है। ताजा रिपोर्ट में एक बड़ा खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया कि उच्च तकनीक वाली परमाणु ऊर्जा विकसित करने के मामले में अमेरिका चीन से 15 साल पीछे है, क्योंकि बीजिंग का राज्य समर्थित प्रौद्योगिकी दृष्टिकोण और व्यापक वित्तपोषण उसे बढ़त देता है। वाशिंगटन स्थित गैर-पक्षपाती शोध संस्थान, सूचना प्रौद्योगिकी और नवाचार फाउंडेशन के अध्ययन के अनुसार, चीन में 27 परमाणु रिएक्टर निर्माणाधीन हैं, जिनकी औसत निर्माण समयसीमा लगभग सात वर्ष है, जो अन्य देशों की तुलना में कहीं अधिक तेज़ है।

रिपोर्ट में कहा गया है, "समय के साथ चीन द्वारा लगातार अधिक आधुनिक परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की तीव्र तैनाती से महत्वपूर्ण पैमाने की अर्थव्यवस्थाएँ और सीखने-करने के प्रभाव पैदा होते हैं, और इससे पता चलता है कि चीनी उद्यम आगे चलकर इस क्षेत्र में वृद्धिशील नवाचार में लाभ प्राप्त करेंगे।" अमेरिका के पास दुनिया का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का बेड़ा है और राष्ट्रपति जो बिडेन का प्रशासन जलवायु परिवर्तन को रोकने में वस्तुतः उत्सर्जन-मुक्त बिजली स्रोत को महत्वपूर्ण मानता है।

लेकिन जॉर्जिया में दो बड़े संयंत्र 2023 और 2024 में चालू होने के बाद, बजट



से अरबों डॉलर अधिक और कई वर्षों की देरी के बाद, कोई भी अमेरिकी परमाणु रिएक्टर नहीं बनाया जा रहा है। एक उच्च तकनीक संयंत्र जिसे अमेरिकी प्रयोगशाला में बनाने की योजना बनाई गई थी, पिछले साल रद्द कर दिया गया था।

चीन के सरकारी स्वामित्व वाले बैंक 1.4 प्रतिशत से भी कम ब्याज पर ऋण दे सकते हैं, जो पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं में उपलब्ध दरों से बहुत कम है। इसके परमाणु ऊर्जा उद्योग को निरंतर राज्य समर्थन और स्थानीयकरण रणनीतियों से लाभ हुआ है, जिसने चीन को अक्षय ऊर्जा और ईवी जैसे क्षेत्रों पर हावी होने की अनुमति दी है। शिदाओ बे में दुनिया का पहला तथाकथित चौथी पीढ़ी का उच्च तापमान वाला गैस-कूल्ड रिएक्टर पिछले दिसंबर में चालू हुआ। चीन परमाणु ऊर्जा संघ का दावा है कि इस परियोजना में ÷विश्व-प्रथम उपकरण÷ के 2,200 से अधिक सेटों का विकास शामिल था, जिसमें घरेलू रूप से उत्पादित सामग्रियों की कुल स्थानीयकरण दर 93.4त्न थी।

उच्च तकनीक वाले रिएक्टरों के समर्थकों का कहना है कि वे मौजूदा संयंत्रों की तुलना में अधिक सुरक्षित और अधिक कुशल हैं। आलोचकों का कहना है कि कुछ नए रिएक्टर प्रसार और सामग्री जोखिम पेश करते हैं। चीन के लिए सब कुछ आसान नहीं रहा है।

चीन परमाणु ऊर्जा संघ ने चेतावनी दी है कि परमाणु घटक उत्पादन में भारी भरकम वृद्धि हुई है, और ÷अत्यधिक प्रतिस्पर्धा÷ कीमतों को कम कर रही है और नुकसान का कारण बन रही है।

रिपोर्ट के लेखक स्टीफन एज़ेल ने कहा कि अगर अमेरिका परमाणु ऊर्जा के बारे में गंभीर है तो उसे अनुसंधान और विकास में अधिक निवेश, आशाजनक प्रौद्योगिकियों की पहचान और उन्हें गति देने, और कुशल कार्यबल के विकास का समर्थन करने वाली एक मजबूत राष्ट्रीय रणनीति विकसित करनी चाहिए। एज़ेल ने कहा, ÷हालांकि अमेरिका पीछे है, लेकिन यह निश्चित रूप से तकनीकी रूप से आगे बढ़ सकता है।÷ अमेरिकी ऊर्जा विभाग ने रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की।

## अमेरिकी सीनेटर और व्यापार जगत ने भारत-अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों की वकालत की



स्वतंत्र प्रभात

अमेरिका के दो प्रभावशाली सीनेटर के साथ-साथ व्यापार जगत के दिग्गजों ने भारत के साथ रक्षा क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत बनाने का आह्वान किया है। सीनेटर स्टीव डैनेस ने सोमवार को कहा, हम चाहते हैं कि भारत और अमेरिका के बीच गहरे संबंध हो और साथ दी दोनों देश बहुत अच्छे मित्र बनें। डैनेस, यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान जॉन चैंबर्स और सीनेटर डैन सुलिवन साथ मौजूद थे।

मोंटाना के सीनेटर ने कहा, मुझे लगता है कि वैश्विक स्तर पर यह बहुत जरूरी है कि हमें साफ-साफ पता हो कि अच्छे लोग कौन हैं और हम उनके साथ संबंधों को कैसे बनाए रखना चाहते हैं या फिर संबंधों को कैसे मजबूत करना चाहते हैं। अच्छे लोगों से मतलब अमेरिका और भारत है। डैनेस ने कहा, भारत के साथ हमारे संबंधों पर चीन की नजर है।

सीनेटर डैन सुलिवन ने कहा कि बहुत से देश ऐतिहासिक शिकायतों का शिकार हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह नया युग वास्तव में सत्तावादी आक्रामकता के युग की वापसी है, जो आने वाले वर्षों और दशकों तक हमारे साथ रहने वाला है। उन्होंने अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के समूह का जिक्र करते हुए कहा कि क्वाड के विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को गहरा, व्यापक और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है।

यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष जॉन चैंबर्स ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) दोनों देशों को एक साथ आने और आगे क्या होने वाला है, इसका पूरा दृष्टिकोण प्रदान करता है। उन्होंने कहा, यह पहचानना वाकई जरूरी है कि हम सत्तावादी आक्रामकता के एक ऐसे नये युग में हैं,जिसका अगुवाई शी चिनफिंग व पुतिन और ईरान में अयातुल्ला तथा उत्तर कोरिया में किम जोंग-उन कर रहे हैं। वे सभी एक साथ काम कर रहे हैं।

## बेंगलुरु की अदालत ने प्रज्वल रेवन्ना की न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए बढ़ाई

स्वतंत्र प्रभात

बेंगलुरू की अदालत ने मंगलवार को यौन शोषण और बलात्कार के आरोपी निलंबित जेडीएस नेता प्रज्वल रेवन्ना की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। प्रतिनिधियों के लिए 42वें अतिरिक्त मुख्य महानगर दंडाधिकारी (एसीएमएम) की विशेष अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने का फैसला सुनाया।

गौरतलब है कि हसन जिले के होलेनरसिपुरा में उनके खिलाफ दर्ज एक मामले में उन्हें 28 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। उन पर 47 वर्षीय पूर्व नौकरानी का यौन उत्पीड़न करने का आरोप था। रेवन्ना को आरोपी नंबर दो के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, जबकि उनके पिता और विधायक एच डी रेवन्ना मुख्य आरोपी हैं। जब मामला प्रकाश में आया, तब तक रेवन्ना देश छोड़ चुके थे और बाद में भारत आने के बाद 31 मई को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। हसन में चुनाव होने के एक दिन बाद 27 अप्रैल को वे जर्मनी चले गए थे।

गिरफ्तारी के बाद अदालत ने उन्हें 6 जून तक एसआईटी हिरासत में भेज दिया था, जिसे बाद में 10 जून तक बढ़ा दिया गया था। सोशल मीडिया पर रेवन्ना के अश्लील वीडियो के वायरल होने के बाद उन्हें यौन शोषण के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। 10 जून को अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, लेकिन आज एसआईटी ने साइबर अपराध के एक मामले में उनके खिलाफ बॉडी वारंट मांगा। बाद में 14 जून को उनकी हिरासत 18 जून तक बढ़ा दी गई।

इससे पहले दिन में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना को अग्रिम जमानत दे दी। मैसूर के केआर नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज अपहरण के एक मामले में उनके और उनके पति एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। अदालत ने इस शर्त के साथ अग्रिम जमानत दी कि वह पुलिस जांच के अलावा किसी भी परिस्थिति में मैसूर और हसन नहीं जाएंगी।

न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि भवानी ने जांच के दौरान पहले ही 85 सवालों के जवाब दे दिए हैं, जिससे यह दावा करना अनुचित है कि वह एसआईटी के साथ सहयोग नहीं कर रही




है, जो प्रज्वल के खिलाफ यौन शोषण के मामलों की जांच कर रही है। इससे पहले उसे 7 जून को अग्रिम जमानत दी गई थी, हालांकि इसे 14 जून को बढ़ा दिया गया था।

कर्नाटक पुलिस की एसआईटी ने राज्य उच्च न्यायालय में कहा कि दुष्कर्म के आरोपी जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना, यौन उत्पीड़न की सात कथित पीड़ितों के साथ संपर्क में थीं जिससे वह उन्हें मामले को लेकर शिकायत दर्ज कराने से रोक सकें।

एसआईटी ने 14 जून को कर्नाटक उच्च न्यायालय में भवानी द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका पर बहस के दौरान यौन उत्पीड़न की पीड़िता के अपहरण के मामले में 55 वर्षीय भवानी की पहचान मास्टरमाइंड और सरगना के रूप में की थी।

उच्च न्यायालय ने अग्रिम जमानत याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख था, लेकिन 7 जून को गिरफ्तारी के खिलाफ दी गई अंतरिम सुरक्षा को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया था, साथ ही भवानी को एसआईटी के समक्ष पेश होकर जांच में सहयोग करने को कहा गया था।

## बनाने के लिए कार से स्टंट कर रही थी महिला, 300 फीट गहरी खाई में गिरने से मौत

स्वतंत्र प्रभात

महाराष्ट्र में सोमवार को एक 23 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जब उसने गलती से कार का एक्सीलेटर दबा दिया, जबकि कार रिवर्स गियर में थी, और कार घाटी में गिर गई। इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी है। यह घटना सोमवार दोपहर छत्रपति संभाजीनगर में हुई, जिसे पहले औरंगाबाद के नाम से जाना जाता था, जब उसकी दोस्त कार चलाते हुए उसकी रील रिकॉर्ड कर रही थी।

श्वेता सुरवसे को गाड़ी चलाना नहीं आता था, और उसने पहली बार ऐसा करने की कोशिश की। 23 वर्षीय महिला जब सफेद रंग की सेडान कार चलाने की कोशिश कर रही थी, तो उसका दोस्त शिवराज मुले उसका वीडियो रिकॉर्ड कर रहा था।

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है, जिसमें श्वेता सुरवसे कार के रिवर्स मोड में होने पर स्टीयरिंग व्हील घुमाती हुई दिखाई दे रही हैं। इसके बाद कार चट्टान के किनारे पर पहुंचकर गति पकड़ लेती है और घाटी में गिर जाती है, जबकि उसकी दोस्त चिल्लाती है।



एक पुलिस अधिकारी ने समाचार एजेंसी को बताया, "सुरवासे ने गाड़ी चलाने की कोशिश की, जबकि उसका दोस्त शिवराज मुले वीडियो शूट कर रहा था। उसने गलती से कार का एक्सीलेटर दबा दिया, जबकि कार रिवर्स गियर में थी। गाड़ी पीछे की ओर खिसक गई, क्रैश बैरियर को तोड़ दिया और घाटी में जा गिरी।" उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों को 23 वर्षीय महिला और गाड़ी तक पहुंचने में एक घंटा लग गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि नजदीकी अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।


## पटना एयरपोर्ट पर बम की धमकी वाला ईमेल भेजा गया, परिसर की सुरक्षा बढ़ाई गई

स्वतंत्र प्रभात

बिहार के पटना एयरपोर्ट पर मंगलवार को बम की धमकी वाला ईमेल मिला, जिससे कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया। पटना एयरपोर्ट के निदेशक के अनुसार, घटना के बाद पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

जानकारी के अनुसार, आज दोपहर करीब 1:10 बजे पटना एयरपोर्ट के निदेशक को एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिस पर एयरपोर्ट अधिकारियों ने तत्काल प्रतिक्रिया दी। इस गंभीर सुरक्षा खतरे को देखते हुए पटना एयरपोर्ट पर सुरक्षा उपायों को काफी बढ़ा दिया गया है।

इस बीच, जयपुर एयरपोर्ट पर भी मंगलवार को बम की धमकी मिली, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त रूप से गहन जांच की। एयरपोर्ट प्रबंधन को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिलने के बाद पुलिस और सीआईएसएफ ने परिसर की तलाशी ली। पुलिस ने कहा, "एयरपोर्ट की गहन जांच की गई, लेकिन अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।"



पुलिस ने बताया कि आज ही चेन्नई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से 286 यात्रियों को लेकर दुबई जाने वाली फ्लाइट के प्रस्थान में बम की झूठी धमकी के कारण देरी हुई। उन्होंने बताया कि विमान में बम होने की चेतावनी देने वाला एक ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने मंगलवार सुबह करीब 10.30 बजे उड़ान भरने वाले अंतरराष्ट्रीय विमान की गहन जांच की। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि धमकी झूठी थी और विमान को गंतव्य के लिए रवाना होने की अनुमति दे दी गई।

## ओडिशा के बालासोर में क्यों हुए खराब हालात? पशु बलि को लेकर हुई जमकर हिंसा, इंटरनेट सेवाएं निलंबित, पूरा इलाके में लगा कर्फ्यू

स्वतंत्र प्रभात

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि ओडिशा के बालासोर में जिला प्रशासन ने दो समूहों के बीच हिंसक झड़प के बाद कर्फ्यू लगा दिया है। 17 जून की आधी रात से 18 जून की आधी रात तक लागू कर्फ्यू का उद्देश्य शहर में व्यवस्था बहाल करना है।

एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, बालासोर जिला प्रशासन ने झड़प के जवाब में सीआरपीसी की धारा 144 लगा दी है। अधिकारियों ने संवेदनशील क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं को भी निलंबित कर दिया है और निवासियों से घर के अंदर रहने का आग्रह किया है।

ओडिशा के बालासोर शहर में दो समूहों के बीच हिंसक झड़प के बाद 17 जून की मध्यरात्रि से 18 जून की मध्यरात्रि तक कर्फ्यू लगा दिया गया है। जिला प्रशासन ने संवेदनशील क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं को भी निलंबित कर दिया है और निवासियों से घर के अंदर रहने का आग्रह किया है। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बालासोर कलेक्टर आशीष ठाकरे को व्यवस्था बहाल करने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया है।

यह संघर्ष सोमवार को तब शुरू हुआ



जब एक समूह ने पशु बलि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद दूसरे समूह ने पथराव किया। यह झड़प भुजखिया पीर इलाके में हुई।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून और व्यवस्था) संजय कुमार जमीनी स्तर पर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस ने फ्लैग मार्च किया और करीब 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। ओटी रोड के सभी प्रवेश बिंदु बंद कर दिए गए हैं और निवासियों को चिकित्सा आपात स्थिति को छोड़कर अपने घरों से बाहर निकलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पुलिस ने कहा, "ओटी रोड के सभी प्रवेश द्वार बंद कर दिए गए हैं।" उन्होंने कहा, "कोई भी व्यक्ति अपने घरों से बाहर नहीं निकलेगा या आपातकालीन चिकित्सा सहायता के अलावा पैदल, वाहन या यात्रा नहीं करेगा।"

बालासोर एसपी सागरिका नाथ ने कहा, "बालासोर नगर पालिका क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान और दुकानें बंद रहेंगी।" एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, "संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस व्यवस्था की गई है और स्थिति नियंत्रण में आ रही है, हालांकि कल कुछ स्थानों पर छिटपुट हिंसा की खबरें आई थीं।व्यावसायिक बंद बालासोर एसपी सागरिका नाथ ने पुष्टि की कि नगर पालिका के भीतर सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान और दुकानें बंद हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी गई है और अधिकारियों ने बताया कि हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बावजूद स्थिति धीरे-धीरे नियंत्रण में आ रही है।

आवश्यकता है
JOB VACANCY
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
स्वतंत्र प्रभात
खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें
9511151254
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com

## संक्षिप्त ख़बरें

### तालाब में नहाते समय गहरे पानी में डूब कर बच्चे की हुई मौत

### दुर्घटना/हादसा

**मांडा, प्रयागराज।** दिघिया चौकी अंतर्गत बरहा कलां में घर से दोस्तो के साथ तालाब में नहाते समय गहरे पानी में चले जाने से एक किशोर की डूब कर मौत हो गई।


बरहा कलां निवासी कार्तिकेय यादव (13) पिता फूल चंद्र यादव ने दोस्तो के साथ गांव के तालाब में नहा रहे थे नहाते नहाते गहरे पानी में चले गए जब डूबने लगे तब बच्चो ने शोर गुल मचाया लेकिन जब गांव के लोग पहुंचे तब तक ढूढने में दस मिनट लग गया तब तक समय ज्यादा बीत जाने से मृत्य हो चुकी थी गांव के विजय कांत ने गहरे पानी से बाहर निकाला जब घर वालो को पता चला तो माता प्रेम कली पिता फूल चंद्र बहन राधा रोते बिलखते रहे घर में कोहराम मचा रहा मृतक दो भाई और एक बहन थे तीसरे नंबर के थे।

### भट्ठा मजदूर से निकला रेलवे फाटक के पास मिला शव



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में रेलवे फाटक के बगल में तीन दिन पहले एक ब्यक्ति का अज्ञात शव मिला था जिसको पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था उस समय शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी तीन दिन बाद मृतक की शिनाख्त बंसी उम्र 32 वर्ष पुत्र सदरी उर्फ छोटका सरोज निवासी विदनपुर थाना कोखराज के रूप में हुई है मृतक बंशी क्षेत्र के तारिक ईट भट्ठा में अपनी पत्नी के साथ मजदूरी करता था उसकी पत्नी अभी भी उसी भट्टे में काम कर रही हैं भट्ठा मजदूर 3 दिन पहले गायब हो गया था मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी लेकिन कहीं सुराग नहीं लग रहा था अज्ञात लाश मिलने के बाद भी कुछ जानकारी नहीं मिल रही थी तीन दिन बाद युवक के शव की शिनाख्त हुई है युवक की मौत कैसे हुई यह रहस्य अभी बना हुआ है।

### पुरैनी चायल रोड पर स्थित श्रीमती गुड्डी देवी फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पम्प का हुआ उद्घाटन



**कौशाम्बी।** जनपद में पिपरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरैनी चायल रोड पर स्थित श्रीमती गुड्डी देवी फिलिंग स्टेशन इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप का उद्घाटन मंगलवार 18 जून को संस्थापक राम बदन सिंह ने फीता काटकर किया।पेट्रोल पंप का संचालन शैलेष सिंह द्वारा किया जा रहा है। पेट्रोल पंप के प्रोप्राइटर अखिलेश सिंह है।इस दौरान राम बदन सिंह ने कहा कि इस पेट्रोल पंप के चालू होने से आस-पास के किसानों के साथ राहगीरों को डीजल, पेट्रोल लेने में अब सहूलियत होगी।

श्रीमती गुड्डी देवी फिलिंग स्टेशन के उद्घाटन कार्यक्रम में सबसे पहले विधि विधान से पूजन और हवन यज्ञ का कार्यक्रम हुआ।उसके बाद पेट्रोल पंप के संस्थापक राम बदन सिंह द्वारा नारियल तोड़ कर और फीता काट कर पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में आए लोगो के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। जलपान के बाद आएं अतिथियों ने पेट्रोल पंप से पेट्रोल भराकर शुभारंभ किया।

उद्घाटन समारोह में दयाराम पासी पूर्व विधायक, जन्मेजय सिंह ग्राम प्रधान विलासपुर, मैदान सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष चायल, समर सिंह, जिए सिंह, मान सिंह, विजय सिंह प्रोप्राइटर साईराज फिलिंग स्टेशन चलौली चायल, प्रवीण सिंह*, आलोक सिंह, एसबीआई प्रबन्धक मनौरी विजय कुमार सिंह, सौरभ सिंह, विनय पटेल, धीरज त्रिपाठी प्रबन्धक बैंक ऑफ बड़ौदा, विपिन त्रिपाठी, आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।